CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम: 08°C

लखनऊ, बुधवार 28 जनवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 83 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



गणतंत्र दिवस परेड में विपक्ष को अपमानित किया गयाः खड़गे
पेज 2



पाकिस्तान के टी-20 विश्वकप में खेलने पर अंतिम फैसला 2 फरवरी तक
खेल टाइम्स



सनातन, संत, सत्ता और संग्राम
सम्पादकीय




न्यूजीलैंड के खिलाफ 4-0 की बढ़त पर भारत की नजरें
खेल टाइम्स

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने पेड़ों की कटाई में हस्तक्षेप से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अहमदाबाद में रिवरफ्रंट विकास परियोजना के दूसरे चरण के लिए पेड़ों की कटाई में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ अहमदाबाद के हंसोल गांव के एक निवासी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें परियोजना के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई पर चिंता जताई गई थी। न्यायालय ने राहत देने से इन्कार करते हुए कहा कि जो पेड़ काटे गए वे मुख्य रूप से जंगली झाड़ियां और स्वत: उगने वाले पेड़ थे, जिन्हें दोबारा उगने में अधिक प्रयास की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि विकास और पर्यावरण को साथ-साथ चलना होगा।

### रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से सोचें वैज्ञानिक : राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैज्ञानिकों से तेजी से बदल रही प्रौद्योगिकी के साथ तारतम्य बनाने का आह्वान करते हुए कहा है कि उन्हें 'सर्वाइवल ऑफ द फास्टेस्ट' के सिद्धांत यानी जो तेजी से सोचता है, निर्णय लेता है और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करता है वही आगे रहता है पर चलना होगा। स्वदेशी प्रौद्योगिकी के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि स्वदेशी प्रणालियां भारत की संचालन तैयारियों को सशक्त बना रही हैं। श्री सिंह ने गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में भाग लेने वाले रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिकों तथा तकनीकी कर्मियों से मंगलवार को यहां मुलाकात की।

### मनरेगा को बर्बाद कर सरकार का मकसद मज़दूरों को ग़ुलाम बनाना है : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना-मनरेगा को सोच समझकर खत्म किया है और इस योजना को बर्बाद करने का उनका मकसद मजदूरों को गुलाम बनाना है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार का मनरेगा को बर्बाद करने का मकसद गरीब श्रमिकों को बर्बाद करना है। इस तरह की पहल कर सरकार मज़दूरों को ग़ुलाम बनाने की कोशिश कर रही है।

### बजट की तैयारियों का अंतिम चरण शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट की तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण का प्रतीक 'हलवा' समारोह मंगलवार को यहां नॉर्थ ब्लॉक के बजट प्रेस में आयोजित किया गया। केंद्रीय बजट 2026-27 के अंतिम चरण के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पारंपरिक 'हलवा समारोह' का मतलब है कि बजट तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।

# यूजीसी के नए नियम के खिलाफ याचिका दायर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में हाल ही में अधिसूचित 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना) विनियम, 2026' के नियम 3(सी) को चुनौती दी गई है।

याचिका में तर्क दिया गया है कि इस प्रावधान के तहत 'जाति-आधारित भेदभाव' की परिभाषा गैर-समावेशी है। नियम 3(सी) 'जाति-आधारित भेदभाव' को केवल 'अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सदस्यों के विरुद्ध जाति या जनजाति के आधार पर होने वाले भेदभाव के रूप में परिभाषित करता है। याचिकाकर्ता विनीत जिंदल ने आरोप लगाया है कि यह प्रावधान संस्थागत सुरक्षा और शिकायत निवारण तंत्र को विशेष रूप से केवल एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों तक सीमित करता है। इस प्रकार, यह अन्य जाति समूहों के उन व्यक्तियों को बाहर कर देता है, जिन्हें जाति के आधार पर भेदभाव का सामना करना पड़ सकता है। याचिका में दावा किया गया है कि यह नियम अपने वर्तमान स्वरूप में गैर-एससी/एसटी/ओबीसी व्यक्तियों को शिकायत निवारण और संस्थागत सुरक्षा उपायों तक पहुंच से वंचित करता है।

**■ सुप्रीम कोर्ट में दी उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना विनियम, 2026' के नियम 3 (सी) को चुनौती**



## यूपी गैंगस्टर एक्ट और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों में टकराव पर उप्र सरकार तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) की धारा 111 (संगठित अपराध) के बीच कथित संवैधानिक असंगति के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब तलब किया है न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपी कई व्यक्तियों द्वारा दायर रिट याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई कर रही थी।

22 जनवरी को मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी, सिद्धार्थ दवे, विनय नवारे, अमित कुमार और संजय कुमार पाठक ने राज्य के कानून और हाल में लागू केंद्रीय कानून के बीच संवैधानिक टकराव का मुद्दा उठाया था। याचिकाओं में यूपी गैंगस्टर एक्ट की धारा 3 (दंड), धारा 12 (विशेष न्यायालयों द्वारा मुकदमे की प्राथमिकता), धारा 14 (संपत्ति की कुर्की), धारा 15 (संपत्ति की सुपुर्दगी), धारा 16 (संपत्ति अर्जन के स्वरूप की जांच) और धारा 17 (जांच के बाद आदेश) को चुनौती दी गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) नियम, 2021 की कुछ धाराओं-नियम 16 (3), 22, 35, 37(3) और 40 को भी असंवैधानिक बताया गया है।

### पश्चिम बंगाल में दो गोदामों में आग आठ की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में दो गोदामों में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई। कई मजदूर लापता हैं। पुलिस के मुताबिक आग सुबह करीब 3 बजे लगी। दमकल की 12 गाड़ियों ने करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 10 बजे आग पर काबू पाया। हालांकि गोदाम के कुछ हिस्सों में देर शाम तक धुआं और आग की लगी रही। शाम करीब 5 बजे तीन शव मिले। बाद में तलाशी के दौरान पांच और शव बरामद किए गए। बारुईपुर पुलिस जिला एसपी शुभेंदु कुमार ने बताया कि सभी शव इतनी बुरी तरह झुलसे हैं कि पहचान संभव नहीं है।

# दुनिया में दो अरब आबादी का सबसे बड़ा साझा बाजार बनेगा

## भारत-ईयू मुक्त व्यापार संधि की घोषणा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोप के 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) ने मंगलवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार संधि की घोषणा की, जिससे दुनिया में दो अरब लोगों की संयुक्त आबादी का अब तक का सबसे बड़ा साझा मुक्त बाजार बनेगा। इस समझौते के तहत 99 प्रतिशत भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर यूरोपीय संघ के देशों में प्रवेश मिलेगा।

आधुनिक वैश्विक व्यापार व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने वाली अमेरिका जैसे कुछ प्रमुख देशों की हाल की एकतरफा कार्रवाइयों के भारी दबाव के बीच भारत और ईयू के बीच इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने राजधानी में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की। इस दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यूरोपीय आयोग के व्यापार आयुक्त मार्कोस सेफकोविच के साथ समझौते के संपन्न होने की घोषणा संबंधी दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां हैदराबाद हाउस में यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन के साथ 16वें भारत- ईयू शिखर सम्मेलन के बाद संयुक्त वक्तव्य में इस समझौते की जानकारी देते हुए कहा कि आज भारत ने अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया है। आज 27 तारीख है और यह सुखद संयोग है कि आज ही के दिन यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ भारत ये मुक्त व्यापार समझौता कर रहा है। यह सिर्फ व्यापार समझौता नहीं है।



**■ समझौते के तहत 99 प्रतिशत भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर यूरोपीय संघ के देशों में प्रवेश मिलेगा**

**■ उथल-पुथल मचाने वाली कुछ प्रमुख देशों की एकतरफा कार्रवाइयों के भारी दबाव के बीच ऐतिहासिक समझौता**

### लेएन और कोस्टा की भारत यात्रा ऐतिहासिक क्षण : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा के गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि बनने तथा भारत के साथ मंगलवार को हुए समझौतों के समय उनकी मौजूदगी ऐतिहासिक अवसर है। श्री मोदी ने मंगलवार को यहां हैदराबाद हाउस में दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों के दस्तावेजों के आदान प्रदान के बाद कहा कि यूरोपीय संघ के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा की भारत में यह मौजूदगी ऐतिहासिक क्षण है।

### यह केवल शुरुआत है, द्विपक्षी रणनीतिक संबंध और मजबूत होंगे: ईयू प्रमुख

**नई दिल्ली।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते को एक नए इतिहास की शुरुआत करार देते हुए कहा है कि दोनों पक्ष अपने रणनीतिक संबंधों को भविष्य में और मजबूत बनाएंगे। उन्होंने पीएम मोदी द्वारा मंगलवार को इस समझौते की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारत और यूरोप आज इतिहास बना रहे हैं।

# यूजीसी के नए नियमों का कड़ा विरोध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देशभर में जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स और सवर्ण जाति के लोगों का यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के नए नियमों को लेकर विरोध तेज हो गया है। नई दिल्ली में यूजीसी हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रदर्शनकारियों को कैंपस के अंदर घुसने से रोकने के लिए बड़ी संख्या में बैरिकेड्स लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश के लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज और सीतापुर में छात्रों, युवाओं और कई संगठनों ने जगह-जगह प्रदर्शनों में हिस्सा लिया।

रायबरेली में भाजपा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह और गौरक्षा दल के अध्यक्ष महेंद्र पांडेय ने सवर्ण सांसदों को चूड़ियां भेजी हैं। यूपी में बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने नए नियमों के विरोध में इस्तीफा दे दिया है। यूजीसी के नए नियमों को लेकर कुमार विश्वास ने तंज कसा। सोशल मीडिया पर लिखा कि चाहे तिल लो या ताड़ लो राजा, राई लो या पहाड़ लो राजा, मैं अभागा 'सवर्ण' हूं... मेरा रोंया-रोंया उखाड़ लो राजा। लखनऊ यूनिवर्सिटी के छात्रों ने यूजीसी के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। यूजीसी ने 13 जनवरी को अपने नए नियमों को नोटिफाई किया था। इसका नाम है- प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीटड्यूशन रेगुलेशन्स, 2026।श इसके तहत कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए विशेष समितियां, हेल्पलाइन और मानिटरिंग टीमें बनाने के निर्देश दिए हैं। ये टीमें खासतौर पर एसी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतों को देखेंगी। सरकार का कहना है कि ये बदलाव उच्च शिक्षा संस्थानों में निष्पक्षता और जवाबदेही लाने के लिए किए गए हैं। हालांकि नियमों को जनरल कैटेगरी के खिलाफ बताकर विरोध हो रहा है। आलोचकों का कहना है कि सवर्ण छात्र 'स्वाभाविक अपराधी' बना दिए गए हैं।




**■ यूजीसी हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ाई, बैरिकेड्स लगाए गए**

**■ उप्र में सवर्ण सांसदों को चूड़ियां भेजीं**

## किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों पर हो रहे विवादों पर कहा है कि किसी के साथ भेदभाव या अत्याचार नहीं होने देंगे।

श्री प्रधान ने यूजीसी के नए नियम 'उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को प्रोत्साहित करने के नियम-2026' पर उठे विवादों पर मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि किसी के साथ भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भेदभाव के नाम पर किसी को इसका दुरुपयोग करने नहीं दिया जाएगा। इस मामले में जो भी व्यवस्था होगी वह संविधान के दायरे में होगी। यूजीसी को लेकर जो व्यवस्था आई है वह सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में है। उल्लेखनीय है कि देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को जड़ से मिटाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 13 जनवरी को नई नियमावली लागू की है।

### सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार: रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार नियम प्रक्रियाओं के तहत काम करती है और वह सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। श्री रिजिजू र्न कहा कि बजट सत्र में हर चर्चा बजट पर ही केंद्रित होना चाहिए यह नियम कहता है। बजट सत्र में सबसे पहले राष्ट्रपति का अभिभाषण होता है उसके बाद अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की जाती है।

# हवाएं चलीं, ओले भी गिरे, दिल्ली-एनसीआर में बढ़ी ठंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में बर्फबारी जारी है। स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण उत्तर-पश्चिमी राज्यों पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत अन्य राज्यों में बारिश के साथ ओले गिर रहे हैं। साथ ही 30-60 किमी की रफ्तार से हवा भी चल रही है।

हिमाचल के मंडी में केओली पंचायत में 3-4 फीट तक जमी बर्फ के बीच दूल्हा-दुल्हन 7 किलोमीटर पैदल चलकर घर पहुंचे। पहले दूल्हा पैदल चलकर ससुराल पहुंचा था। शादी के बाद उसी रास्ते से दुल्हन को साथ लेकर लौटा। इधर, उत्तर प्रदेश में आगरा समेत 7 जिलों में तेज बारिश हुई, जो रुक-रुककर जारी है। बागपत में बारिश के अलावा ओले भी गिरे। 10 से ज्यादा शहरों में 30 किमी की रफ्तार से हवा भी चल रही है। मध्य प्रदेश के 5 जिलों में मंगलवार को बारिश हुई। 28 जिलों में बारिश का अलर्ट है। वहीं राजस्थान के कई जिलों में ओले गिरे। जयपुर समेत कई जिलों में बारिश जारी है। बिजली गिरने से सीकर में महिला और कोटा में एक युवक की मौत हो गई। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश हुई है। इसके अलावा दिल्ली में तेज बारिश का रेड अलर्ट है। वहीं उत्तर भारत को प्रभावित कर रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में ठंड का असर और बढ़ गया। सुबह से दिल्ली के कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई, जिसके रुक-रुक कर दिन भर होने के आसार हैं। इससे राजधानी में सर्दी और बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार, सफदरजंग में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पालम में यह 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा। बादलों और ठंडी हवाओं के कारण सुबह के समय ठंड का एहसास अधिक रहा। मौसम विभाग ने बताया कि 26 से 28 जनवरी के बीच एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा, जिससे व्यापक बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं। सत्ताइस जनवरी को कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी, वर्षा और ओलावृष्टि भी हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। इन क्षेत्रों में 27 जनवरी को कहीं-कहीं भारी वर्षा या हिमपात भी हो सकता है। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों में 27 जनवरी को गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और 40-50 किमी प्रति घंटे, कुछ समय के लिए 60 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों, जिनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान शामिल हैं, में हल्की से मध्यम बारिश के साथ आंधी-तूफान आने का अनुमान है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 28 जनवरी को बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि 30 जनवरी की रात से एक और पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है, जिससे एक और बारिश का दौर आ सकता है।



**■ राजस्थान में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत**

**■ पश्चिमी विक्षोभ के असर से ठंड में हुआ इजाफा**

# नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री निलंबित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली के नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को सरकार ने अनुशासनहीनता के आरोप में सोमवार देर रात निलंबित कर दिया है। उन्हें जिलाधिकारी शामली कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है, जबकि जांच अधिकारी कमिश्नर बरेली भूपेंद्र एस. चौधरी बनाए गए हैं।

उत्तर-प्रदेश शासन नियुक्ति अनुभाग 7 से जारी आदेश में कहा गया है कि अलंकार अग्निहोत्री ने प्रथम दृष्ट्या अनुशासनहीनता की है, जिसके चलते तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस पर बरेली सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने अपने पद से इस्तीफा देकर प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में भूचाल ला दिया था। अपने तीखे और भावनात्मक वक्तव्य में उन्होंने न केवल तंत्र पर गंभीर आरोप लगाए, बल्कि ब्राह्मण समाज कथित अपमान, प्रयागराज माघ मेला घटना और यूजीसी रेगुलेशंस 2026 को लेकर केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब वे स्वयं पद छोड़ रहे हैं, तो यह उनके (ब्राह्मण) समाज के जनप्रतिनिधियों के लिए भी आत्ममंथन का समय है।

**■ शामली से किया संबद्ध, जांच अधिकारी कमिश्नर बरेली भूपेंद्र एस. चौधरी बनाए गए**

## संक्षिप्त समाचार

### अविमुक्तश्वरानंद के समर्थन में साधु संतों ने शुरू की धूनी साधना

**प्रयागराज।** प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के अनशन के समर्थन में मंगलवार को साधु संतों ने एक अनूठी साधना शुरू कर दी है। महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा की अगुवाई में बड़ी संख्या में संतों ने शिविर के सामने धूनी साधना शुरू कर दिया है। वैष्णव संत वसंत पंचमी से गंगा दशहरा तक अपने चारों तरफ आग जलाकर कठिन तपस्या करते हैं, इसे ही धूनी तापना कहते हैं और इससे संत शरीर की ताप सहने की क्षमता बढ़ाते हैं, धूनी तापकर संतों ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का समर्थन किया। पिछले दस दिनों से त्रिवेणी मार्ग स्थित शिविर के बाहर पालकी पर बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद मेला प्रशासन से ससम्मान गंगा स्नान कराने की मांग कर रहे है। गौरतलब है कि मौनी अमावस्या पर पालकी के साथ स्नान करने संगम नोज जा रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को मेला प्रशासन ने रोका था। प्रशासन ने संगम नोज पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का हवाला देते हुए पैदल जाने का अनुरोध किया था।

### कफ सिरप मामले में शुभम का करीबी विकास नर्वे गिरफ्तार

**वाराणसी।** कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी मामले में मुख्य सरगना शुभम जायसवाल के सबसे करीबी सहयोगी विकास सिंह नर्वे को वाराणसी पुलिस और स्पेशल जांच टीम (एसआईटी) ने सिद्धार्थनगर जिले में नेपाल बॉर्डर के निकट से गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) सरवणन टी. ने बताया कि नर्वे को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह नेपाल भागने की फिराक में था। गिरफ्तारी के बाद विकास सिंह को वाराणसी लाया जा रहा है।

# पंचायत चुनाव टलने पर वर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाने की मांग

**लखनऊ, वार्ता**

ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पाण्डेय ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि यदि किसी कारणवश ग्राम पंचायत चुनावों की तिथि आगे बढ़ाई जाती है, तो राजस्थान सरकार की तर्ज पर वर्तमान ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किया जाए।

मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि यदि राज्य सरकार समय पर पंचायत चुनाव कराती है, तो संगठन इसका स्वागत करेगा। लेकिन अपरिहार्य परिस्थितियों में चुनाव टलने की स्थिति में ग्राम स्तर पर विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए यह व्यवस्था आवश्यक है। कौशल किशोर पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान में ग्राम पंचायतों के माध्यम से अनेक जनकल्याण कारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। यदि प्रशासकीय व्यवस्था में रिक्तता आती है, तो ग्रामीण विकास प्रभावित हो सकता है। ऐसे में मौजूदा ग्राम प्रधानों को अस्थाई प्रशासक बनाए जाने से गांवों में चल रहे विकास कार्य बाधित नहीं होंगे और जनता को आवश्यक सेवाएं मिलती रहेंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेगी। संगठन ने यह भी अनुरोध किया है कि इस संबंध में की गई कार्यवाही से उन्हें अवगत कराया जाए।

# गणतंत्र दिवस परेड में विपक्ष को अपमानित किया गया: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा तथा लोकसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया: कांग्रेस अध्यक्ष

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार जानबूझकर विपक्ष को अपमानित करने का काम करती है और इसी का परिणाम है कि गणतंत्र दिवस परेड के दौरान संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा तथा लोकसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया।

खड़गे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मंगलवार को लिखा कि सरकार ने संविधान, कांग्रेस, विपक्ष और उनका अपमान किया है। ऐसा क्यों किया गया, इस बात का सरकार से उन्हें जवाब चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि संविधान का अपमान करने वाले लोग, दो विपक्ष के नेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान तीसरी पंक्ति में बैठाते हैं। ये सरासर गलत है, जानबूझकर विपक्ष और कांग्रेस का अपमान किया जा रहा है। खड़गे ने कहा कि मैं सीनियर मोस्ट लीडर हूं। मेरे और राहुल गांधी जी के पास कैबिनेट रैंक है, लेकिन हमें गणतंत्र दिवस समारोह में तीसरी लाइन में बैठा दिया गया, जहां स्टेट मिनिस्टर और बच्चे बैठे थे। इतना ही नहीं, हमने अपने सेक्रेटरी को भेजकर जगह तलाश की, उनके जरिए पास का इंतजाम किया। राष्ट्रपति भवन के एक कार्यक्रम संबंधी विवाद पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन में स्वागत के दौरान गांधी ने पारंपरिक उत्तर-पूर्वी पटका पहन लिया था, वहीं जब हम खाने के लिए बैठे, तो उन्होंने पटका मोड़कर रख लिया। असलियत में भाजपा ये सिर्फ चुनाव के लिए कर रही है। भाजपा की हमेशा किसी न किसी बहाने से कांग्रेस और राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश रहती है। उसके सारे आरोप गलत हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने नॉर्थ ईस्ट से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकाली, वहीं नरेन्द्र मोदी मणिपुर जाने से भी डरते रहे। ऐसे में भाजपा के लोगों को गांधी और कांग्रेस पर आरोप लगाने का कोई हक नहीं है। मैं इसकी निदा करता हूं। भाजपा सिर्फ फिजूल का मुद्दा बना रही है।

### विपक्षी का सरकार पर विधायी एजेंडा देने में विफल रहने का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद का बजट सत्र शुरु होने से पहले मंगलवार को यहां हुई सर्वदलीय बैठक में सरकार पर विधाई एजेंडा देने में 'विफल' रहने का आरोप लगाते हुए उसकी आलोचना की है। लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य ह्विप के. सुरेश ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि सर्वदलीय बैठक में विभिन्न नेताओं ने सरकार पर विधेयकों की रूपरेखा में विधाई एजेंडे नहीं देने के आरोप लगाए, जिसमें सरकार की तरफ से बैठक में शामिल मंत्रियों ने कहा है कि एजेंडा बाद में प्रसारित किया जाएगा। सुरेश ने कहा कि सरकार किसी विधेयक को लाने से पहलने विधेयक की प्रतियां भी समय पर उपलब्ध नहीं कराती है। गौरतलब है कि सरकार ने बजट सत्र के कल से शुरू हो रहे सत्र से पहले दोनों सदनों में कामकाज का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के मकसद से मंगलवार को यहां सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने की। बजट दो चरणों में होगा, जिसके पहले चरण में एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में बजट पेश करेंगी।

## सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को मानदेय और यात्रा सुविधा न देने पर अदालत खफा

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई बीसीआई को फटकार

**नई दिल्ली।**



■ राज्य बार काउंसिल चुनावों की निगरानी के लिए नियुक्त सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध न कराने पर सवाल उठाए

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को कड़ी फटकार लगाते हुए राज्य बार काउंसिल चुनावों की निगरानी के लिए नियुक्त सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को समुचित मानदेय और यात्रा भत्ता उपलब्ध न कराए जाने पर सवाल उठाए। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह मुद्दा वरिष्ठ अधिवक्ता वी. गिरि के मौखिक उल्लेख के बाद उठाया। गिरि सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त निगरानी समिति के सदस्य हैं। गिरि ने पीठ को बताया कि उच्चाधिकार प्राप्त निगरानी समितियों के सदस्यों को दिया जाने वाला मानदेय उनकी गरिमा और पद के अनुरूप होना चाहिए, क्योंकि इनमें कई पूर्व मुख्य न्यायाधीश और उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब यह विषय बीसीआई के समक्ष रखा गया, तो परिषद ने जवाब दिया कि ऐसा भुगतान 'बहुत अधिक' होगा और व्यवहा. रिक नहीं है। गिरि ने अदालत से हस्तक्षेप की मांग करते हुए आग्रह किया कि या तो इस संबंध में उचित निर्देश दिए जाएं, या फिर न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सुधांशु धूलिया को आवश्यक कदम उठाने के लिए अधिकृत किया जाए। उन्होंने इस संदर्भ में बीसीआई द्वारा न्यायमूर्ति धूलिया को भेजे गए जवाब को भी पीठ के समक्ष रखा। इसके अलावा गिरि ने यह भी बताया कि बीसीआई ने राजस्थान बार काउंसिल चुनावों के लिए एक अलग समिति गठित कर दी है, यह कहते हुए कि सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट के 18 नवम्बर 2024 के आदेश में राजस्थान का उल्लेख नहीं था। उन्होंने दलील दी कि यह कदम अदालत के निर्देशों की भावना और मंशा दोनों के विपरीत है और बताया कि उक्त समिति पहले ही चुनावों की अधिसूचना जारी कर चुकी है। पीठ ने बीसीआई के इस रुख पर सवाल उठाते हुए उसके वकील से पूछा कि राजस्थान को आदेश से बाहर क्यों रखा गया और अदालत को सूचित किए बिना अलग समिति क्यों बनाई गई। सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट ने बीसीआई को निर्देश दिया कि वह अगले दिन तक इस पर स्पष्टीकरण दे। पीठ ने समिति के सदस्यों को यात्रा भत्ता न दिए जाने पर भी कड़ी नाराजगी जताई। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, आपने चुनाव शुल्क यह कहकर तय किया कि उससे चुनाव कराने के लिए पर्याप्त धन जुटेगा। अब आप सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से कह रहे हैं कि आप उन्हें मानदेय या यात्रा भत्ता नहीं दे सकते। वे क्या करें? क्या उनके पास अपना विमान है? गिरि ने आगे बताया कि समिति के सदस्यों को यात्रा की बुकिंग अपने खर्च पर करनी पड़ रही है और उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं पूर्व उच्च न्यायालय न्यायाधीशों और विशेष रूप से पूर्व मुख्य न्यायाधीशों के अनुरूप नहीं हैं।

### महाकालेश्वर मंदिर में वीआईपी दर्शन व्यवस्था में दखल से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में 'वीआईपी दर्शन' की व्यवस्था को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को हस्तक्षेप करने से इन्कार करते हुए कहा कि यह विषय न्यायिक निर्णय के दायरे में नहीं आता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ याचिकाकर्ता दर्पण अवस्थी की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने मंदिर में कथित 'वीआईपी' को गर्भगृह में जलाभिषेक की अनुमति और आम श्रद्धालुओं पर पाबंदी को लेकर उच्च न्यायालय में उठाया था। सुप्रीम कोर्ट की अनिच्छा के बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे पीठ ने स्वीकार कर लिया।

# संविधान को अपने से नीचे समझना ठीक नहीं: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि सत्ता के अहंकार में डूबी भाजपा संविधान को अपने से नीचे समझने की भूल कर रही है, जो लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है। उन्होंने कहा कि जनता आज यह सवाल कर रही है कि जब अपने ऊपर दर्ज मुकदमे हटवाए गए, तब संविधान के किस अनुच्छेद के तहत यह कार्य किया गया।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि कुछ लोग लगातार मंचों से 'सनातनी संतों' का तिरस्कार कर रहे हैं और अपमानजनक उपमाओं का प्रयोग कर समाज में वैमनस्य फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि माघ मेले जैसे पवित्र आयोजन में भी नकारात्मक 'बुलडोजरी सोच' के समर्थन में नारे लगवाकर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया, जबकि उपद्रव करने वालों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज नहीं किए जा रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि सत्ताकामी भाजपा का धर्म-विरोधी चेहरा अब पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। जो नुकसान होना था, वह हो चुका है और अब मजबूरी में मांगी गई माफी का कोई महत्व नहीं रह जाता। उन्होंने स्पष्ट किया कि माफी वही मायने रखती है, जो दिल से मांगी जाए। अखिलेश यादव ने शासनाधीशों को आगाह करते हुए कहा कि हठ हमेशा विनाश की ओर ले जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का विचार, वक्तव्य और व्यवहार लगातार असंवैधानिक रहा है। सत्ता के नशे में चूर संविधान-विरोधी भाजपा अब जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है।



सेंसेक्स 81857.48
निफ्टी 25175.40



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# बड़े उतार-चढ़ाव के बाद हरे निशान में बंद हुए शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को काफी उतार-चढ़ाव देखा गया और शुरुआती गिरावट से उबरते हुए प्रमुख सूचकांक अंततः हरे निशान में बंद हुए। यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) की घोषणा के बाद बाजार में निवेश धारणा को समर्थन मिला। दोनों पक्षों के बीच एफटीए पर वार्ता का समापन हो गया है।

इसमें 99 प्रतिशत भारतीय वस्तुओं को यूरोपीय संघ के देशों में प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश देने की बात कही गई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 319.78 अंक (0.39 प्रतिशत) चढ़कर 81,857.48 अंक पर बंद हुआ। बीच कारोबार में इसमें करीब 996 अंक का उतार.चढ़ाव देखा गया। यह नीचे 81,088.59 अंक और ऊपर 82,084.92 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 126.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,175.40 अंक पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में रही तेजी से भी शेयर बाजार को समर्थन मिला। रुपया फिलहाल 27 पैसे की बढ़त में 91.63 रुपये प्रति डॉलर पर है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.71 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.82 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। धातु, बैंकिंग, आईटी और वित्तीय क्षेत्रों की कंपनियों में लिवाली ज्यादा देखी गई। ऑटो, एफएमसीजी, मीडिया और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत चढ़ा। एक्सिस बैंक का शेयर भी चार प्रतिशत से अधिक चढ़ा। टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी और भारतीय स्टेट बैंक में दो से तीन प्रतिशत तक की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल, इंडिगो, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। ट्रेंट, इंफोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर भी हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर तीन फीसदी से अधिक टूटा। कमजोरी तिमाही परिणाम से एशियन पेंट्स में लगभग तीन फीसदी की गिरावट रही। इटरनल, मारुति सुजुकी, आईटीसी, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे। टाइटन और हिंदुस्तान यूनीलिवर में भी गिरावट रही।

# निजीकरण के विरोध में बिजली इंजीनियरों ने दी देशव्यापी हड़ताल की चेतावनी

**लखनऊ।** बिजली क्षेत्र के निजीकरण और विद्युत संशोधन विधेयक-2025 के विरोध में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल का नोटिस केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को सौंपा है।

एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि सार्वजनिक बिजली क्षेत्र को कमजोर करने वाली नीतियों के खिलाफ बिजली कर्मियों में गहरा असंतोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संसद के बजट सत्र में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल-2025 पेश किया गया, तो देशभर में तात्कालिक 'लाइटनिंग एक्शन' शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संशोधन बिल और राष्ट्रीय विद्युत नीति-2026 सस्ती बिजली, सार्वजनिक स्वामित्व, संघीय ढांचे और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा के लिए घातक हैं। फेडरेशन ने मल्टी-लाइसें. सिंग, स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग, पीपीपी मॉडल और ठेकेदारीकरण का विरोध करते हुए इसे बिजली व्यवस्था को अस्थिर करने वाला बताया। एआईपीईएफ ने सरकार से बिल वापस लेने, निजीकरण पर पूर्ण विराम लगाने, संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, रिक्त पदों पर भर्ती और पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग की है। फेडरेशन ने कहा कि यदि सरकार ने संवाद नहीं किया तो बिजली आपूर्ति में किसी भी व्यवधान की जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# एयरबस के भारतीय हेलीकॉप्टर संयंत्र का उद्घाटन 'आने वाले सप्ताहों में'

**नई दिल्ली, वार्ता**

विमान एवं हेलीकॉप्टर बनाने वाली दुनिया की अग्रणी कंपनी एयरबस के कर्नाटक में बन रहे एच125 हेलीकॉप्टर संयंत्र का उद्घाटन फरवरी-मार्च में संभव है। फ्रांस की कंपनी एयरबस ने सोमवार को साल 2025 के प्रदर्शन की मुख्य बातें साझा करते हुए यह जानकारी दी।

कंपनी ने बताया कि अपनी विस्तार योजना के तहत वह कर्नाटक के वेमागल में एच125 हेलीकॉप्टर के लिए फाइनल असेम्बली लाइन लगा रही है। इसके लिए साल 2025 में काम शुरू हुआ था। कंपनी ने अपने बयान में कहा है, आने वाले सप्ताहों में उद्घाटन इसका उद्घाटन किया जाना है। यह एच125 हेलीकॉप्टर के लिए दुनिया में एयरबस का चौथा संयंत्र होगा, जो भारतीय बाजार के प्रति एयरबस की प्रतिबद्धता और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती को दिखाता है। इस संबंध में पूछे जाने पर कंपनी के एक प्रवक्ता ने दो. हराया कि उद्घाटन के बारे में 'आने वाले सप्ताहों में' और जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि इस संयंत्र से पहले हेलीकॉप्टर की डिलिवरी साल 2027 में होने की उम्मीद है। एयरबस ने बताया है कि साल 2025 में उसे 544 हेलीकॉप्टरों के ऑर्डर मिले जो नागरिक और सैन्य दोनों क्षेत्रों से मांग में मजबूत वृद्धि दर्शाता है। पचास देशों से 205 ग्राहकों से ये ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने साल के दौरान 392 हेलीकॉप्टरों की डिलिवरी की। साथ ही ड्रोनों के ऑर्डर में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। एयरबस हेलीकॉप्टर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रूनो ईवेन ने कहा कि रक्षा एवं सुरक्षा पर कंपनी का फोकस अपने उच्चतम स्तर पर है। साथ ही ड्रोन की बढ़ रही मांग को पूरा करने में कंपनी अग्रणी है।

# अलंकार अग्निहोत्री के निलंबन से उप्र में प्रशासनिक हलचल तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री का इस्तीफा अब उत्तर प्रदेश सरकार के साथ टकराव का रूप ले चुका है।

गणतंत्र दिवस के दिन कथित तौर पर 'ब्राह्मण अस्मिता' और यूजीसी नियमों के विरोध में इस्तीफा देने वाले अग्निहोत्री को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है, जिससे प्रदेश की नौकरशाही में हलचल तेज हो गई है। निलंबन की सूचना के बाद अलंकार अग्निहोत्री ने सोमवार देर रात अपना सरकारी आवास खाली कर दिया। सूत्रों के अनुसार उनका सामान ट्रक के माध्यम से लखनऊ भेज दिया गया है। निलंबित अधिकारी को शामली जिलाधिकारी कार्यालय से संबद्ध किया गया है और निलंबन अवधि के दौरान उन्हें प्रतिदिन शामली में उपस्थित दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की जांच के लिए बरेली मंडलायुक्त को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच में अग्निहोत्री की सोशल मीडिया गतिविधियों, राजनी. तिक टिप्पणियों और सेवा आचरण नियमों के कथित उल्लंघन की समीक्षा की जा रही है। विशेष रूप से इस बात की जांच की जा रही है कि किसी सेवारत अधिकारी द्वारा किसी राजनीतिक दल विशेषकर भाजपा के बहिष्कार की अपील करना, क्या गंभीर कदाचार या देशद्रोह की श्रेणी में आता है।

सूत्रों के मुताबिक यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो अलंकार अग्निहोत्री को सेवा से बर्खास्त भी किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि विवादित मामलों में सरकार अक्सर औपचारिक जांच पूरी होने तक अधिकारी का इस्तीफा स्वीकार नहीं करती, जिससे संबंधित अधिकारी न तो सक्रिय सेवा में रहता है और न ही पूरी तरह सेवा मुक्त हो पाता है। इस बीच शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा दिए गए कथित 'बड़े प्रस्ताव' और कई ब्राह्मण संगठनों के समर्थन ने अटकलों को और हवा दे दी है कि अलंकार अग्निहोत्री भविष्य में सामाजिक या धार्मिक भूमिका में उभर सकते हैं। उनके 'त्याग' के नैरेटिव को समाज के एक वर्ग का समर्थन मिलता दिख रहा है। निलंबन और सरकारी आवास खाली किए जाने के बावजूद अग्निहोत्री अपने रुख पर अडिग बताए जा रहे हैं। उनसे जुड़े लोगों के अनुसार उनका कहना है कि चूंकि उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया है, इसलिए निलंबन से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कथित तौर पर कहा है कि वे अपने 'मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत' की रक्षा के लिए हर परिणाम भुगतने को तैयार हैं।

# आर्थिक विकास के सरकार के आंकड़े जमीनी हकीकत के विपरीत: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि सरकार आर्थिक विकास को लेकर जो आंकड़े पेश करती रही है वह जमीनी हकीकत के विपरीत है और खुद उसके आर्थिक सलाहकार का कहना है कि सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी का आंकड़ा ढाई प्रतिशत ज्यादा बताया गया है।

पार्टी ने कहा है कि देश में बेरोजगारी का आंकड़ा बढ़ रहा है, जिन गरीब, युवा, महिलाओं और किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे बड़ी जातियां बताया था और विकास प्रक्रिया में उन्हें प्राथमिकताएं देने का दावा किया था लेकिन उनकी बेहतरी की कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई है। कांग्रेस रिसर्च विभाग के चेयरमैन राजीव गौड़ा तथा रिसर्च और मॉनिटरिंग विभाग के प्रमुख अमिताभ दुबे ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार जीडीपी के जो आंकड़े देश के सामने पेश कर रही है, वह जमीनी सच्चाई से बहुत दूर है। सरकार की गत जुलाई से सितम्बर में जीडीपी की विकास दर 8.3 प्रतितश थी और महंगाई दर 0.5 प्रतिशत बताई, लेकिन सवाल है कि देश में ऐसा कौन सा परिवार होगा, जिसका बजट सालाना 0.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। अगर ए आंकड़े सही हैं, तो इसका मतलब है कि सरकार ने मंहगाई को खत्म कर दिया है। वास्तविक स्थिति बताती है कि आंकड़ों के हिसाब से जमीनी हकीकत एकदम भिन्न है। उन्होंने कहा कि विकास दर बढ़ने की बात हो रही है, लेकिन रूपया एशिया की सबसे खराब करेंसी बन चुका है। इसका कारण ये है कि एफडीआई और पोर्टफोलियो फ्लो दोनों बाहर जा रहे हैं। नेट फ्लो नेगेटिव हो गया है। हर साल करीब पांच हजार करोड़पति देश छोड़ रहे हैं और वो अपना पैसा भी लगातार बाहर खींच रहे है। सवाल है- अगर हमारी अर्थव्यवस्था इतनी अच्छी है, तो ऐसा क्यों हो रहा है, मगर आजतक इन सवालों का जवाब नहीं मिला है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा योजना गरीबों का सबसे बड़ा सहारा थी, लेकिन इसके नियमों में जो बदलाव किए गए हैं और अब लोगों को पहले की तरह इसका लाभ नहीं मिलेगा। मनरेगा में पहले केंद्र 90 प्रतिशत पैसा देता था, लेकिन अब 60 प्रतिशत देगा। इसी तरह पहले मनरेगा हर ग्रामीण इलाके में उपलब्ध था, वो अब नहीं होगा और मनरेगा पहले डिमांड के हिसाब से चलता था, अब बजट के हिसाब से चलेगा। बड़ा बदलाव यह है कि पहले इसकी प्लानिग ग्राम सभा करती थी, लेकिन अब अफसरशाही के मुताबिक इसकी योजना बनाई जाएगी। एक तरफ देश में असमानता बढ़ रही है, पूंजीपतियों का धन बढ़ता जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ गरीबों को राहत देने के लिए जो कुछ योजनाएं चल रही थीं, उन्हें भी सरकार खत्म करने पर तुली है। युवाओं की बात करते हुए उन्होंने कहा कि इनके लिए नौकरियां कहां हैं।

### पीएमकेवीवाई की विफलता उजागर हुई

अप्रैल-सितम्बर 2025 में युवा श्रम बल की भागीदारी 42.0 प्रतिशत से गिरकर 41.3 प्रतिशत रह गई और युवा रोजगार 35.8 प्रतिशत से घटकर 35.2 प्रतिशत हो गई है। उक्त अवधि तक युवा बेरोजगारी 15 प्रतिशत तक बढ़ गई थी और शहरी इलाकों में यह 18.4 फीसदी हो गई थी।

इंटर्नशिप को उन्होंने कांग्रेस से मिला आईडिया बताया, लेकिन कहा कि गत नवम्बर के अंत तक पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत केवल 2,066 इंटर्नशिप पूरी हुई, जिनमें से केवल 95 को नौकरी के प्रस्ताव मिले। इसी तरह से भारत कौशल रिपोर्ट में केवल 54.81 प्रतिशत स्नातक रोजगार योग्य हैं। कौशल विकास के लिए कैग की रिपोर्ट पीएमकेवीवाई की कार्यप्रणाली को एक शानदार विफलता के रूप में उजागर करती है।

# घबराइए मत, हर समस्या का होगा समाधान: सीएम

## जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

**गोरखपुर ।** सोमवार देर शाम गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास करने के बाद मंगलवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों की बात ध्यान से सुनी, उनके प्रार्थना पत्र को पढ़ा। फिर आत्मीयता से बोले, 'घबराइए मत, समस्या का समाधान कराया जाएगा।' जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निराकरण कराएं।

मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद चलकर पहुंचे। अपनेपन के भाव में 'कहां से आए हैं, क्या बात है', कहते हुए

**सीएम ने अफसरों को दिए निर्देश, हर पीड़ित की समस्या का हो समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण**

एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। भरोसा दिया कि सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी परेशान होने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। हर बार की तरह जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी, सरकार भरपूर आर्थिक मदद देगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित



किया कि इलाज के लिए अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को सीएम योगी आदित्यनाथ ने खूब प्यार दुलार किया। उन्हें स्कूल जाने व पढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को मिष्ठान्न भी दिए। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। उन्होंने मंदिर की गोशाला में पहुंचकर गोसेवा की। गोशाला में सीएम योगी ने गोवंशों का नाम लेकर पुकारा। पास आने पर उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से रोटी-गुड़ खिलाया। मंदिर की गोशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहुंचने पर एक मोर भी उनके पास आ जाता है। मुख्यमंत्री इस मोर को श्पुंजश नाम से पुकारते हैं। उन्होंने मोर पर भी अपना स्नेह लुटाया। अपने हाथों से रोटी के छोटे टुकड़े कर मोर को खिलाए।

## एसडीएम प्रशासनिक को हटाए जाने को लेकर का प्रदर्शन

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** उप जिलाधिकारी प्रशासनिक अभिनव कनौजिया की कार्यप्रणाली से नाराज मुसाफिरखाना बार एसोसिएशन के वकीलों का विरोध प्रदर्शन सोमवार को भी जारी रहा।वकीलों ने अधिवक्ता संघ अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला महासचिव राजीव कुमार तिवारी की अगुआई में सोमवार को भी मुसाफिरखाना तहसील परिसर में व गेट तक हाथों में तख्तियां लेकर एसडीएम प्रशासनिक विरोधी नारे लगाकर जहां एसडीएम प्रशासनिक मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया का विरोध जताया वहीं विरोध प्रदर्शन कर वकीलों ने एसडीएम प्रशासनिक अभिनव कनौजिया के स्थानांतरण आय से अधिक सम्पत्ति की जांच व कार्यवाई की मांग की।इसके बाद वकीलों ने अधिवक्ता संघ भवन में बैठक कर आगे की रणनीति भी बनाई। गौरतलब हो कि तीस दिसम्बर से वकील एसडीएम प्रशासनिक को हटाए जाने को लेकर प्रतिदिन विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और एसडीएम प्रशासनिक को हटाए जाने की मांग कर रहे हैं।वकीलों की हड़ताल कार्य बहिष्कार व न्यायिक कार्य से विरत होने के चलते न्यायिक कार्य प्रभावित है।और वादकारी निराश होकर लौट रहे हैं।अधिवक्ता संघ अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि जब तक एसडीएम प्रशासनिक अभिनव कनौजिया का स्थानांतरण नही हो जाता है तब तक हड़ताल विरोध प्रदर्शन कार्य बहिष्कार चलता रहेगा और अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।उन्होंने यह भी बताया कि विरोध प्रदर्शन को और तेज किया जाएगा बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष के के सिंह,के के शुक्ला,सुनील श्रीवास्तव,शिव प्रताप सिंह राजन,जगतराम पाल,सतीश सिंह,संजय शुक्ला,पवन तिवारी,अखिलेश पाण्डेय,आलोक तिवारी,ललित चौबे,नवनीत,गणेश प्रसाद शुक्ला,विपिन शुक्ला,दीपक पाण्डेय,बृजेश शुक्ला,अंजनी मिश्रा,सीपी सिंह, रमानाथ तिवारी,दुर्गाशंकर तिवारी,;षभ,रमेश वर्मा,अरुण कौशल ,संजय सिंह,संतोष पाण्डेय सहित बार एसोसिएशन मुसाफिरखाना के सभी वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## यूजीसी का नया कानून सवर्ण समाज के खिलाफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूजीसी द्वारा थोपे गए काले और विभेदकारी कानून के खिलाफ सर्व ब्राह्मण समाज, उत्तर प्रदेश ने अब आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा ने सरकार को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा है कि सवर्णों के हक और हमारी परंपरागत शिक्षा व्यवस्था को कुचलने की कोई भी साजिश सफल नहीं होने दी जाएगी। यूजीसी का नया कानून सवर्ण समाज के खिलाफ एक गहरा षड्यंत्र है। अगर सरकार ने इस भेदभावपूर्ण कानून को तत्काल प्रभाव से वापस नहीं लिया, तो उत्तर प्रदेश की धरती एक ऐसे ऐतिहासिक आंदोलन की गवाह बनेगी जिसकी गूंज लखनऊ के गलियारों से लेकर दिल्ली के सिंहासन तक सुनाई देगी। यह अब केवल ब्राह्मण समाज की लड़ाई नहीं है। हम करणी सेना सहित प्रदेश के तमाम सवर्ण संगठनों और सभी जातियों को एक मंच पर लाकर इस अन्याय के विरुद्ध धर्मयुद्ध छेड़ेंगे। हमारा धैर्य हमारी कमजोरी नहीं है। हम संविधानसम्मत और लोकतांत्रिक तरीके से लड़ेंगे, लेकिन हमारा यह आंदोलन इतना प्रचंड और चरणबद्ध होगा कि सरकार को अपने आत्मघाती फैसलों पर झुकना ही होगा। यह हमारे सम्मान, हमारे अधिकारों और हमारी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का सवाल है। सवर्ण समाज अब चुप नहीं बैठेगा। हमने अपनी कमर कस ली है और अब फैसला सड़कों पर होगा। ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा।

## परिवहन विभाग का सघन चेकिंग अभियान, 66 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई

**अमेठी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग अमेठी द्वारा आज एआरटीओ महेंद्र बाबू के नेतृत्व में जनपद के मुख्य चौराहों और तिराहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ट्रैक्टर और ट्रालियों में रिफलेक्टिव टेप लगाने के साथ ही चालकों को ट्राली में सामान ढुलाई के समय सुरक्षा नियमों के पालन, लाल रंग का कपड़ा लगाने और दाएं-बाएं मुड़ने से पहले इंडीकेटर के उपयोग की जानकारी प्रदान की गई।

# दस राज्यों के कलाकारों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार किया: मुख्यमंत्री

## लोक कलाओं को पुनर्जीवित करने में लोक कलाकारों की अहम भूमिका: जयवीर सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उप्र सहित 09 राज्यों के कलाकारों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति देकर अपने-अपने प्रदेशों की लोक संस्कृति एवं पारम्परिक गीतों एवं संगीतों के माध्यम से उपस्थित समुदाय को भाव विभोर कर दिया।

तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उप्र सहित 10 राज्यों के कलाकारों ने अपने प्रदेश की समृद्ध लोक विरासत परम्पराओं, मान्यताओं तथा आस्था का परिचय देते हुए यूपी दिवस को भव्य एवं अविस्मरणीय बना दिया। गणतन्त्र दिवस पर मुख्यमंत्री के शासकीय आवास पर आयोजित कलाकार सम्मान समारोह में जम्मू एवं कश्मीर, गुजरात, मध्य प्रदेश, त्रिपुरा, अरूणाचल प्रदेश, सिक्किम, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं उप्र के कलाकारों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संवाद किया और उप्र में आने का अनुभव की जानकारी ली। संवाद के दौरान कलाकारों ने कहा उत्तर प्रदेश के विकास के विषय में सुना था आज विकास, विरासत और सम्मान से साक्षात्कार कर अभिभूत हैं। कलाकारों ने अयोध्या धाम जाकर रामलला के दर्शन का अनुरा.ेध किया। इस पर मुख्यमंत्री ने कलाकारों को अयोध्या धाम के दर्शन कराने के निर्देश दिए। सम्मान समारोह में सभी कलाकारों को ओडीओपी किट, प्रमाण पत्र आदि प्रदान कर मुख्यमंत्री ने सभी राज्यों के अतिथि कलाकारों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने एक संदेश में कहा है कि तीन दिवसीय उप्र दिवस के दौरान शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए विभिन्न राज्यों से पधारे कलाकारों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि लोक कलाओं को जीवंत बनाने में लोक कलाकारों की अहम भूमिका है। ये कलाकार लोक संगीत के एम्बेस्डर भी है। आज बहुत सी लोक कलाएं बिलुप्त के कगार पर है। मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता एवं कलाकारों के प्रति संवेदनशीलता के चलते संस्कृति विभाग द्वारा उप्र लोक संगीत आदि विधाओं को जीवंत बनाने का कार्य किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रेरणा से उप्र में ग्राम पंचायतों को वाद्ययंत्रों का सेट भी वितरित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य अपनी पारम्परिक लोकनृत्य, संगीत, नाटक एवं विभिन्न पर्वों पर गाये जाने वाले गीतों को पुनर्जीवित कर अगली पीढ़ी तक पहुंचाना है। इसके साथ ही निर्धन एवं विपन्न कलाकारों को आर्थिक सहायता भी दी जा रही है। ये कलाकार एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को धरातल पर उतारने का कार्य कर रहे हैं। लोक संगीत को जीवित बनाये रखने में इनका योगदान अतुलनीय है। समारोह मेंमुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, अपर मुख्य सचिव संस्कृति एवं पर्यटन अमृत अभिजात, अपर मुख्य सचिव माननीय मुख्यमंत्री संजय प्रसाद, विषेश सचिव संस्कृति संजय कुमार सिंह, निदेशक सूचना एवं संस्कृति विशाल सिंह, जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी, अपर निदेशक संस्कृति श्रृष्टि धवन, सहायक निदेशक तुहिन दिवेदी, राजेश अहिरवार, रीनू रंग भारती सहित सूचना एवं संस्कृति विभाग के अधिकारी उपास्थित रहे।

# स्किल्ड मैनपावर से मिलेगी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास को रफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 23 जनवरी से 27 जनवरी तक आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो (यूपीआईटीईएक्स) 2026 के आखिरी दिन उत्तर प्रदेश में युवाओं को हुनरमंद बनाने को लेकर चर्चा की गई। इसके अलावा कार्यक्रम में आए लोगों ने मध्य प्रदेश के विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी हासिल की तथा विभिन्न राज्यों के लजीज व्यंजनों का स्वाद चखा। यूपीआईटेक्स के आयोजकों ने बताया कि इस वर्ष 01.50 लाख से अधिक विजिटर्स आए तथा लगभग 425 करोड रुपए की बिजनेस इंक्वारी की गई।

एक्सपो के आखिरी दिन स्किलिंग उत्तर प्रदेश फॉर ग्लोबल काम्पिटीटिवनेसश विषय पर कान्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें डा. हरि ओम, आईएएस, प्रिंसिपल सेक्रेटरी, वोकेशनल एजुकेशन एंड



स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप उत्तर प्रदेश सरकार, श्री पुलकित खरे, आईएएस, मिशन डायरेक्टर, यूपीएसडीएम उत्तर प्रदेश सरकार, श्रीमती प्रिया सिंह, पीसीएस, एडिशनल मिशन डायरेक्टर, यूपीएसडीएम, श्री मयंक गंगवार, ज्वाइंट डायरेक्टर, उत्तर प्रदेश स्किल डेवलपमेंट मिशन (यूपीएसडीएम), श्री अजय जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर, माइक्रोलिट, श्रीमती कविता निगम, चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज आफिसर, करम सेफ्टी प्राइवेट लिमिटेड, डा. लता बाजपेयी सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़ एंड असिस्टेंट कोआर्डिनेटर, यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल, बाबा. साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्व. विद्यालय, लखनऊ, श्री कौशिक फुलोरिया, डेप्युटी रेजिडेंट डायरेक्टर, पीएचडीसीसीआई यूपी स्टेट चौप्टर शामिल रहे। डा. हरि ओम ने कहा कि हमारा देश एक बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। जिस तेजी से आबादी बढ़ी है, अपेक्षाकृत उस तेजी से हम विकास नहीं कर पाए।

## उत्तराखंड महापरिषद ने गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**लखनऊ।** उत्तराखण्ड महा. परिषद द्वारा 77वां गणतंत्र दिवस महापरिषद भवन के प्रांगण में बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। प्रात: 10:30 बजे उत्तराखण्ड समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ध्वजारोहण महापरिषद के संयोजक श्री दीवान सिंह अधिकारी, श्री हेम सिंह, अध्यक्ष श्री हरीश चन्द्र पंत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री मंगल सिंह रावत, महासचिव श्री भरत सिंह बिष्ट तथा कोषाध्यक्ष श्री के.एस. चुफाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर संयोजक श्री दीवान सिंह अधिकारी ने कहा कि यह दिवस हमें संविधान प्रदत्त अधिकारों, कर्तव्यों तथा राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने का संकल्प दिलाता है। अध्यक्ष हरीश चन्द्र पंत ने अपने उद्बोधन में बताया कि इसी ऐतिहासिक दिन 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान प्रभावी हुआ, जिसने भारत को एक पूर्ण स्वतंत्र गणराज्य के रूप में स्थापित किया।

# संत कबीर अकादमी मगहर में निर्गुण त्रिधारा भक्ति उत्सव का भव्य आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन संत कबीर नगर के संयुक्त तत्वावधान में संत कबीर अकादमी, मगहर में निर्गुण त्रिधारा भक्ति उत्सवह का भव्य आयोजन कल 28 जनवरी 2026 एवं 30 जनवरी 2026 को किया जा रहा है। यह उत्सव संत कबीर की निर्गुण भक्ति परंपरा लोक एवं जनजातीय सांस्कृतिक विरासत को समर्पित है।

यह जानकारी अतुल द्विवेदी निदेशक लोक जनजाति एवं निदेशक कबीर अकादमी ने दी। उन्होंने बताया कि 28 जनवरी 2026 को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में छात्र-छात्राओं द्वारा संत कबीर जी पर आधारित चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा जिससे युवा पीढ़ी को संत कबीर के विचारों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। 30 जनवरी 2026 को आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कबीर एवं निर्गुण

**संत कबीर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी: अतुल द्विवेदी**

गायन की सशक्त प्रस्तुतियां होंगी। इस अवसर पर पद्मश्री स्वामी जी.सी.डी. भारती द्वारा कबीर निर्गुण गायन, श्री देवेंद्र दास तना-बाना' ग्रुप (वाराणसी द्वारा कबीर निर्गुण गायन, श्री रामचन्द्र दास मगहर द्वारा कबीर निर्गुण गायन, सुश्री सुरभि जैस वाराणसी द्वारा नृत्य नाटिका तथा श्री रूप सिंह राजस्थान द्वारा राजस्थानी नृत्य प्रस्तुति इस अवसर पर शोभायात्रा एवं बृजभान मारावी (वाराणसी द्वारा जनजाति नृत्य, सुश्री अंकिता वाजपेयी लखनऊ द्वारा लोक नृत्य, श्री बरखा सिंह मथुरा द्वारा मयूर हेड़िया नृत्य तथा श्री सुनील द्धगाजीपुर द्वारा धोबिया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर लुलु हाइपरमार्केट, लखनऊ में एक भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** देश के 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर लुलु हाइपरमार्केट, लखनऊ में एक भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्र की सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

यह आयोजन देशभक्ति, राष्ट्रीय मूल्यों और वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता को समर्पित रहा। इस अवसर पर लुलु हाइपरमार्केट द्वारा निम्न विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया: कर्नल संजय श्रीवास्तव कमांडर उमा महेश्वर चंद सूबेदार मेजर (मानद कप्तान) चंचल सिंह - शौर्य चक्र कर्नल इक्तेसाद आलम ख़ान स्क्वाड्रन लीडर



राखी अग्रवाल ग्रुप कैप्टन मनीष कुमार श्रीवास्तव कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिनमें नृत्य, संगीत और मंचीय कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, बलिदान और संविधान के मूल्यों को दर्शाया गया। उपस्थित दर्शकों ने पूरे उत्साह और गर्व के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री जया कुमार गंगाधरन, डायरेक्टर उत्तर प्रदेश, तेलंगाना एवं दिल्ली ने सभी अतिथियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि हहमारे सैनिकों का त्याग और समर्पण ही हमारे राष्ट्र की असली ताकत है। लुलु हाइपरमार्केट को गर्व है कि हमें इन वीरों को सम्मानित करने का अवसर मिला। वहीं श्री नोमान अज़ीज़ ख़ान, रीजनल डायरेक्टर ख्र उत्तर प्रदेश, तेलंगाना एवं दिल्ली ने अपने संबोधन में आमंत्रित सैन्य अतिथियों के अद्वितीय योगदान को याद करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा और सम्मान के लिए इन वीरों का योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। श्री सुनील शर्मा, जनरल मैनेजर लुलु हाइपरमार्केट ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश के प्रति गर्व और सैनिकों के सम्मान की भावना व्यक्त की तथा कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज में देशभक्ति और कृतज्ञता का भाव मजबूत होता है। लुलु हाइपरमार्केट का यह आयोजन न केवल एक उत्सव था, बल्कि राष्ट्र के सच्चे नायकों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने का एक सशक्त प्रयास भी रहा।

# दावोस में टीम योगी की बड़ी उपलब्धि: मिले लगभग 3 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

मुहम्मद जान तुर्की

**लखनऊ ।** स्विट्ज़रलैंड के दावोस में 19 से 23 जनवरी 2026 तक आयोजित 56वें विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकोनामिक फोरम) की वार्षिक बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए लगभग 3 लाख करोड़ (2.92 करोड़ से अधिक) के निवेश प्रस्ताव (एमओयू) सुनिश्चित किए हैं। सम्मेलन से लौटने के बाद मंगलवार को लोक भवन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वर्ल्ड इकोनामिक फोरम में उत्तर प्रदेश की भागीदारी और निवेश उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने इस उपलब्धि को प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर अग्रणी निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने वाला बताया। वित्त मंत्री ने बताया कि सम्मेलन के दौरान उत्तर प्रदेश के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 119 उच्च स्तरीय बैठकें कीं, जिनमें 55ख्र56 प्रमुख वैश्विक कंपनियां शामिल रहीं। इन बैठकों के परिणामस्वरूप डेटा सेंटर, नवीकरणीय ऊर्जा, वेस्ट-टू-एनर्जी, मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस, लाजिस्टिक्स, टूरिज्म, फूड प्रोसेसिंग, ईवी, फार्मा, हेल्थकेयर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में 31 एमओयू संपन्न हुए। इन सभी एमओयू के माध्यम से कुल प्रस्तावित निवेश 2.92 लाख करोड़ से अधिक का है, जो उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। वित्त मंत्री ने बताया कि सबसे बड़ा निवेश



प्रस्ताव नीदरलैंड की कंपनी 'एएम-ग्रीन' के साथ हुआ है। इस एमओयू के तहत ग्रेटर नोएडा में एआई आधारित 1 गीगावाट डेटा सेंटर की स्थापना की जाएगी। इसके माध्यम से वर्ष 2028 तक लगभग 2.10 लाख करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। इस परियोजना से न केवल प्रदेश में डिजिटल और तकनीकी क्रांति आएगी, बल्कि

**119 उच्चस्तरीय बैठकों के बाद हुए 31 एमओयू, डेटा सेंटर, ग्रीन एनर्जी और मैन्युफैक्चरिंग में बड़ा निवेश**

इससे जुड़े सहायक उद्योगों के माध्यम से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन भी होगा। इसके साथ ही, एएसआर टेक्नोलाजी के साथ घ्200 करोड़ का एमओयू भी हुआ। वहीं, उबर द्वारा विस्तारित मोबिलिटी सहभागिता और संभावित जीसीसी की स्थापना में रुचि व्यक्त की गई। यूपीनेडा के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि दावोस सम्मेलन में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण एमओयू किए गए, जिनमें सोलर रूफटाप एवं बैटरी एनर्जी स्टोरेज में 1000 करोड़, हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल प्लांट में 1100 करोड़, सोलर पावर प्रोजेक्ट्स एवं सोलर माड्यूल मैन्युफैक्चरिंग में 10,500 करोड़, ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग पार्क (3 गीगावाट सोलर सेल माड्यूल + 60 मेगावाट सोलर प्लांट) में 3800 करोड़ का एमओयू सम्मिलित है। इसके अलावा एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के साथ नवीकरणीय ऊर्जा एवं ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर गैर-वित्तीय एमओयू तथा आरईसी लिमिटेड द्वारा 500 मेगावाट कृषि अपशिष्ट-से-ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 8000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव शामिल रहे। वित्त मंत्री ने बताया कि रश्मि मेटालिक्स ने 1 एमटीपीए एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए 4000 करोड़ के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। इसके साथ ही एबी इनबेव, गोदरेज, फिलिप मारिस इंटरनेशनल, श्नाइडर इलेक्ट्रिक जैसी कंपनियों के साथ स्मार्ट फैक्ट्री, इंडस्ट्री 4.0 और सप्लाई चेन विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स
में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।
नोटः इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।
मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ
कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0522-4041004
मुख्यालयः
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस, देशभक्ति के रंग और उल्लास का दिखा नजारा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** रविवार को गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्कूल-कॉलेजों, सरकारी एवं गैर सरकारी प्रतिष्ठानों, औद्योगिक इकाईयों में ससम्मान ध्वज फहराया गया, वहीं नगर में प्रभात फेरियां भी निकाली गईं। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक व देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबको देशप्रेम से सराबोर कर दिया।

एमडीए स्थित अपने जनसहयोग कार्यालय पर मण्डी धनौरा के विधायक राजीव तरारा ने, नगर पालिका कार्यालय पर चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा, पूर्व

**■ स्कूल-कॉलेजों में हुए देशभक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रम। सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों पर लहराया तिरंगा**

विधायक हरपाल सिंह व ईओ ललित कुमार आर्य ने, खंड विकास कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ. विरेन्द्र सिंह व बीडीओ प्रतिभा अग्रवाल ने, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इंचार्ज डॉ.अजित कुमार ने, कोतवाली में क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया एवं प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने, यश पब्लिक इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि मलखान




सिंह, प्रबंधक लखबीर सिंह व प्रधानाचार्य नीरज कुमार ने, रॉयल स्कालर्स एकेडमी में प्रधानाचार्य समीर प्रभाकर व प्रबंधक रमेश चंद्र शर्मा ने, नोबल पब्लिक स्कूल में प्रमुख प्रबंधन शुभम उपाध्याय ने, भारतीय समाज सेवा समिति के कार्यालय इंदिरा चौक पर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार व कुमराला चौकी इंचार्ज नितेन्द्र वशिष्ठ ने, श्री



नारायण स्मारक इण्टर कॉलेज में अध्यक्ष रामवीर सिंह, प्रबंधक दीपा सिरोही, संस्थापक अनिल सिरोही व प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह ने,भारतीय मजदूर एंड गरीब रक्षा दल ट्रस्ट के कार्यालय नाईपुरा में राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मवीर सिंह ने, न्यू स्कॉलर्स पब्लिक स्कूल नाईपुरा में प्रबंधिका गुलिस्ता खातून, प्रधानाचार्य महेन्द्र सिंह व संरक्षक अहसान व भाकियू संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने, कारमेल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान, प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा व उप-प्रधानाचार्य रामपाल सिंह ने,जेवी इंटरनेशनल गजरौला में धनौरा के चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल व प्रबंधक प्रमोद कुमार ने, जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन एवं एनआईटी फाउंडेशन के कार्यालय पर सीएसआर प्रबंधक विशाल गौरव ने, राजकीय महाविद्यालय गजरौला में प्राचार्य प्रो.एमए गौरी ने, राजकीय महाविद्यालय गंगेश्वरी में प्राचार्या डॉ.वंदना भारद्वाज ने, सरस्वती शिशु मंदिर गजरौला में मुख्य अतिथि हरजीत सिंह, प्रबंधक कपिल सिंघल व अध्यक्ष पपिल केशव गर्ग ने, जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड में यूनिट हेड विनोद झा ने, विजयनगर स्थित आदर्श बाल विकास जूनियर हाईस्कूल में पूर्व विधायक हरपाल सिंह व प्रबंधक अकबर अली ने ध्वजारोहण किया। उधर महंमदी स्थित नेहा मैमोरियल इण्टर कॉलेज, भारापुर स्थित कमलेश गिल इंटर कॉलेज, कुमराला स्थित एचसीएम इंटर कॉलेज व खैतान वर्ल्ड स्कूल, बहलोलपुर स्थित बाल भारती इंटर कॉलेज, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज, शिव इंटर कॉलेज आदि के साथ साथ सभी शिक्षण संस्थाओं में गणतंत्र दिवस मनाया गया।

# शव मन्दिर में मां काली की प्राण प्रतिष्ठा

## भजन संध्या में गूंजे जयकारे

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला शिवपुरी स्थित शिव मंदिर में रविवार को मां काली की प्राण प्रतिष्ठा बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। सुबह प्रात:काल हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें आचार्यों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। यज्ञ के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

शाम के समय महिलाओं द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें देवी भजनों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और मां काली से सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में मंदिर समिति और मोहल्ले के लोगों का विशेष सहयोग रहा। आयोजन को सफल बनाने में अमित सक्सेना, मोनू प्रजापति, नवनीत चौधरी, पंडित राघव शर्मा, पंडित विशाल शर्मा, अरुण रस्तोगी, नितिन प्रजापति, संजय सैनी, कविता भटनागर, रानी भटनागर, कविता ठाकुर, रामदयाल ठाकुर, इशिका सक्सेना, अजय देवरानी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। अमित सक्सेना ने कहा कि मां काली की प्राण प्रतिष्ठा से पूरे क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है। इस तरह के धार्मिक आयोजन आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं और समाज को एक सूत्र में बांधते हैं।

## नाले में गिरा टैम्पो, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** शहर के बाईपास रोड स्थित शेरपुर चुंगी पर मंगलवार को मंदिर के सामने एक अनियंत्रित टैंपो सड़क किनारे बने बाढ़ खंड के नाले में जा गिरा। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय टैंपो में कोई सवारी नहीं थी। सूचना पर मौके पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस व स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद रस्सियों की मदद से टैंपो को नाले से बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बैक गियर लगने से संतुलन बिगड़ने पर हादसा हुआ।

# यूजीसी के नये नियम के विरोध में उतरा सवर्ण समाज

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** सवर्ण समाज के द्वारा यूजीसी और एससी-एसटी एक्ट के विरोध में एक प्रदर्शन व रैली निकाला गई। वक्ताओं ने कहा कि एससी-एसटी एक्ट आरक्षण से सवर्ण समाज के बच्चों के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

बता दें कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी द्वारा लागू किए गए 'उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को प्रोत्साहित करने के नियम-2026' को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। उत्तर

**■ रैली निकालकर किया प्रदर्शन, नियम वापस लेने की मांग**

प्रदेश से लेकर कई राज्यों तक इस मुद्दे की गूंज सुनाई दे रही है। इसी क्रम में गजरौला में भी सोमवार को सवर्ण समाज के लोग इंदिरा चौक पर पहुंचे। वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी के नए बदलावों को स्वीकार्य नहीं किया जा सकता, यदि नए बदलाव वापस नहीं लिए गए सवर्ण समाज द्वारा सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष सोमपाल सिंह चौहान, वीर सिंह भगत,




अनिल अग्रवाल, जगतपाल सिंह चौहान, देवेश शर्मा, राजीव राजपूत, पवन चौहान, बलकरन सिंह, जसकरन सिंह, रमेश प्रशांत, महेन्द्र सिंह ठेकेदार, योगेश उर्फ जॉन आदि मौजूद रहे।

# सांड ने दपति को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दंपत्ति को सांड ने टक्कर मारकर घायल कर दिया, पत्नी को चोट अधिक होने के कारण जिला अस्पताल भेजा गया

**■ बाइक से जाते समय सांड ने मारी टक्कर**

है। जानकारी के अनुसार सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव नवादा निवासी हरिश्चंद्र अपनी पत्नी गीता के साथ बाइक द्वारा अपने घर जा रहे थे। जब इनकी बाइक कारमेल स्कूल के सामने पहुंची



तो आवारा सांड ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों पति पत्नी घायल हो गए। पत्नी को चोट अधिक होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# कम्पाउंडर ने शादी का झांसा दे युवती से किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एक कम्पाउंर ने अस्पताल में उपचार कराने गई युवती से नजदीकी बढ़ा ली और फिर शादी का झांसा देकर शारिरिक सम्बंध भी बना लिए, अब कम्पाउंडर शादी करने से मुकर रहा है। पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिए। जिसके बाद थाना पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नगर के एक मुहल्ला निवासी युवती वर्ष 2011 में अपनी छत से गिर गई थी और उसकी जांघ की हडडी में फ्रैक्चर हो गया था। उसके परिजनों ने उसका उपचार मुरादाबाद जनपद के थाना क्षेत्र छजलैट के गांव संजरपुर स्थित एक चिकित्सक के यहां पर कराया। एक माह उपचार के बाद युवती ठीक हो गई, जिसके बाद उसे घर भेज दिया गया है। बताते

**■ 2021 में उपचार के दौरान दोनों के बीच बढ़ी थी पहचान**

**■ न्यायालय के आदेश पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज**

हैं कि युवती के घर जाने के करीब 15 दिन बाद यहां पर काम करने वाले एक कम्पाउंडर ने फोन करके कहा कि उसने अपनी दुकान धामपुर में कालागढ़ मार्ग पर खोली है। इसके बाद कम्पाउंडर युवती से बातचीत करने लगा और दोनों के बीच नजदीकी बढ़ गई। एक बार कम्पाउंडर युवती के घर आया और युवती से मिलकर शादी का प्रस्ताव भी रखा। युवती ने परिजनों से बताया तो उन्होंने भी शादी के लिए मंजूरी दे दी। इसके बाद कम्पाउंडर ने युवती के घर आना जाना बढ़ा दिया और उसके साथ जबरन शादी का झांसा देते हुए दुष्कर्म किया। मुरादाबाद में घुमाने के बहाने ले जाकर एक होटल में ले जाकर भी दुष्कर्म किया। इसके बाद युवती ने जब कम्पाउंडर से शादी की बात आगे बढ़ाने कहा तो उसने साफ इंकार कर दिया और अपना नंबर भी ऑफ कर लिया। इसके बाद युवती ने थाना गजरौला में जाकर कार्रवाई को कहा, आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने उसकी नहीं सुनी। जिसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपी नितिन निवासी धामपुर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके छानबीन की जा रही है।

## स्कॉलस होम में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** स्कॉलर्स होम वर्ल्ड क्लास स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस देशभक्ति, गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को तिरंगे, देशभक्ति पोस्टरों और प्रेरणादायक संदेशों से सजाया गया। स्कूल प्रबंधक अंकुर अग्रवाल एवं निर्देशिका सोना अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या डॉ. अफ्शा मतलूब ने की। ध्वजारोहण के बाद सभी शिक्षक, विद्यार्थी और स्टाफ ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति निष्ठा जताई। प्रधानाचार्या डॉ. अफ्शा मतलूब ने विद्यार्थियों को संविधान के आदर्शों को जीवन में अपनाने और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति नारों और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ। समारोह राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना से ओतप्रोत रहा।

## अल्लीपुर खादर में हुई पेड़ों की नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कंपोजिट विद्यालय अल्लीपुर खादर में खंड शिक्षा अधिकारी हसनपुर अरुण कुमार ग्राम प्रधान श्रीमती विमलेश देवी की उपस्थिति में 55 पेड़ो की नीलामी कि गई। मंगलवार को नीलामी प्रक्रिया में कुल 41 बोली दाताओं ने प्रतिभा किया।सबसे उच्चतम बोली अतुल कुमार त्यागी पुत्र गंगा शरण त्यागी निवासी हसनपुर द्वारा 258000 लगाई गई। इस से अधिक बोली किसी ने नहीं लगाई। इसलिए सर्वोच्च बोली के आधार पर 55 यूके लिप्टिस के पेड़ों की नीलामी अतुल कुमार त्यागी को छोड़ी गई। नीलामी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस प्रक्रिया में विद्यालय के प्रधानाध्यापक होमपाल सिंह , वसीम खान, अकील खान, इरफान अहमद, हरस्वरूप सिंह, दिनेश कुमार, मायाराम ,नंदराम सिंह, विक्रम सिंह, मेघराज सिंह ,मूलचंद धर्मपाल सिंह खूबचंद, सिंह सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने बीस वाहनों के काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** मंगलवार को साप्ताहिक बाजार के चलते बढ़े यातायात दबाव को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने शेरपुर चुंगी पर चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर की गई कार्रवाई में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 20 वाहनों के चालान काटे गए और 60 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। ट्रैफिक इंचार्ज योगेन्द्र कुमार के नेतृत्व में बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, बिना लाइसेंस, बीमा व प्रदूषण प्रमाण पत्र तथा अवैध पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## बारिश होने के कारण दौड़ी सिहरन

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** 3 दिन के बाद मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। हवा के साथ बारिश होने से ठंड बढ़ गई है। मंगलवार को सुबह से ही आसमान में चारों ओर काली घटाएं छाने के बाद मौसम खराब हो गया। तीन दिन पहले बारिश हुई थी। उसके बाद धूप निकलने लगी थी। लेकिन एक बार फिर मौसम ने करवट बदल ली। तेज हवा के साथ बारिश होने के कारण एक बार फिर मौसम में ठंडक पैदा हो गई। बारिश होने के कारण जगह-जगह रास्तों पर चिपचिपाहट पैदा हो गई। जिससे राहगीरों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश होने के कारण किसानों को इससे लाभ होने की संभावना जताई जा रही है। बारिश होने के कारण पड़ी ठंड से बहुत कम लोग सड़कों पर दिखाई दिये। खादर क्षेत्र में बारिश होने के कारण चकरोड पर ग्रामीणों को निकालने में काफी सुविधा का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार अभी मौसम और खराब रहने की संभावना है।

# धनौरा में धूमधाम से मना 77वां गणतंत्र दिवस













**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा/बछरायूं।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंडी धनौरा व बछरायूं क्षेत्र में सरकारी, अर्द्धसरकारी व निजी संस्थानों में देशभक्ति के माहौल के बीच कार्यक्रम आयोजित किए गए। चारों ओर राष्ट्रगान और देशभक्ति गीतों की गूंज सुनाई दी। हाथों में तिरंगा लिए नन्हे-मुन्ने बच्चे उत्साह के साथ कार्यक्रमों में भाग लेते नजर आए। स्कूलों, कार्यालयों और संस्थानों में तिरंगा शान से फहराया गया। तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर देश के वीर शहीदों को नमन किया। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों का पर्व है। यह दिन हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान से मिली आजादी और संविधान की रक्षा हम सभी का दायित्व है।

एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा, गणतंत्र दिवस हमें संविधान की गरिमा बनाए रखने और लोकतंत्र को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को कायम रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। शहीदों की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता।इस अवसर पर तहसीलदार मूसाराम थारू, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, योगेश लोधी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।ब्लॉक कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा व बीडीओ नरेंद्र गंगवार, नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व ईओ अवधेश कुमार वर्मा, थाना धनौरा में प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र कुमार तथा बछरायूं में थानाध्यक्ष कुलदीप तोमर ने ध्वजारोहण किया। शैक्षिक संस्थानों में भी गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। भागीरथी देवी महाविद्यालय, बीएसडी अकैडमी, राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल, एमएस सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, स्कॉलर्स होम वर्ल्ड क्लास स्कूल, हीरा इंटरनेशनल स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों में प्रबंधकों व शिक्षकों ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर देशभक्ति का संदेश दिया। इसके अलावा नोरेक्स फ्लेवर्स लिमिटेड, न्यूफॉर्म फ्रोजन, वेव इंडस्ट्रीज, एबीएसए कार्यालय, अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज व वाईएमएस डिग्री कॉलेज सहित औद्योगिक व शैक्षणिक संस्थानों में भी तिरंगा शान से फहराया गया। कार्यक्रमों के दौरान देशभक्ति की भावना चरम पर रही।

# संविधान व लोकतंत्र की मजबूती का पर्व गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** गणतंत्र दिवस को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूलों सरकारी संस्थाओं एवं प्राईवेट संस्थानों पर भी तिरंगा फहराया गया। सोमवार को नगर पालिका परिषद में पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर ईओ विजयपाल सिंह, सभासद शाहनवाज अंसारी, मोनिस अंसारी, जावेद जरताप, हमजा अली, मो. हसिन खान समेत पालिका बोर्ड के सभासद एवं कर्मचारी मौजूद थे। तहसील में एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने तिरंगा फहराया। अंबेडकर विकास मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य के नेतृत्व में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाया। कोतवाली में कोतवाली प्रेम पाल सिंह ने ध्वजारोपण किया। झम्मन लाल डिग्री कॉलेज में कॉलेज के निदेशक गोपाल सक्सेना ने तिरंगा फहराया। सरदार बेगम मेमोरियल डिग्री कॉलेज में खुर्रम आजाद खान हाजी शहजाद खान दानिश खान ने तिरंगा फहराया। चौधरी बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज रहरा में भी विद्यालय के प्रबंध के ब्रहम दत्त त्यागी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान विद्यालय में रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो का भी आयोजन किया गया। बेबी फ्यूचर जूनियर हाई स्कूल में प्रबंधक शोएब खान ने तिरंगा फहराया। श्री गंगाराम जगवती देवी जूनियर हाई स्कूल में प्रबंधक ममता देवी ने तिरंगा फहराया। अस हाई स्कूल में प्रबंधक अशरफ खान ने तिरंगा फहराया। रोज गार्डन मैरिज हॉल में प्रबंधक शब्बन खान ने तिरंगा फहराया। प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह एवं ग्राम प्रधान राजकुमार ने संयुक्त रूप से ध्वजारोपण किया।राजेंद्रा एकेडमी में प्रबंधक मनिंदर कौर ने तिरंगा फहराया। अल अमीन अब्दुल्ला इंटर कॉलेज में भी तिरंगा फहराया गया इस अवसर पर हाजी राजा चिश्ती सभासद शाहनवाज अंसारी जावेद जरताब मौजूद थे। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में भी गणतंत्र दिवस को धूमधाम के साथ मनाया गया। रहरा में भी बसपा कार्यालय पर गणतंत्र दिवस के मौके विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गौतम ने तिरंगा फहराया। भारतीय किसान यूनियन असली द्वारा ब्लॉक से ट्रैक्टरो संग तिरंगा यात्रा निकाली गई।

## हाइवे किनारे स्थित स्क्रैप की दुकान के सामने खड़ी पिकअप चोरी

**गजरौला।** हाइवे किनारे स्थित एक स्क्रैप की दुकान के सामने खड़ी पिकअप चोरी हो गई। सुबह दुकानस्वामी को घटना का पता चला तो उसके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। उसने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और पिकअप बरामदगी की गुहार लगाई। बता दें कि हाइवे पर हवेली होटल से आगे चौबारा गांव निवासी दिलशाद की स्क्रैप की दुकान है। उसकी दुकान के सामने उसकी पिकअप गाड़ी खड़ी थी। मंगलवार को तड़के में सुबह के तीन और चार बजे के बीच चोरों ने पिकअप गाड़ी चोरी की ली। जिसके बाद उसने पुलिस को तहरीर दी और पिकअप बरामद करते हुए चोरों को पकड़ने की मांग की।

# गणतंत्र दिवस पर प्रेस क्लब ने निकाला शांति मार्च

■ सीओ व कोतवाल ने झंडी दिखाकर शांति मार्च को किया रवाना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** प्रेस क्लब की ओर से गणतंत्र दिवस के मौके पर नगर में शांति मार्च निकाला गया। शांति मार्च में शामिल लोग देशभक्ति के तराने गाते हुए चल रहे थे। शांति मार्च नैनीताल रोड होते हुए तहसील परिसर में पहंचा। इसके बाद शांति मार्च में शामिल लोग तहसील परिसर में हुए ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए।

गणतंत्र दिवस के मौके पर बहेड़ी प्रेस क्लब ने राजपाल पेट्रोल पम्प से नैनीताल रोड होते हुए तहसील परिसर तक शांति मार्च निकाला। शांति मार्च में बैंड बाजे की धुन पर देशभक्ति गीत बजाए जा रहे थे।

नगर में प्रेस क्लब की ओर से सन 2005 से शांति मार्च निकाला जा रहा है। यहां शांति मार्च की शुरूआत वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद शुऐब और तत्कालीन एसडीएम अरूण कुमार ने की थी। शांति मार्च में मुख्य रूप से मोहम्मद शुऐब, अब्दुल वाजिद, हेमंत ढंग, मुमताज अली, मोहम्मद वसीम, रामपाल, मो. इरफान मुनीम, एजाज अहमद हलवी, राजेश काश्यप, सोमपाल, विशाल खान, विशाल दिवाकर, शहिद अंसारी, फजलुर्रहमान, मनोज गंगवार, भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, आजाद समाज पार्टी नवल किशोर, सलीक कातिब, मोइन आरिफ, सलीम रहबर, महफूज वकील, शादाब मुनीम, अतुल गर्ग, फारुख वाजिद, यूनिस सर, तय्यब कासमी आदि सहित नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# निलंबन के बाद मुखर हुए अलंकार

■ डीएम से जातिगत टिप्पणी करने वाले का नाम बताने की मांग
■ समर्थकों संग कलक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन, सवर्ण संगठनों का आंदोलन तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सिटी मजिस्ट्रेट पद से इस्तीफा देने के बाद निलंबित किए गए पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने मंगलवार को शासन-प्रशासन के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया। वर्ष 2019 बैच के पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री सोमवार को दिन में अपने पद से इस्तीफा देने के बाद रात में निलंबित कर दिए गए थे। इसके विरोध में मंगलवार को उन्होंने समर्थकों के साथ कलक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी से जातिगत टिप्पणी करने वाले व्यक्ति का नाम सार्वजनिक करने की मांग की।

मंगलवार सुबह एडीएम कंपाउंड स्थित सिटी मजिस्ट्रेट आवास के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। मुख्य गेट बंद होने के कारण समर्थकों ने दामोदर स्वरूप पार्क में एकत्र होने का आह्वान किया। वहां से अलंकार अग्निहोत्री पैदल ही समर्थकों के साथ कलक्ट्रेट पहुंचे और धरने पर बैठ गए। इस दौरान डीएम चेंबर के सामने नारेबाजी भी की गई। करीब आधे घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद वह डीएम से मिलने के लिए सभागार पहुंचे, जहां समर्थकों के साथ बैठकर प्रतीक्षा करते रहे।

अलंकार अग्निहोत्री ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ साजिश रची गई है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने इस्तीफे पर अड़े रहने का निर्णय लिया तो राता. ेरात निलंबन आदेश जारी कर दिया गया। उन्होंने डीएम आवास में बंधक बनाए जाने के आरोप को दोहराते हुए कहा कि वह निलंबन के खिलाफ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे। अलंकार ने कहा कि सोमवार रात डीएम से फोन पर बात के दौरान किसी व्यक्ति द्वारा जातिगत टिप्पणी की गई। उन्होंने मांग की कि जिलाधिकारी उस व्यक्ति का नाम सार्वजनिक करें ताकि सच्चाई पूरे देश के सामने आ सके।

करीब तीन घंटे तक कलक्ट्रेट परिसर में धरना देने के बावजूद डीएम से मुलाकात नहीं हो सकी, जिसके बाद अलंकार अपने समर्थकों के साथ वहां से चले गए। बाद में उन्होंने दोबारा डीएम से मिलने के लिए कलक्ट्रेट आने की बात कही। इस दौरान कलक्ट्रेट के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई और भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## एक नजर

### जनता अन्न की बर्बादी रोके: कंबर एजाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** नगर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज शानू ने कहा कि लोगों को अन्न की बर्बादी रोकना चाहिए। बोले मैंने देखा है कि अनेक घरों के दरवाजों पर रोटी चावलों के ढेर पड़े होते हैं। उन्होंने अपील की कि लोगों को थाली में उतना ही लेना चाहिए जितना वह खा सकें, अगर फिर भी बच जाता है तो भोजन को फेंककर भोजन का अपमान न करें बल्कि उसे गौशाला भिजवाने का कष्ट करें।

श्री शानू आज नगर पंचायत परिसर में छब्बीस जनवरी के उपलक्ष्य में आयोजित एक जलसे को खिताब कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन हमें पूर्ण आजादी मिली थी, क्योंकि आज से हमारा संविधान लागू हुआ था। उन्होंने समस्त जन से कानून का पालन करने की अपील भी की।पत्रकार सरफराज खान, ताहिर अली जैदी, इसरार अहमद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सेंट फिलोरेंस के छात्र-छात्राओं ने गणतंत्र दिवस पर निकाली भव्य रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** सेंट फिलोरेंस स्कूल के मैनेजिंग पार्टनर कलीम अहमद ने कहा कि अगर हम आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं तो ये हमारे उन वीर योद्धाओं की देन है जिन्होंने अपने प्राणों का बलिदान किया है।



श्री अहमद ने यह बात रैली को रवाना करने से पूर्व स्कूल परिसर में छात्र, छात्राओं को संबोधित करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि दुनिया की हर नेमत से श्रेष्ठ आजादी है इस आजादी को संभाल कर रखो क्योंकि इसे पाने के लिए हमारे योद्धा बेहद कठिन परिस्थितियों से गुजरे हैं। उन्होंने कहा कि आज यौम ए जम्हूरिया है यानी आज ही दिन हमें हमारा संविधान मिला था और हम पूर्ण रूप से आजाद देश के वासी कहलाए गए। उन्होंने छात्र, छात्राओं से एकता का दामन मजबूती से थामने का आह्वान करते हुए कहा कि हिंदू, मुस्लिम सिख, ईसाई सब हमारे भाई हैं, हमारी सिर्फ एक कौम है, भारतीय। हाजी राहत हुसैन अंसारी, हाजी इरफान अल्वी जाफर अंसारी, बाबू अंसारी आदि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। रैली पूरी कस्बे में घूमकर वापस स्कूल पर आकर समाप्त हुई।

# गणतंत्र दिवस पर चौकी इंचार्ज पंकज कुमार गौतम हुए सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कस्बा मीरग. ंज पुलिस चौकी के इंचार्ज उपनिरीक्षक पंकज कुमार गौतम को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान प्रदान किया। वर्ष 2025 के दौरान जनपद बरेली में तैनाती के समय उपनिरीक्षक पंकज कुमार गौतम द्वारा अपराध नियंत्रण, प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई, जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण एवं विवेचनाओं के विधिक समाधान में सराहनीय कार्य किया गया। उन्होंने आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर उनका समयबद्ध निस्तारण कराया। सम्मान मिलने पर क्षेत्राधिकारी अजय कुमार एवं थाना प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, और इसी प्रकार निष्ठा व कर्तव्यपरायणता से कार्य करते रहे।

# मीरगंज में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में 77वां गणतंत्र दिवस सोमवार को पूरे उत्साह, देशभक्ति और गरिमामय माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यालयों, शैक्षिक संस्थानों तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ।

तहसील परिसर में एसडीएम आलोक कुमार एवं तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने ध्वजारोहण कर उपस्थित कर्मचारियों को संविधान की गरिमा बनाए रखने की शपथ दिलाई। नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष योगेंद्र कुमार गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी प्रियंका ने तिरंगा फहराया। खंड विकास कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार एवं बीडीओ आनंद विजय यादव ने ध्वजारोहण किया। क्षेत्राधिकारी कार्यालय में सीओ अजय कुमार तथा थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर ने तिरंगा फहराकर पुलिस बल को कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। धाम बायो ऑर्गेनिक्स शुगर मिल में यूनिट हेड सरबजीत सैनी ने कर्मचारियों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया।

शैक्षिक संस्थानों में भी कार्यक्रमों की धूम रही। स्वामी दयानंद इंटर कॉलेज में निदेशक पंकज गंगवार एवं प्रधानाचार्य आद. ेश पाल गंगवार, स्वामी दयानंद डिग्री कॉलेज में प्रबंधक डॉ. सत्यवीर गंगवार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वैभव राठौर ने ध्वजारोहण किया। संत मंगलपुरी इंटर कॉलेज में प्रबंधक दिनेशानंद गिरि एवं प्रधानाचार्य सोनू गुप्ता, केएससी इंटर कॉलेज में प्रबंधक रामपाल गुप्ता, केतन गुप्ता एवं प्रधानाचार्य निश्चल गुप्ता, बीडीएम पब्लिक स्कूल में डायरेक्टर अचल मिश्रा एवं प्रधानाचार्य नमिता दीक्षित, ब्लॉक संसाधन केंद्र चुरई दलपतपुर में खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश प्रताप ने तिरंगा फहराया। इसके अलावा अनुबिस डिग्री कॉलेज में सतेंद्र सिंह यादव, ज्ञान पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में प्रधानाचार्य अख्तर हुसैन, प्रबंधक ओमेंद्रपुरी गोस्वामी, जीपीएस इंटर कॉलेज सिंधौली में प्रबंधक कृतज्ञ सिंह एवं प्रधानाचार्य इरशाद अहमद, राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में प्राचार्य प्रो. एसके सिंह तथा उड़ान ग्लोबल स्कूल फतेहगंज पश्चिमी में प्रधानाचार्य विनोद कुमार प्रजापति द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रमों के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। वक्ताओं ने संविधान की महत्ता, लोकतंत्र और नागरिक कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए देश की एकता व अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया।

### गणतंत्र दिवस पर शीशगढ़ नगर पंचायत में फहराया सौ फिट ऊंचा झंडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** गणतंत्र दिवस आन बान शान के साथ मनाया गया। सरकारी अर्ध सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। स्कूल कॉलेजों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।



शीशगढ़ स्थित नगर पंचायत कार्यालय पर सौ फिट झंडे का लोकार्पण किया गया, चेयरमैन नीलोफर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी दुर्गेश कुमार, चेयरमैन प्रतिनिध हाजी गुड्डू एवं सभासद मौजूद रहे। नगर पंचायत शीशगढ़ में तहसील मीरगंज क्षेत्र का सबसे ऊंचा ध्वजारोहण करने का नया कीर्तमान भी मनाया गया। थाना शीशगढ़ में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने, स्वामी सोमनाथ इंटर कॉलेज मानपुर में डाक्टर धर्म सिंह ने, एन डी एकेडमी शाहपुरा में गजेय सिंह ने, स्वामी सोमनाथ आईटीआई में धर्म सिंह ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रतिभावशाली छात्र-छात्राओं को एवं विभिन्न स्कूल कॉलेजों के शिक्षकों, पत्रकारों को भी प्रशस्ति पत्र, मैडल देकर एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अधिकारियों के साथ ही संस्था प्रमुखों ने ध्वज फहराया और सलामी ली।

नगर पालिका परिषद कार्यालय में चेयरमैन प्रेमलता राठौर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सलामी ली। इस दौरान अधिशासी अधिकारी आर आर अंब्रेश, भाजपा नेता नीरेंद्र सिंह के साथ ही सभासदों और कर्मियों ने भाग लिया। पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर ने इस अवसर पर जहां सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं, साथ ही कर्मियों से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन किए जाने का आवाहन किया।

इसके साथ ही तहसील परिसर में एसडीएम उदित पवार ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने सभी कर्मियों को राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दीं। कोतवाली में सीओ नीलेश मिश्र ने झंडा फहराया। मुंसिफ कोर्ट में इंचार्ज जेएम ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सलामी ली। ब्लॉक कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। वाल विकास विभाग कार्यालय पर परियोजना अधिकारी विष्णु भगवान पाण्डेय ने झंडा फहराया। बार कार्यालय पर एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, गंगापुर उर्फ खामपुर स्थित एशियन लॉ कॉलेज में एम डी एड नंदकिशोर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, और सलामी लेकर सभी को इसकी बधाई दी। इसके साथ ही जीजस एंड मेरी इण्टर कॉलेज में ग्रुप के एमडी आनंद सैमसन, एसएसटी इण्टर कॉलेज में प्रबंधक टी आर गंगवार ने तिरंगा फहराया और सलामी ली।

इसके साथ ही सभी सरकारी और शिक्षण संस्थाओं में झंडा फहराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# कस्बा व थाना क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

■ जगह-जगह हुए कार्यक्रम, छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बा और देहात क्षेत्र में शिक्षण संस्थाओं, सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया।




कस्बे के रेड रोज पब्लिक स्कूल में प्रबन्धक अजय सक्सेना ने झंडा रोहण किया। स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रियंका सक्सेना समस्त अध्यापक एवं स्कूल के बच्चे और अभिभावक मौजूद रहे। पब्लिक स्कूल में प्रबंधक वालेदीन पाल व प्रिंसिपल ने ध्वजारोहण किया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस दौरान आइजा अंसारी, इफरा व दर्शना सहित तमाम छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज में पूर्व चेयरमेन विजय कुमार गुप्ता ने झंडारोहण किया। इस मौके पर प्रबंधक रमन जायसवाल प्रधानाचार्य जसवीर सिंह व कॉलेज के बच्चे और स्टॉफ मौजूद रहा।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर थाना परिसर में तिरंगा शान से लहराया। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह के साथ समस्त पुलिस कर्मी उपस्थिति रहे। नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष ने झंडा फहराया।

अधिशासी अधिकारी पुष्पेंद्र राठौर के साथ समस्त कर्मचारी शामिल रहे।

ब्लॉक कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख किरन यादव व प्रतिनिधि सतेंद्र यादव ने झंडारोहण किया। इस मौके पर ब्लॉक से जुड़ा समस्त स्टॉफ मौजूद रहा। कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी सरकारी संस्थानों व प्राइमरी व जूनियर स्कूलों में गणतंत्र दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।

इसके अलावा सीएचसी परिसर, टीकेआईसी, जानकी देवी इंटर कॉलेज, मदरसों, हरिति पब्लिक स्कूल, सेंट अल्फोंसा सहित तमाम जगह गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### कमिश्नर व डीएम ने किया ध्वजारोहण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर सरकारी एवं गैर-सरकारी भवनों को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा प्रात: सभी कार्यालयों में ध्वजारोहण कर भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा का संकल्प दोहराया गया। कमिश्नरी कार्यालय और कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों की सहभागिता रही।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी ने कमिश्नरी कार्यालय में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत उन्होंने संविधान के संकल्प को दोहराया और कमिश्नरी परिसर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मंडलायुक्त ने वृक्षारोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ संविधान प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार देता है। जाति, धर्म और संकीर्ण सोच से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करना ही सच्चा गणतंत्र दिवस मनाना है। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करने की अपील की।

अंत में जिलाधिकारी ने पुलिस लाइन एवं पुरानी जेल स्थित नवाब खान बहादुर खान की मजार पर पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गणतन्त्र दिवस पर शीशगढ़ थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह हुए सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** एसएसपी अनुराग आर्य द्वारा थाना प्रभारी शीशगढ़ हरेंद्र सिंह को दिए गए प्रशस्ति पत्र में कहा गया है कि बरेली पुलिस में प्रचलित मूल्यांकन प्रणाली के अंतर्गत वर्ष 2025 में जिले के थानों के सभी कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्यों का किया गया मूल्यांकन में शीशगढ़ थाने के सभी कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2025 की मूल्यांकन प्रणाली में जिले के सर्वश्रेष्ठ थानों में स्थान प्राप्त किया गया है। वर्ष 2025 में आपके एवं आपके थाने में नियुक्त कर्मियों द्वारा अपने थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृण बनाए रखने एवं अपराध नियंत्रण में अत्यंत प्रभावी रूप से कार्य करते हुए कई उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। इसी के साथ आपके थाने का आचरण उत्कृष्ट श्रेणी का है। जिसके फलस्वरूप मूल्यांकन प्रणाली द्वारा वर्ष 2025 में शीशगढ़ थाना द्वारा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है।

इसी उपलब्धि को लेकर 77 वें गणतन्त्र दिवस की रौतक परेड के अवसर पर एसएसपी अनुराग आर्य ने थाना प्रभारी शीशगढ़ हरेंद्र सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित कर व शीशगढ़ थाने के समस्त कर्मियों के प्रशंसा कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# युवाओं को तरक्की की राह दिखा गया प्रतिभा सम्मान समारोह

■ प्रशस्ति पत्र पाकर खिले युवाओं के चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह युवाओं की कामयाबी की एक नई राह दिखा गया। सम्मान पाकर चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले मेधावी युवाओं के चेहरे खिल उठे। कस्बे में यह पहला कार्यक्रम था जो सुपर हिट रहा।

कस्बे के मोहल्ला गढ़ी स्थित मैरिज हॉल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह 11 बजे शुरू हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि चेयरमैन नीलोफर एवं संस्था के अध्यक्ष हाजी गुड्डू ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मैडल एवं शाल उड़ाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में सोसायटी के अध्यक्ष हाजी जाहिद हुसैन गुड्डू ने कहा कि हमारे कस्बे के युवा विशेषज्ञ डाक्टर बनकर देश की राजधानी दिल्ली से लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इन होनहार युवाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए, और अन्य युवाओं को भी इनसे भी अधिक ऊंचाई तक पहुंचने का प्रण



लेना चाहिए। हमारी संस्था भी समय समय पर सहयोग करती रहेगी।

मुख्य अतिथि चेयरमैन नीलोफर ने कहा कि आज के इस प्रतिस्पर्धा के दौर में हमारी बेटियां भी पीछे नहीं हैं, उनको और आगे बढ़ने के लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए।

जिला ईंट निर्माता समिति के अध्यक्ष डाक्टर हाजी आफताब अहमद ने कहा कि कस्बे के युवाओं को अब प्रशासनिक सेवाओं की तरफ भी अपने कदम बढ़ाना चाहिए, ऐसे संस्थान खोले जाने चाहिए जिनसे युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। हमारी संस्था हर तरह का सहयोग देने को तैयार है। अधिशासी अधिकारी दुर्गेश कुमार ने युवाओं को बुलंदियों तक पहुंचने के टिप्स बताए। कार्यक्रम में निसार बाबूजी, अब्दुल राशिद, हाजी अब्दुल सलाम शास्त्री, जिला ईंट निर्माता समिति के अध्यक्ष डॉक्टर हाजी आफताब अहमद, मकसूद अहमद रहमानी ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन मिक्की सर ने किया।

### कस्बे की गरीब लड़कियों की शादी भी कराएगी वेलफेयर सोसाइटी

इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसायटी कस्बे की गरीब, बेसहारा लड़कियों की शादी भी कराएगी। ऐसी लड़कियों का चयन कमेटी के पदाधिकारी करेंगे। दहेज में जरूरी सामान और बारातियों को भी खाना खिलाया जाएगा। संस्था से जुड़कर यदि कोई व्यक्ति मदद में हिस्सा ले तो उसका स्वागत है। खान पान की व्यवस्था सोसाइटी द्वारा की जाएगी। वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष हाजी गुड्डू द्वारा इस सराहनीय पहल का सब तरफ स्वागत किया जा रहा है।

### चिकित्सा क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले युवाओं को दिए मैडल

इंसानी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले डॉक्टर शोएब आलम, डॉक्टर इमरान, डॉक्टर तनवीर अहमद, डॉक्टर जुबैर अहमद, डॉक्टर मुजीबुर रहमान, डॉक्टर अदील अहमद, डॉक्टर उबैद, डॉक्टर आलिया सिद्दीकी, डॉक्टर अनजाना, डॉक्टर सदफ लइक आदि को चेयरमैन नीलोफर ने मैडल और शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया व प्रशस्ति पत्र भी दिए गए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बुझिया विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बुझिया विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम श्रेणी की ईंट, रेता, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, ईंट की रोढ़ी, मिट्टी, पन्नी बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-30.01.2026 को समय 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-31.01.2026 को समय दोपहर 2:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | घनश्याम के घर से लापता प्रसाद के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण | 3,97,244.00 |

**मानवती** (प्रधान) **मोहम्मद फईम** (सचिव)

# महिला ने देवर पर लगाया दुष्कर्म के प्रयास का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र से एक महिला के उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने देवर वाहिद हुसैन पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है, जबकि ससुर शमसुल हसन, सास जैनब, ननद सीमा तथा पति शाहिद हसन पर घटना को दबाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़िता के मुताबिक उसका विवाह 21 मार्च 2020 को क्षेत्र के एक गांव के शाहिद हसन के साथ हुआ था। पति के दिल्ली में रहकर कबाड़ का काम करने के कारण वह अधिकतर घर पर अकेली रहती थी। इसी का फायदा उठाकर उसका सगा देवर वाहिद हुसैन शादी के बाद से ही उसपर गलत नियत रखता था और मौका पाकर छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करता रहा।

पीड़िता का आरोप है कि उसने कई बार इस संबंध में अपने ससुराल के लोगों से शिकायत की, लेकिन सभी ने देवर को समझाने के बजाय पीड़िता को गालियां दीं और बदनामी व जान से मारने की धमकी देकर चुप रहने का दबाव बनाया। आरोप है कि 15 अगस्त 2025 की रात करीब 9 बजे, जब पीड़िता अपने कमरे में अकेली थी, तभी वाहिद हुसैन कमरे में घुस आया और बुरी नीयत से उसे दबोच लिया। उसने अश्लील हरकतें करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया और विरोध करने पर कपड़े फाड़ दिए। शोर मचाने पर सास-ससुर व ननद बाहर आए, लेकिन आरोपी को रोकने के बजाय सभी ने शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

अगले दिन पीड़िता की ममेरी बहन के घर पहुंचने पर मामला उजागर हुआ। तीन गांवों के प्रधानों की मदद से पीड़िता किसी तरह मायके पहुंच सकी। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने जाते समय भी चेतावनी दी कि यदि घटना के बारे में किसी को बताया तो अंजाम भुगतना पड़ेगा। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर देवर सहित कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# हादसे में दो दोस्तों की मौत







## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो जिगरी दोस्तों की असमय मौत हो गई। इस हादसे ने न सिर्फ उनके परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया, बल्कि पूरे इलाके को गमगीन कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला खुराड़ा निवासी कैफ पुत्र नफीस और मोहल्ला कोटरा निवासी फहीम पुत्र शमीम आपस में बेहद करीबी दोस्त थे। दोनों युवक परिजनों को बिना जानकारी दिए एक दोस्त की कार लेकर नगीना की ओर निकले थे। रास्ते में मंझेड़ा पुलिस चौकी के समीप उनकी कार अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पार करते हुए बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, जहां का मंजर देख हर कोई स्तब्ध रह गया। बताया गया कि फहीम अपने परिवार में छह भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था, जबकि कैफ दो भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटा था। दोनों ही अपने-अपने परिवारों के लाड़ले थे। अचानक हुई इस घटना से परिजन गहरे सदमे में हैं और उन्हें अब भी इस सच्चाई पर यकीन नहीं हो पा रहा है।

हादसे को लेकर एक सवाल लगातार परिजनों को कचोट रहा है कि दोनों युवक नगीना की ओर किस उद्देश्य से जा रहे थे। इसका कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजन यही कहते नजर आए कि काश जाते वक्त कुछ बता दिया होता, तो शायद हालात कुछ और होते। इस हृदयविदारक घटना के बाद से दोनों मौहल्लों में शोक का माहौल है। हर जुबान पर एक ही अफसोस है कि एक छोटी-सी जानकारी शायद इस दर्दनाक अंत को टाल सकती थी।

# बिजनौर पब्लिक प्ले स्कूल में गणतंत्र दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पब्लिक प्ले स्कूल में भव्य व उल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर नन्हे-नन्हे बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने देशभक्ति गीतों, नृत्य, कविता पाठ और लघु नाटिका के माध्यम से भारत की एकता, अखंडता और गौरवशाली इतिहास को दर्शाया। बच्चों की मासूम प्रस्तुतियों ने अभिभावकों और अतिथियों को भावुक कर दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. ईरम नूर ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए संविधान, अधिकारों और कर्तव्यों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में देशप्रेम, अनुशासन और सामाजिक मूल्यों का विकास होता है।

## एक नजर

### एनएस इन्टरनेशनल में कार्यक्रम



**बुढ़नपुर।** एनएस इन्टरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सदाफल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। जिसमें छोटे - छोटे बच्चों ने मन को आकर्षित करने वाले प्रोग्राम किये। हिन्दी एवं इंग्लिश दोनों भाषाओं में हिमांशु, युवराज एवं भव्या चौधरी आदि विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस के बारे में अपने भाषण भी प्रस्तुत किये। प्रिंसिपल रूचि सिंह ने संविधान के विषय में बताते हुये मौलिक अधिकारों से अवगत कराया। मैनेजर निखिल सिंह ने सभी को बधाई दी एवं स्कूल में शिक्षा से सम्बंधित सभी सुविधायें देने का आश्वासन दिया। चेयरमैन पवन सिंह ने स्कूल परिवार, समस्त क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मौ. अनीस अहमद, अंकुर कुमार, हरि कृष्णन, मदन सिंह, देवराज सिंह, हिमांशु चौहान, बबीता राजपूत, डिम्पल चौधरी, शीतल चौधरी, रूद्रा शर्मा आदि समस्त स्कूल परिवार उपस्थित रहा।

### विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन



**हल्दौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन नगर की माधव बस्ती स्थित एससीएम चिल्ड्रन एकेडमी में किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में सनातन संस्कृति व सांस्कृतिक चेतना को मजबूत बनाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह प्रांत प्रचारक आनन्द कुमार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष के सफर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज, राष्ट्र और संस्कृति के सर्वांगीण उत्थान के लिए निरंतर कार्य करता आ रहा है। कार्यक्रम में प्रांत नवदंपति प्रमुख कुटुंब प्रबोधन मुकेश चौधरी ने संघ के पांच परिवर्तन विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सामाजिक समरसता को मजबूत करने, कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने, जल एवं पर्यावरण संरक्षण को जीवन का अंग बनाना चाहिए साथ ही नागरिक कर्तव्य के प्रति सजग रहने पर जोर दिया। कार्यक्रम में नाटिका के माध्यम से एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन पवित्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में विभाग कार्यवाहक मुकेश कुमार, विभाग प्रचारक बिजनौर क्रांति कुमार, अखिल भारतीय संत समिति के सदस्य स्वामी वचन दास महाराज, महंत सियारामदास महाराज सहित नरेंद्र सिंह, शिवम कुमार, अमित कुमार, शुभम सिंह,दीपक एडवोकेट, दीपक चानू आदि सहित बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग मौजूद रहे।

### राजा चरत सिंह कॉलेज में ध्वजारोहण



**नजीबाबाद।** राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज साहनपुर में गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्ष कुंवर प्रद्युम्न जीत सिंह ने ध्वजारोहण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। खेल शिक्षक योगाचार्य अरुण राजपूत ने प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। अध्यक्ष और प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न प्रदान किए। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हमारे देश के अनेक देशभक्तों ने अपना बलिदान दिया है। हमारा दायित्व है कि उनको सदा याद रखें तथा भारत को विश्व गुरु बनाने में सभी अपना अपना सहयोग दें। इस अवसर पर धर्मेंद्र कुमार, राजेश कुमार, रामबली, चेतन स्वरूप, हरिदेव सरोज, अरुण दीक्षित, शाजिया खान, अक्सा राजपूत, अनीता त्यागी, हेमंत राजपूत, दिव्यांजलि, लक्ष्मी, दीपांशी शर्मा, कल्पना, रुखसाना, नसीम अहमद, नीरज कुमार, अर्जुन सिंह, अभिषेक कुमार, नरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### सन शाइन स्कूल में ध्वजारोहण



**नजीबाबाद।** सन शाइन पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबंधक विनोद मित्तल, प्रमोद मित्तल व प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित किया। प्रबंधक विनोद मित्तल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से भरपूर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। छात्रा नीलम, प्रगति, कशिश, श्वेता, दिव्या ने मां शारदे की वंदना कर नृत्य प्रस्तुत किया। काव्या, संध्या, यशी, दिप्शी, डिक्शी, चारखी, उज्ज्वल, अभिनव, वैष्णवी, प्रियांशी व सनाया ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया।

### मदरसे में ध्वजारोहण



**बुंदकी।** ग्राम समसपुर नसीब के मदरसा इस्लामिया अरबिया दारुल कुरान में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। ग्राम प्रधान अमित कुमार ने झंडा फहराया। कारी रहमत अली, कारी रमजानी, कारी वसी, हाफिज मौहम्मद मुकीम ने आजादी की लड़ाई के बारे में बताया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में शामिल मोईनुद्दीन, शकील अहमद, रफीक अहमद, शमीम, इरफान अहमद, नईम अहमद, जाहिद अहमद, शराफत, जाकिर एड., मौहम्मद हारुन आदि ग्राम के अन्य लोग भी शामिल रहे।

## एक नजर

### ग्रेट इंडियन एकेडमी में ध्वजारोहण



**झालू।** ग्रेट इंडियन एकेडमी में गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक गौरव डाबरा, प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती दीक्षा डाबरा, एकेडमिक डीन आयुष अग्रवाल, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। राष्ट्रीय गान का सामूहिक गायन हुआ। इसके बाद पल्लवी के हिंदी भाषण ने संविधान, स्वतंत्रता और नागरिक कर्तव्यों पर प्रभावी प्रकाश डाला। नन्हे बच्चों की प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया।

### ई-रिक्शा यूनियन ने निकाली तिरंगा रैली



**झालू।** राष्ट्रीय ई-रिक्शा मजदूर यूनियन (रजिस्टर्ड) की ओर से नगर में परंपरागत रूप से भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और देशभक्ति के नारों के साथ नगर का भ्रमण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बस स्टैंड स्थित यूनियन कार्यालय पर संरक्षक सुरेश वर्मा, अध्यक्ष नदीम अहमद आजाद एवं महामंत्री शोएब अख्तर द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर किया गया। तिरंगा रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकाली गई। रैली के दौरान भारत माता की जय और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों से माहौल देशभक्ति से सराबोर रहा। रैली अपने कार्यालय पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर यूनियन अध्यक्ष ने संगठन के पंजीकरण पूर्ण होने पर सभी सदस्यों के सहयोग की सराहना की और एकजुट रहकर मजदूर हितों में कार्य करने का आह्वान किया।

### नुमाइश का ठेका 2.69 करोड़ में छूटा

**बिजनौर।** नगर पालिका के द्वारा हर वर्ष लगाई जाने वाली नुमाइश का ठेका इस बार रिकार्ड 2,69,11,000 रुपए में स्थानीय ठेकेदार अमित कुमार बंटू के नाम छूटा है। यह सबसे ज्यादा रिकार्ड बोली है। इस मौके पर चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह, चेयरपर्सन पति व भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह, अधिशासी अधिकारी विकास कुमार एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। पांच ठेकेदारों के द्वारा नीलामी प्रक्रिया में भाग लिया गया।

### राकेश कुमार ने धर्मवीर को हराया

**हल्दौर।** ब्लॉक कार्यालय के सभागार कक्ष में संपन्न हुए भूमि विकास बैंक के शाखा प्रतिनिधि चुनाव में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। चुनाव में गांव पुट्टा निवासी राकेश कुमार ने गांव त्रिलोकपुर निवासी धर्मवीर सिंह को 14 मतों से पराजित कर विजय प्राप्त की। भूमि विकास बैंक शाखा प्रतिनिधि पद के लिए दोनों प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल कर दावेदारी प्रस्तुत की थी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। कुल 2703 शाखा सदस्यों में से 1241 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान समाप्ति के बाद शाम चार बजे मतगणना प्रारंभ की गई। चुनाव अधिकारी राहुल गौतम ने बताया कि मतगणना के उपरांत राकेश कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी धर्मवीर सिंह को 14 मतों से पराजित कर जीत दर्ज की। परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। राकेश कुमार की जीत की घोषणा होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और समर्थकों ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं।

# मॉडर्न एरा में आशीर्वाद समारोह

## बच्चों ने शानदार प्रस्तुति देकर सभी को किया मंत्रमुग्ध



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर एवं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एक्स इंडियन नेवी के कैप्टन अनिल गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथियों में विद्यालय प्रबंधक अनिल चौधरी, ठाकुर गजेंद्र सिंह, श्रीमति सोनल गुप्ता, श्रीमती प्रभा ठाकुर, श्रीमती अनीता चौधरी एवं विद्यालय डायरेक्टर/प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त अतिथिगणों द्वारा एकाग्रता के साथ तिरंगा फहराकर एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके उपरांत सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर पूरा विद्यालय देशभक्ति के रंग में रंग गया। नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया।

विद्यालय डायरेक्टर/प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूक करते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करने की सीख दी। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए कहा कि कभी हार न मानने की भावना से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।

विद्यालय प्रबंधक अनिल चौधरी ने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं एकाग्रता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि हम अपने जीवन में अनुशासन को अपनाएं और उस पर अमल करें, तो निश्चित रूप से अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं।

मुख्य अतिथि कैप्टन अनिल गुप्ता (एक्स इंडियन नेवी) ने अपने वास्तविक जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त अध्यापकगणों का पूर्ण सहयोग एवं योगदान सराहनीय रहा।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

# स्वाहेड़ी में चतुर्वेद महापरायण यज्ञ

## राकेश टिकैत भी हुए शामिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ग्राम स्वाहेड़ी में चल रहे चतुर्वेद महा परायण यज्ञ में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, जिला अध्यक्ष सुनील कुमार प्रधान तथा युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिद्धू सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

प्राप्त समाचार के अनुसार अतिथियों ने वैदिक विधि-विधान के अनुसार यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर धर्म लाभ प्राप्त किया। उनकी उपस्थिति से यज्ञ का वातावरण आध्यात्मिक, अनुशासित एवं गरिमामय हो गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान, नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन ने भारतीय संस्कृति, वैदिक परंपरा एवं सामाजिक समरसता के मूल्यों को सशक्त रूप से उजागर किया। उपस्थित जनसमूह ने इसे धार्मिक चेतना के साथ-साथ सामाजिक एकता को मजबूत करने वाला आयोजन बताया।

# देशभक्ति के रंगों में रंगा किरतपुर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नगर किरतपुर देशभक्ति के रंगों में पूरी तरह रंगा नजर आया। सुबह से ही नगर में उत्साह, उमंग और राष्ट्रप्रेम का माहौल बना रहा। स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी व निजी कार्यालयों, नगर पालिका और पुलिस स्टेशन में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए, वहीं युवाओं द्वारा निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा ने पूरे नगर को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। इस मौके पर मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल, मरियम गर्ल्स कॉलेज मुस्लिम फंड एवं मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट में प्रबंधक मौहम्मद साईम राजा ने ध्वजारोहण कर विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें भारतीय संविधान की ताकत, लोकतंत्र की गरिमा और नागरिक कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे अनुशासन, ईमानदारी और शिक्षा के माध्यम से देश की तरक्की में योगदान दें। नगर पालिका परिसर में चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने ध्वजारोहण करते हुए कहा कि हमारा संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है और हमें एकजुट होकर देश के विकास के लिए कार्य करना चाहिए। पुलिस स्टेशन में थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने झंडा फहराकर देश की सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सेवा भावना पर प्रकाश डाला। मदरसा अनवारुल उलूम में कमेटी के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया, जबकि मदरसा दारुल उलूम रशीदया मेमन में मौलाना कलीमुज्जमा ने राष्ट्रध्वज फहराकर देश की एकता और भाईचारे का संद.ेश दिया। सर सैयद गर्ल्स इंटर कॉलेज में पूर्व चेयरमैन अब्दुल जब्बार मकरानी एवं रईस बाबू ने ध्वजारोहण कर छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का महत्व बताया। इस अवसर पर वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि देश के लिए समर्पण, एकता और अनुशासन की प्रेरणा है। हमें अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करते हुए भारत को मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

# यूजीसी के विरोध में विभिन्न संगठनों का प्रदर्शन

## वैश्य समाज, महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा तथा भारतीय किसान यूनियन ने सौंपे ज्ञापन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** यूजीसी कानून के विरोध में धामपुर में विभिन्न संगठनों का रोष खुलकर सामने आया। वैश्य समाज, महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा तथा भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के संयुक्त नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग की और इसे काला कानून बताया।

प्रदर्शन कर रहे संगठनों के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि भेदभाव रोकने के नाम पर यदि किसी एक वर्ग को संदेह की दृष्टि से देखा जाएगा और निर्णय प्रक्रिया में उसकी प्रभावी सुनवाई नहीं होगी, तो यह न्याय नहीं बल्कि एकतरफा निर्णय होगा। उन्होंने आशंका जताई कि ऐसे निर्णयों से खासकर सावन छात्रों का भविष्य प्रभावित हो सकता है और समाज में असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

संगठनों ने कहा कि वे समानता, न्याय और सामाजिक सौहार्द के पूर्ण पक्षधर हैं, लेकिन यदि नियम और व्यवस्थाएं संतुलित न होकर एकतरफा बनाई जाती हैं, तो इससे भविष्य में सामाजिक विद्वेष, मानसिक उत्पीड़न और अस्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि यूजीसी कानून पर पुनर्विचार करते हुए इसे तत्काल वापस लिया जाए, ताकि समाज में किसी भी प्रकार का भ्रम और तनाव न फैल सके।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने यह भी कहा कि किसी भी कानून को लागू करने से पहले सभी वर्गों और संगठनों से व्यापक संवाद आवश्यक है, ताकि सभी पक्षों की चिंताओं को समझा जा सके। बिना सहमति और संतुलन के लागू किए गए कानून समाज में विभाजन की स्थिति पैदा कर सकते हैं।

इस अवसर पर डॉ. एनपी सिंह, यशवीर सिंह, गीतम, अजय कुमार, रविंद्र चौहान, पप्पू, विशंभर सिंह, पूनम चौहान, राजपाल सिंह, जितेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, नितिन, अहमद, ललित, मीनू सिसोदिया, देवेंद्र सिंह, जयवीर सिंह सिसोदिया, अनिल राजपूत, दीपेंद्र सिंह चौहान, अमित गुप्ता, ललित गर्ग, उदित जैन, कविता राणा, ज्योति राणा, प्रदीप चौहान, अजीत राणा, नीरज, सोनिया, सुनीता, उपासना, नितिन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण कर राष्ट्र ध्वज को दी सलामी

## 'भारत हमको जान से प्यारा है, सबसे प्यारा गुलिस्तां हमारा है': निधि गुप्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** गणतंत्र दिवस के

**■ सैनिकों, शहीदों के परि. जनों को किया सम्मानित**

राष्ट्रीय पर्व पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण करके तिरंगे को सलामी दी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं वीर शहीदों को नमन किया। डीएम ने इस अवसर पर 'भारत हमको जान से भी प्यारा है, सबसे प्यारा गुलिस्तां हमारा है' पंक्तिया सुनाकर सबको देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया, साथ ही स्वतन्त्रता संग्राम सैनानियों और शहीदों के परिवार के सदस्यों एवं पूर्व सैनिकों को माला पहनाकर एवं



अंगवस्त्र भेंट कर किया सम्मानित किया। सोमवार को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान का गायन किया गया और तिरंगे को सलामी दी गई। शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाकर शांति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सरदार हमीदी गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, श्रीमद् कन्या गुरुकुल चोटीपुरा महाविद्यालय, दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्राओं द्वारा विभिन्न कलाकृतियों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।



डीएम ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। डीएम ने कहा कि गणतंत्र दिवस वह दिन है, जिस दिन जब हमें संविधान मिला था। जिसके मिलने से हम एक व्यवस्थित समाज बने। उन्होंने संविधान को अमर जवानों और संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह दिन खुशी और उत्सव का है। संविधान ने सभी को समानता दीख़ कोई भेदभाव जाति, धर्म, लिंग या वर्ग के आधार पर नहीं किया। उन्होंने कहा कि संविधान का सम्मान करें, उसके तहत बने नियमों का पालन करें। अमरोहा की पहचान सामाजिक सौहार्द और शांति बनाए रखें, यही असली विकास और प्रगति है। अंत में उन्होंने कहा कि अगर हम सब मिलकर संविधान की भावना को आत्मसात करेंगे, तो देश को फिर से सोने की चिड़िया बनाने में सफल होंगे। इस मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह एवं एडीएम न्यायिक धीरेंद्र प्रताप सिंह ने भी विचार व्यक्त करके गणतंत्र दिवस का महत्तव बताते हुए संविधान के अनुसार चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर बृजपाल सिंह, चंद्रकांता, शशिभूषण पाठक, मसीहा नजम समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी समेत स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# डीजे पर डांस को लेकर दो पक्षों में मारपीट

## पुलिस ने चार हमलावरों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर कलां में डीजे पर डांस देखने को लेकर हुई मारपीट और जातिसूचक शब्द कहने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों में हसनपुर कलां निवासी मुनीश, वारिश, मुबारिक और संभल जिले के मैनाठेर निवासी जुनैद शामिल हैं। डिडौली थाना प्रभारी हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। न्यायालय द्वारा इस मामले में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

यह घटना डिडौली थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर कलां में अमरपाल सिंह के लगन रिश्ते के कार्यक्रम के दौरान हुई। रात में परिवार के लोग डीजे पर डांस कर रहे थे, तभी चार आरोपी वहां आकर डांस देखने लगे। पीड़ित ने जब आरोपियों के डांस देखने पर आपत्ति जताई, तो उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी उग्र हो गए और लाठी-डंडों से पीड़ित के घर पर हमला कर दिया। इस मारपीट में पीड़ित की मां रामरती गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# सड़क दुर्घटना में वैल्डिंग मिस्त्री की मौत

## हापुड़ में हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** दिल्ली से बाइक पर लौट रहे हैं दो भाइयों में से वेल्डिंग कारीगर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वेल्डिंग कारीगर की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

कोतवाल क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर निवासी दिल हसन अपने भाई सैफ उद्दीन के साथ रविवार की शाम करीब 7:00 बजे दिल्ली से बाइक पर सवार होकर अपने घर को लौट रहे थे। जब दोनों भाई की भाई हापुड़ बाईपास मार्ग के समीप पहुंचे तो पीछे से आ रहे कैंटर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दिल हसन पुत्र मासूम अली आयु 25 वर्ष की मौत हो गई। जबके बाइक पर पीछे बैठा उसका भाई सैफ अली गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल सैफ अली को मेरठ में



उपचार के लिए भर्ती कराया। जैसे ही दिल हसन की मौत की खबर घर पहुंची तो वहां कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन ग्रामीणों के साथ घटना स्थल की ओर को रवाना हो गये। बताया जा रहा है कि दिल हसन के तीन दिन पहले पुत्र हुआ है। दिल हसन के दो बच्चे हैं। अभी पत्नी नाजिया जच्चा अवस्था में घर पर है। हापुड़ जनपद में पोस्टमार्टम होकर दिल हसन के जनाजे के गांव में आने का इंतजार हो रहा है।

# हाइवे पर भीषण हादसा, बैंक मैनेजर समेत दो की मौत

## टायर फटने से बेकाबू हुई कार, वाघा बार्डर घूमकर लौट रहे थे पीलीभीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** नेशनल हाईवे-9 पर सोमवार दोपहर भीषण सड़क हादसा

**■ सात फिट हवा में उछल दूसरी लेन में जाकर खम्भे से टकरायी कार**

हुआ। टायर फटने के बाद बेकाबू हुई कार डिवाइडर तोड़ते हुए स्ट्रीट लाइट से जा टकराई। दो बार हवा में उछलकर पलटी कार करीब 15 फीट तक रोड पर घिसटते हुए दूसरी लेन में जा गिरी। हादसे में कार सवार पीलीभीत निवासी 33 वर्षीय बैंक मैनेजर शिवांक सक्सेना और 35 वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर क्षतिज अग्निहोत्री की मौत हो गई। दोनों दोस्त थे, वाघा बॉर्डर पर घूमने के बाद दिल्ली से शॉपिंग कर पीलीभीत लौट रहे थे। हादसे के बाद हाईवे पर काफी देर जाम की स्थिति बनी रही, पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटाकर यातायात को सुचारू कराया, परिजनों



को सूचना देते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक मृतक शिवांक सक्सेना पीलीभीत जिले की पूरनपुर तहसील के मोहल्ला कायस्तान निवासी अरविंद कुमार सक्सेना का बेटा था। वह दो भाईयों में सबसे बड़ा था और बरेली के चौपालगंज स्थित एचडीएफसी बैंक में शाखा प्रबंधक के पद पर था। वहीं, क्षतिज अग्निहोत्री शिवांग का पड़ोसी था। वह संजीव कुमार का बेटा था। दो भाईयों में बड़ा क्षतिज पीलीभीत ब्लॉक में स्वच्छ भारत मिशन विभाग



में कम्प्यूटर ऑपरेटर था। परिवार में पत्नी ज्योति के अलावा 12 वर्षीय बेटी प्रगति और 9 वर्ष का बेटा आराध्य है। दोनों आपस में करीबी दोस्त थे। बीती 23 जनवरी को दोनों घूमने के लिए वाघा बॉर्डर गए थे। इसके बाद दिल्ली में शॉपिंग कर सोमवार दोपहर में पीलीभीत लौट रहे थे। करीब 12 बजे हादसा डिडौली में जोया कस्बे के पास हुआ। क्षेत्र के गांव हरियाना के सामने से गुजरते में इनकी तेज रफ्तार कार भीषण हादसे का शिकार हो गई। अचानक कार का टायर फट गया, जिससे बेकाबू हुई कार डिवाइडर से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार पहले डिवाइडर से टकराई, फिर स्ट्रीट लाइट के पोल से जा भिड़ी। इसके बाद कार दो बार पलटी खाते हुए हाईवे की दूसरी लेन में जा गिरी। हादसा इतना भयावह था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में शिवांक सक्सेना की मौके पर ही मौत हो गई जबकि वहीं कार चला क्षतिज गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलते ही डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची, क्षतिग्रस्त कार में फंसे घायल शिवांक और क्षतिज को जोया सीएचसी भेजा, जहां चिकित्सक ने शिवांक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल क्षतिज को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया लेकिन जिला अस्पताल जाते समय रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच रही और कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ।

## एएसएम में वीर शहीदों को किया याद



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** एएसएम मार्डन एकेडमी खाता में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व देश के प्रति अपने प्रेम को प्रदर्शित किया गया। देशभक्ति गीतों व नृत्यों के द्वारा देश के लिए अपने प्राणों की कुर्बानी देने वाले अमर शहीदों को याद किया। प्रधानाचार्य श्रीमति आभा रस्तौगी ने कहा कि देश को गुलामी की बेड़ियों से आजाद कराने वाले शहीदों के हम सदा आभारी रहेंगे। कार्यक्रमों में सारा, अवनी, शुभ, शगुन, मानवी, भूमिका, रीबा ने प्रतिभाग किया। प्रबंधक वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि देश को आजाद कराने वाले शहीदों से आज के बच्चों को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होने तमाम तरह की परेशानियां झेलकर हमारे देश को आजाद कराया। संचालन अमित कुमार व अंकित कुमार ने किया।

## गणतंत्र दिवस पर महबूब ने फहराया तिंरगा



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने एमएचएम जूनियर हाईस्कूल कांकर सराय में ध्वजारोहण कर देश को देश को आजाद कराने के लिए अमर शहीदों को याद किया। गणतंत्र दिवस पर सदर विधायक महबूब अली ने एमएच जूनियर हाईस्कूल कांकर सराय में झंडा फहराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश को आजादी लाखों कुर्बानियों के बाद मिली तभी हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आाजद हुआ तथा 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू हुआ। जिसके उपलक्ष्य में गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। हमें अपने वीर सपूतों के पदचिन्हों पर चलकर उनके द्वारा किये गये देशहित में संविधान का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं इसीलिए उन्हें उद्देश्य परक बताया गया। इस मौके पर प्रबंधक व अन्य लोग मौजूद रहे।

# डैकोरेटिव स्ट्रीट लाइट से चमका आजाद मार्ग

## चेयरमैन व ईओ ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** आईएम इंटर कालेज चौराहे से जेएसएच कालेज तक पालिका द्वारा लगायी गयी डैकोरेटिव लाइट पोल का चेयरमैन श्रीमति शशि जैन व उप नगर आयुक्त डा. ब्रजेश कुमार ने उद्घाटन किया। बता दें कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा व नगर विकास मंत्री एके शर्मा के नगर सुशोभन कार्यक्रम का अनुसरण करते हुए शहर में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे हैं। इसी क्रम में नगरीय पथ प्रकाश व्यवस्था के पहले चरण में शहर के बिजनौर मार्ग पर डैकोरिटव स्मार्ट लाइट पोल की स्थापना की गयी तथा लाइट की सुन्दरता एवं जन आग्रह द्वारा अगले चरण में शहर के आन्तरिक मुख्य मार्गो पर इन लाइट्स की स्थापना की जा रही है। इसी कड़ी में गणतंत्र दिवस पर शहर के स्टेशन रोड पर आईएम इंटर कालेज चौराहे से जेएस हिन्दू इंटर कालेज चौराहे तक डैकोरेटिव स्मार्ट लाइट का उद्घाटन चेयरमैन श्रीमति शशि जैन व उप नगर आयुक्त डा. ब्रजेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया। संध्या काल के आरम्भ होते ही चेयरमैन द्वारा स्विच ऑन करते ही पूरा मार्ग इन सुन्दर लाइट से जगमग हो गया। चेयरमैन श्रीमति शशि जैन द्वारा स्थानीय निवासियों, दुकानदारों, स्ट्रीट वैंडर्स से वार्ता कर पालिका के विभिन्न विकास कार्यो के बारे में आम लोगों से चर्चा की गयी तथा आम जन द्वारा दिये गये सुझाव को नोट कर भविष्य में जनहित एवं नगर के विकास के लिए आवश्यक कार्य कराये जाने के आश्वासन दिया गया।

# प्रधान पति पर किया जानलेवा हमला

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**जोया।** डिडौली क्षेत्र के गांव सिनोरा जलालाबाद में गांव से निकलते ही प्रधान पति पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। उनकी कार पर पथराव कर दिया। कार पर पथराव होता देख प्रधान पति ने कार दौड़ा दी और थाने पहुंचे। वही यह घटना वहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जहां दो युवक कार पर पथराव करते दिखाई दिए है। फिलहाल प्रधान पति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रधान पति वसीम अहमद ने बताया कि उन्होंने हाल में ही कई वर्षों से कब्जा की हुई ग्राम समाज की जमीन को प्रशासन की मदद से कब्जा मुक्त कराया था। साथ ही बताया कि ग्राम समाज की भूमि के कब्जा मुक्त होते ही कुछ लोग उनसे रंजिश रखने लगे। कुछ दिन पहले उक्त लोगों ने पंचायत भवन में तोड़फोड़ की थी और सोलर पैनल तोड़ दिए थे। जिसके बाद उन्होंने पांच लोगों पर 22 जनवरी को एफआईआर दर्ज कराई थी। साथ ही बताया कि आज यानी सोमवार को सुबह करीब नौ बजे वह गांव से कार से निकल रहे थे। जहां गांव के बाहर आते ही कुछ लोगों ने उनकी कार पर पथराव कर दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद है। उन्होंने डिडौली थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही।

## फार्मेसी कॉलेज में अशफाक ने फहराया झंडा



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** अंजुमन ए अशरफ फार्मेसी कालेज सिहाली जागीर में गणतंत्र दिवस के मौके पर पूर्व विधायक अशफाक अली खां ने झंडा रोहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज हमारे लिए बड़े फख्र का दिन है क्योंकि इसी दिन हमारा संविधान लागू हुआ। जबकि 15 अगस्त 1947 को भारत को आजादी मिली। हम सबको इस मौके पर संकल्प लेना चाहिए कि देश में जो लोग नफरत का जहर फैला रहे है। उनके मंसूबों को हम नाकाम करें। इस मौके पर प्राचार्य अकरम खान, मेजर कैलाश यादव, तनजीम रानी, अदीब अली खां अन्य लोग मौजूद रहे।

# दम्पति के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** खेत में चर रहे बकरे की आंख पर डंडा मारकर चोटिल करने का विरोध जताने पर आरो. पितों ने दम्पत्ति को मारपीट करके घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

**■ थाना क्षेत्र के मौहम्मदाबाद में हुई घटना**

बता दें कि 25 जनवरी को थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदाबाद निवासी महिला अरशी का बकरा मेरे घर के पास खेत में चर रहा था। जिस पर गांव के ही निवासी रिफाकत ने बकरे की आंख पर डंडा मारकर उसे घायल कर दिया। जब इस बात का विरोध जताने अरशी व उसका पति गफ्फार आरोपित रिफाकत के घर गए तो बजाए अपनी गलती मानने को उसने पति पत्नी को भी पीटकर जान से मारने की धमकी दी। आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपित रिफाकत के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**गजरौला।** अलग अलग स्थानों से तीन आरोपित अवैध शराब के साथ गिरफ्तार करके पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई की। नगर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी नीरज व मोहल्ला शांतिनगर निवासी राकेश व थाना क्षेत्र के गांव मुरीदपुर निवासी रामपाल को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की।

# बैंकों की हड़ताल से करोड़ों का लेनदेन प्रभावित

**■ सप्ताह में पांच दिन कार्य करने की मांग उठा रही हैं बैंक यूनियन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** सप्ताह में पांच दिवस काम करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय आह्वान पर जनपद भर के सरकारी बैंको में मंगलवार को हड़ताल रही। इस कारण पूरे दिन भर बैंको पर ताला लटका रहा और कामकाज के साथ साथ करोड़ों का लेन-देन भी प्रभावित हुआ।

बता दें कि देश भर के बैंक कर्मी पिछले लंबे समय से महीने के हर शनिवार को अवकाश घोषित करने की मांग कर रहे हैं। मौजूदा व्यवस्था के तहत हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को बैंकों में छुट्टी रहती है। बैंको की अखिल भारतीय यूनियन द्वारा भी केन्द्र सरकार से



यह मांग लंबे समय से की जा रही है लेकिन सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूर नहीं किया है। मंगलवार को इसी मांग को लेकर सरकारी बैंक जैसे स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, पंजाब नैशनल बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा आदि बंद रहे। यहां पर ताले लटके रहने से कोई कामकाज नहीं हुआ और कराड़ों का लेनदेन भी प्रभावित हुआ। वहीं जिन बैंक उपभोक्ताओं को हड़ताल की जानकारी नहीं थी, उन्हें मायूस होकर ही वापस लौटना पड़ा। नगर अमरोहा सहित गजरौला, जोया, हसनपुर, मंडी धनौरा समेत अन्य सभी कस्बों और ग्रामीण आंचलिक क्षेत्रों में स्थित बैंक की शाखाओं पर दिन भर ताला लटका रहा और कोई लेनदेन व अन्य कार्य नहीं हुआ। बता दें कि बैंक पिछले तीन दिन से अवकाश व चौथे दिन हड़ताल के कारण लगातार बंद हैं। बता दें कि 24 जनवरी को शनिवार का साप्ताहिक अवकाश था तो वहीं 25 को रविवार और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सार्वजनिक अवकाश था। 27 जनवरी मंगलवार को हड़ताल के कारण बैंक बंद रहे। वहीं नगर में स्थित निजी बैंक जैसे आईसीआईसीआई बैंक, एचडी एफसी बैंक, महेन्द्रा फाइनेंस बैंक आदि पूर्व की भांति ही खुले। यहां पर लेनदेन चलता रहा।

## हैप्पी हार्ट्स में गणतंत्र दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** कैलसा स्थित हैप्पी हार्ट्स एन इन्टरनेशनल प्रीस्कूल में 77 वां गणतन्त्र दिवस बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। हैप्पी हार्ट्स के बच्चों ने इस बार गणतंत्र दिवस को बड़े ही अलग अंदाज में मनाया। जिसमें बच्चों ने रोड सेफ्टी अवेयरनेस कैंप लगाकर आस पास के लोगों को ट्रैफिक के रूल्स पालन करने के लिए उत्साहित किया। नन्हें मुन्हे बच्चों ने एक अच्छा नागरिक बनने व सुरक्षित यातायात के लिए लोगों का जागरुक करने के लिए विद्यालय के सामने व कैलसा बार्डर पर जी डी स्कूल के सामने कैम्प लगाया। बच्चों ने गणतन्त्र दिवस के अवसर पर गाँव मौढ़ी व ड्यौढ़ी जाकर रैली निकाली व तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण विद्यालय के प्रबन्धिका श्रीमति अंजलि टन्डन व श्रीमति साक्षी खन्ना द्वारा किया गया।

# नकाबपोश युवकों ने फैक्ट्री कर्मी को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** डयूटी करके घर वापस जाने को फैक्ट्री से निकले शिफ्ट इंचार्ज के साथ दस से अधिक युवकों ने लाठी डंडो से मारपीट करके घायल कर दिया। हमलावरों ने नकाब लगाए थे। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। नगर के भानपुर चौबारा रोड पर स्थित एक दुग्ध इकाई में गढ़मुक्तेश्वर निवासी कपिल शर्मा शिफ्ट इंचार्ज के पद पर कार्यरत हैं। रविवार की रात को वे करीब दस बजे डयूटी समाप्त करके फैक्ट्री से घर जाने के लिए निकले थे, तभी दस से अधिक नकाबपोश युवकों ने उन्हें घेर लिया और लाठी डंडो से मारपीट करके घायल कर दिया। कपिल शर्मा ने शोर मचाया तो आरोपी वहां से फरार हो गए। फैक्ट्री कर्मचारियों की मदद से घायल को उपचार के लिस सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया। वहीं पीड़ित ने आरोपितों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर दी है।

# पति करता रहा खरीदारी, बाजार से लापता हुई पत्नी

**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर।** थाना रजबपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक रविवार को अपनी पत्नी और दस वर्षीय बेटे के साथ जोया के साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने आया था। बाजार में भीड़ अधिक होने के कारण पति कुछ सामान लेने के लिए पत्नी और बेटे को एक स्थान पर खड़ा कर खुद इधर-उधर खरीदारी करने चला गया। बताया गया कि कुछ देर बाद जब पति वापस लौटा तो उसकी पत्नी वहां मौजूद नहीं थी। पहले तो उसने सोचा कि पत्नी आसपास ही कहीं गई होगी, लेकिन काफी देर इंतजार करने और पूरे बाजार में तलाश करने के बावजूद पत्नी का कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों और परिचितों से भी पूछताछ की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। इसके बाद घबराए पति ने थाना रजबपुर पहुंचकर पत्नी के लापता होने की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बाजार और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और महिला की तलाश की जा रही है। फिलहाल महिला के अचानक लापता होने से परिजन परेशान हैं और पुलिस हर संभावित पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# 77 वें गणतंत्र दिवस की धूम, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने गांधी समाधि पर फहराया तिरंगा

**संविधान स्वतंत्रता, समता और न्याय का अनमोल उपहार, युवाओं के परिश्रम से सिद्ध होगा 'विकसित भारत' का लक्ष्य: राज्यमंत्री**

**कलेक्ट्रेट में डीएम ने किया ध्वजारोहण, रामपुरी चाकू और 'ओडीओपी' की झांकियों ने बढ़ाई परेड की रौनक**









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** 77 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जनपद रामपुर में राष्ट्रभक्ति का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। मुख्य कार्यक्रम रामपुर शहर स्थित गांधी समाधि स्थल पर आयोजित किया गया, जहां प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। वहीं, कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने ध्वजारोहण कर अधिकारियों को संविधान की रक्षा और नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ दिलाई।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज सुशासन, सुदृढ़ कानून व्यवस्था और सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान की मूल भावना के अनुरूप अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता से पहुंचा रही है। आज प्रदेश में अन्नदाता खुशहाल हैं, महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुले हैं। राज्यमंत्री ने देश की आजादी और सीमा की सुरक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को याद किया। उन्होंने विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया है और आज हर भारतीय सुरक्षित महसूस कर रहा है। युवा शक्ति को राष्ट्र की रीढ़ बताते हुए उन्होंने अपील की कि युवा संविधान के आदर्शों को आत्मसात कर नए उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों से राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प दिलाया। उत्सव के दौरान आयोजित क्रॉस कंट्री रेस के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। पुरुष वर्ग में दीपक (प्रथम), नेगपाल (द्वितीय) और राहुल (तृतीय) स्थान पर रहे, वहीं महिला वर्ग में दीपा (प्रथम), छवि (द्वितीय) और गुनगुन (तृतीय) स्थान पर रहीं। डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट परिसर में तिरंगा फहराने के बाद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रगान और संविधान के संकल्प की शपथ दिलाई। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि प्रशासनिक व्यवस्था में प्रत्येक कर्मचारी को अपनी जिम्मेदारी पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निभानी चाहिए ताकि देश और जिले की उन्नति में हर किसी का योगदान सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी की नई पहल पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित रामपुरी चाकू के साथ -साथ विभागीय झाकियां भी प्रदर्शित की गई। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की एक नई और अनूठी पहल के तहत, इस वर्ष रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परेड में जिले की पहचान 'रामपुरी चाकू' को विशेष स्थान दिया गया। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान रामपुरी चाकू के साथ-साथ एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) के उत्पादों और विभिन्न सरकारी विभागों की भव्य झाकियां प्रदर्शित की गई। इन झांकियों के माध्यम से रामपुर की सांस्कृतिक धरोहर और विकास की झलक पेश की गई, जिसे देखकर जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इस भव्य आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन मोहन लाल सैनी, नगर पालिकाध्यक्ष अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा, एडीएम (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान, नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम सहित भारी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# रामपुर रजा पुस्तकालय में 77 वां गणतंत्र दिवस गरिमामय ढंग से सम्पन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रजा पुस्तकालय परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं देशभक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा राष्ट्र को नमन अर्पित किया गया। ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना में निहित मूल्योंख्रन्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्वख्रके प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर अपने संबोधन में निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं कर्तव्यों का स्मरण कराता है तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत ने स्वयं को संविधान द्वारा शासित एवं संचालित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। संविधान का मूल भाव यह है कि गणराज्य की दृष्टि में नागरिकों के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव स्वीकार्य नहीं है। भाषा, धर्म, जाति, पंथ या भूभाग के आधार पर भेद किए बिना प्रत्येक भारतीय नागरिक को समान अधिकार प्राप्त हैं। डॉ. मिश्र ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त मताधिकार नागरिकों को यह शक्ति देता है कि वे अपने शासकों का चयन करें तथा प्रत्येक पाँच वर्ष में उन्हें बदलने का अधिकार भी रखते हैं। विश्व के अनेक देशों में यह अधिकार अत्यधिक संघर्ष और बलिदान के बाद प्राप्त हुआ, जबकि भारत को यह अधिकार स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ही दूरदर्शी नेतृत्व की लोकतांत्रिक सोच के कारण सहज रूप से प्राप्त हो गया। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान एक सफल और सशक्त संविधान है, जिसने 75 वर्षों से अधिक समय तक देश को लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप संचालित किया है। एशिया और अफ्रीका के अनेक देशों में संवैधानिक व्यवस्था असफल रही, किंतु भारत ने निरंतर शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के उदाहरण प्रस्तुत किए हैं।

उन्होंने कहा कि विश्व के विकसित लोकतंत्रों में भी सत्ता हस्तांतरण के समय हिंसा देखने को मिली है, जबकि भारत में ऐसा कभी नहीं हुआख्रयह भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता का प्रमाण है। डॉ. मिश्र ने भारत को जनतंत्र की जननी बताते हुए कहा कि पंचायत जैसी व्यवस्थाओं के माध्यम से भारत हजारों वर्षों से लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज की जड़ों में लोकतंत्र इतना गहराई से रचा-बसा है कि किसी भी शक्ति ने आज तक संविधान को नष्ट कर अधिनायकवाद स्थापित करने का साहस नहीं किया।

अपने संबोधन के अंत में उन्होंने कहा कि जब संविधान नागरिकों को अपने भविष्य को निर्धारित करने की शक्ति देता है, तो नागरिकों का भी यह कर्तव्य बनता है कि वे राजधर्म का पालन करें अर्थात अधर्म, अन्याय, असत्य और अनाचार का प्रतिकार करें। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संविधान की रक्षा के साथ-साथ राष्ट्रविरोधी एवं विघटनकारी शक्तियों के प्रति सजग रहना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि संवैधानिक मूल्यों के प्रति सजग रहते हुए, राष्ट्रभक्ति और कर्तव्यबोध के साथ हम सब मिलकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुखद, समृद्ध, सुरक्षित और शांतिपूर्ण भारत का निर्माण करें।

# विधायक व पालिका अध्यक्ष ने 77 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया ध्वजारोहण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** विधायक शफीक अहमद अंसारी ने नगर पालिका परिषद में ध्वजारोहण किया इस दौरान उनकी पत्नी पालिका अध्यक्ष रेशमा परवीन भी मौजूद रही।इस दौरान राष्ट्रगान हुआ,शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण किया बाद में विधायक शफीक अहमद अंसारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज ही के दिन संविधान लागू हुआ था ,हमे अपने संविधान की रक्षा करनी चाहिए बाबा भीमराव अंबेडकर जी ने हमारे हित के लिए सविधान की रचना की उन्होंने देश के शहीद हुए लोगो के अमर शहीद हैं,जिन्होंने देश के लिए कुर्बानियां दी है उन्हे हमे कभी नही भूलना चाहिए।उधर तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी अमन दयोल ने तहसील प्रशासन के साथ ध्वजारोहण किया इस राष्टीय गीत गाया गया,स्वार अस्पताल में चिकित्सा प्रभारी ने ध्वजारोहण किया, इस दौरान सभासदों अनीस अहमद, अकील खां, अकील अंसारी, इस्लाम अंसारी, जमील अहमद,बंटी जी,हामिद अल्वी,इरफान अल्वी, विधायक सलाहकार दीपक नागर, नाहिद खां,शफीक बाबू, राशिद अंसारी, शारिक अंसारी व तहसील में तहसीदार कानून गो जहीन आलम खा, रियाज अहमद,अब्दुल सरूर आदि लोग मौजूद रहे ।

## थाने परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर थाना परिसर में गरिमामय वातावरण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।और उपस्थित पुलिसकर्मियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।इस मौके पर थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान के प्रति निष्ठा, कर्तव्य और देश सेवा की भावना को और मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आम जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान गाया गया और सभी ने देश की एकता व अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। थाना परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

# गणतंत्र दिवस पर सांसद ने किया ध्वजारोहण संविधान की महत्ता पर दिया संदेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने अपने कैंप कार्यालय पर प्रातः लगभग 9 बजे ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संविधान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। सांसद नदवी ने कहा कि 26 जनवरी भारत के लिए अत्यंत गौरव और खुशी का दिन है, क्योंकि इसी दिन देश में संविधान लागू हुआ था। उन्होंने बताया कि संविधान निर्माण में लगभग 2 वर्ष 9 माह 18 दिन का समय लगा। संविधान सभा के अध्यक्ष भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं समिति के सदस्यों ने सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए संविधान का निर्माण किया। उन्होंने बाबा साहेब के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि "संविधान केवल कानून का दस्तावेज नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका है।" संविधान ने हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी सीख दी है और सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता व धार्मिक आस्था की आजादी प्रदान की है। सांसद ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ और इस आजादी में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी समुदायों के नेताओं और क्रांतिकारियों ने समान रूप से कुर्बानियां दीं। आजादी के बाद यह सुनिश्चित किया गया कि भारत का संविधान ऐसा हो, जिसमें हर नागरिक को बराबरी का हक और सम्मान मिले। ग्राम अजीमनगर स्थित फ्यूचर डिजाइन एकेडमी में ध्वजारोहण कर सांसद नदवी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि लगन और मेहनत से पढ़ने वाला बच्चा अवश्य सफल होता है और अपने माता-पिता, विद्यालय, जिले व देश का नाम रोशन करता है। इसके पश्चात सांसद नदवी स्वार में आयोजित तहफ्फुज-ए-जम्हूरियत व कौमी यकजहती कॉन्फ्रेंस में पहुंचे, जहां उन्होंने देश की आजादी में अल्लामा इकराम के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश के लिए फांसी का फंदा तक गले से लगा लिया। सांसद ने ग्राम राजानगर में जूनियर हाई स्कूल एवं श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में भी ध्वजारोहण किया। हाल ही में रामपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. तनवीर साहब की माता का निधन हो गया था। सांसद मोहिबुल्लाह नदवी उनके आवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया और मरहूमा की मगफिरत के लिए दुआ की। इस अवसर पर सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा, मौलाना रफी नूरी, एडवोकेट अरशद पाशा, नासिर शेख, जमील सैफी, एडवोकेट जावेद आलम, डॉ. ओवैस खान, इंतजार खान, डॉ. मकतब अहमद, जुबेर अयूब, हाजी राम बहादुर, सागर वदन सिंह यादव, डॉ. मेहंदी हसन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन द्वारा जिला कार्यालय पर झंडारोहण कर राष्ट्रीय पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संगठन के जिला अध्यक्ष सनजोर अली पाशा ने सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मिठाई वितरित कर खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम के दौरान देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को याद करते हुए देशभक्ति गीत गाए गए और तिरंगा लहराते हुए देशप्रेम का संदेश दिया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने "जय जवान, जय किसान" के नारों के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष के साथ नासिर मियां, सुहेल पाशा, जगदीश सागर, प्रधान दर्शन लाल, अखलाक अहमद, हनीफ अहमद, शारिक पाशा, बृजलाल मौर्य, अभिषेक मौर्य, पनवेल श्री लाल मौर्य, फाजिल खान, नजम पाशा, गुड्डू खां, इस्लाम नवी, मोहम्मद जावेद, नावेद खान, अयूब पाशा, डॉ. फुरकान, कामरान खान, जावेद खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# बीपीसीएल की 50वीं वर्षगांठ पर भारत गैस एजेंसी ने चलाया जागरूकता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** शनिवार को बीपीसीएल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर सैफनी भारत गैस एजेंसी द्वारा नगर के भूड़ा मोहल्ला स्थित जूनियर हाईस्कूल परिसर में एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य गैस उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार की योजनाओं, ई-केवाईसी प्रक्रिया तथा एलपीजी गैस के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में एजेंसी कर्मियों ने उपभोक्ताओं को बताया कि सभी गैस कनेक्शन धारकों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है।इससे न केवल उपभोक्ता का रिकॉर्ड सुरक्षित रहता है, बल्कि सब्सिडी समय पर खाते में पहुंचने में भी कोई दिक्कत नहीं आती। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराई है, वे नजदीकी भारत गैस एजेंसी कार्यालय या अधिकृत केंद्र पर जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। गोष्ठी में उज्ज्वला योजना पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। एजेंसी कर्मियों ने बताया कि इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को स्वच्छ ईंधन मिल सके और उन्हें लकड़ी या उपलों के धुएं से होने वाली बीमारियों से राहत मिल सके। सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से जोर देते हुए वक्ताओं ने बताया कि गैस सिलेंडर, रेगुलेटर और पाइप की नियमित जांच बेहद जरूरी है। पाइप में दरार या कट होने पर तुरंत उसे बदलवाना चाहिए। गैस लीकेज की स्थिति में किसी भी प्रकार की आग या इलेक्ट्रिक स्विच का प्रयोग न करें, तुरंत खिड़की-दरवाजे खोलकर हवा का प्रवाह बढ़ाएं और एजेंसी या आपातकालीन नंबर पर संपर्क करें। चूल्हा जलाते समय पहले माचिस या लाइटर जलाने और फिर गैस ऑन करने की सलाह दी गई, ताकि दुर्घटना की संभावना कम हो सके। कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ताओं ने अपनी शंकाएं भी रखीं, जिनका एजेंसी कर्मियों ने मौके पर ही समाधान किया। लोगों को गैस सुरक्षा से जुड़े पंपलेट भी वितरित किए गए। इस अवसर पर एजेंसी स्वामी डॉ. अताउर्रहमान (अलीग), एजेंसी कर्मचारी अजब सिंह, अजयवीर, भूरा, दिलखुश, नितिन सहित काफी संख्या उपभोक्ता मौजूद रहे। अंत में सभी से अपील की गई कि वे गैस का सुरक्षित उपयोग करें, समय-समय पर ई-केवाईसी अपडेट कराएं और सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## बाइक की टक्कर से दूसरे बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** सोमवार की शाम ताजपुर के पास दनियापुर के मोड़ पर एक दर्दनाक हादसे में बाइक सवार की जान चली गई। जानकारी के अनुसार सैफनी के कोठी मोहल्ला निवासी जाकिर हुसैन पुत्र अब्दुल अजीज (उम्र लगभग 50 वर्ष) किसी जरूरी काम से बाइक द्वारा बिलारी मार्ग पर ताजपुर से दनियापुर की ओर जा रहे थे।जैसे ही वह ताजपुर से दनियापुर मार्ग की ओर पहुंचे, तभी पीछे से एक बाइक में उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जाकिर हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार अपनी बाइक मौके पर छोड़ कर भाग गया सूचना पर पहुँची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी परिजन उन्हें इलाज के लिए मुरादाबाद ले गए, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, सूचना अज्ञात बाइक को थाने ले आई पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है और लोगों ने प्रशासन से ताजपुर बॉर्डर के पास वाहनों की तेज रफ्तार पर रोक लगाने तथा सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने की मांग की है।

## धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहा (कम्पोजिट), मिलक में गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास और आनंदमयी वातावरण में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके बाद बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 8 के छात्र मनप्रीत को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी बबिता सिंह के मार्गदर्शन एवं माता-पिता की उपस्थिति में प्रधानाध्यापक होमेन्द्र देव द्वारा मनप्रीत को प्रोत्साहन स्वरूप रेंजर साइकिल भेंट की गई। सम्मान पाकर मनप्रीत के माता-पिता ने विद्यालय परिवार के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों की दादियों के लिए 36 कंबलों का वितरण किया गया। इस सराहनीय पहल के लिए बुजुर्ग माताओं ने विद्यालय के समस्त शिक्षक साथियों को आशीर्वाद दिया तथा बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का संकल्प लिया। खंड शिक्षा अधिकारी मिलक द्वारा स्पेशल एजुकेटर दिनेश वर्णवाल की उपस्थिति में विद्यालय की दिव्यांग छात्रा नैना (कक्षा 1) को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण हेतु एम.आर. किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मानवीय पहल से छात्रा के अभिभावक अत्यंत प्रसन्न नजर आए। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर बच्चों द्वारा गांव में प्रभातफेरी, विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिन्हें समस्त शिक्षकों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम की सभी गतिविधियों में समीना खातून, उर्वशी सिंह, रितु शर्मा, सोनिका त्यागी, अभिनव सक्सेना, विभा सिंघल, शिल्पी गौड़, सुनीता कुमारी, अंजू प्रभाकर गौतम, मुकेश कुमार एवं दिनेश कुमार (स्पेशल एजुकेटर) ने पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ सहभागिता निभाई।

# बदला मौसम का मिजाज, गरज के साथ बारिश



■ बढ़ी ठंड, तीन दिन तक छाएंगे बादल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में मंगलवार को अचानक मौसम ने करवट ली। नोएडा के कई हिस्सों में सुबह से रुक-रुक कर तेज बारिश हो रही है। सुबह करीब साढ़े 9 बजे के बाद करीब 12 बजे तेज बारिश हुई। आसपास के इलाकों में बादल छाए हुए हैं।

रात तक रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। अगले कुछ दिनों तक बादल छाए रह सकते हैं।

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में जहां बर्फबारी हो रही है तो नोएडा में बारिश हो रही है। आईएमडी के मुता. बिक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से हल्की बारिश, गरज और तूफानी हवा चल रही है। 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड तक से हवा चल रही है। आईएमडी के मुताबिक अगले तीन दिनों तक एनसीआर में बादल छाए रहने की संभावना है।

बादल छाए रहने के अलावा सुबह के समय धुंध रहने की संभावना भी जताई गई है। न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है जबकि अधिकतम 20 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। अधिकतम तापमान में काफी गिरावट आने से एक बार फिर लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा।

## इस मौसम में पहली बार ओले गिरे और प्रदूषण का स्तर बढ़ा

**नोएडा।** शहर में मंगलवार को दिनभर रुक-रुक हुई बारिश हुई। कई स्थानों पर ओले भी पड़े। इसके बावजूद नोएडा और ग्रेटर नोएडा में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया। दोनों शहरों का एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया, जबकि सोमवार को यह खराब श्रेणी में था। शहर में सुबह ही हल्की बारिश शुरू हो गई थी। सेक्टर-122, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, सेक्टर-125, 116 समेत कई स्थानों पर शाम को बारिश के साथ ओले पड़े। कई स्थानों पर लोगों ने ओले लेकर वीडियो भी बनाए। नोएडा और ग्रेटर नोएडा का न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान जारी नहीं किया। अगले छह दिनों तक न्यूनतम तापमान 10 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। वहीं, अधिकतम तापमान 20 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। नोएडा का एक्यूआई 331 और ग्रेटर नोएडा का 304 रहा। सोमवार के मुक. ाबले में नोएडा के एक्यूआई में 112 अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं, ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 82 अंक बढ़ा। अगर बारिश नहीं होती तो दोनों शहरों का एक्यूआई 400 के पार जा सकता था। नोएडा में सेक्टर-116 और ग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क फाइव सबसे प्रदूषित स्थान रहे। पांच दिनों के बाद दोनों शहरों का एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में पहुंचा। इससे पहले 22 जनवरी को एक्यूआई 300 के पार दर्ज किया गया था। बुधवार से प्रदूषण कम होने की संभावना है।

# चार लोगों की एक्सीडेंट में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार कार घुस गई। हादसे में कार सवार चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। डीएसपी दीपक मीणा ने बताया कि कार में 5 श्रद्धालु सवार थे। सभी उज्जैन (एमपी) में महाकाल के दर्शन कर नोएडा लौट रहे थे।

मृतकों में नोएडा के रहने वाले राहुल गुप्ता (35), पारस अग्रवाल (35), प्रिंस गुप्ता (23) और विक्रम सिंह (30) शामिल हैं। कार की सबसे पीछे की सीट पर बैठे बृजमोहन गुप्ता को मामूली चोटें आई हैं। घायल ने पुलिस को बताया कि टक्कर के बाद भी ट्रक चालक ने वाहन नहीं रोका और कार को काफी दूरी तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और शवों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।घटना की सूचना मिलते ही पापड़दा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर एक्सप्रेसवे पर यातायात बहाल कराया। कुछ समय के लिए सड़क पर लंबा जाम भी लग गया, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।




**परिजनों की दी गई जानक. ारी:** प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कार सवार सभी लोग उत्तर प्रदेश के नोएडा निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है और उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। वहीं, घायल युवक का अस्पताल में उपचार जारी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# सगाई समारोह में विवाद, वाहनों में तोड़फोड़

■ जेवर में रास्ता रोकने पर झगड़ा, दो आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के कस्बा जेवर स्थित मोहल्ला सल्लियान में सोमवार रात एक सगाई समारोह के दौरान विवाद हो गया। गली में वाहन खड़े करने को लेकर हुए इस झगड़े में कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला सल्लियान निवासी कुंवरपाल पुत्र शेर सिंह के यहां उनके बेटे की सगाई का कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम के चलते गली और सड़क पर बड़ी संख्या में वाहन खड़े कर दिए गए थे, जिससे रास्ता अवरुद्ध हो गया था। इसी दौरान मोहल्ले के ही नितिन उर्फ दरिया पुत्र लोकेश और शिवकुमार उर्फ शिवा ने रास्ता खाली कराने के लिए वाहन हटाने को कहा। आरोप है कि वाहन न हटाने पर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो जल्द ही गाली-गलौज और विवाद में बदल गई। इसके बाद आरो. पियों ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर मौके पर खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ की, जिससे वे क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलने पर थाना जेवर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने नितिन उर्फ दरिया और शिवकुमार उर्फ शिवा सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी नितिन उर्फ दरिया और शिवकुमार उर्फ शिवा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की निष्पक्ष जांच जारी है। इसके बाद आरोपियों ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर मौके पर खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ की, जिससे वे क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलने पर थाना जेवर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने नितिन उर्फ दरिया और शिवकुमार उर्फ शिवा सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी नितिन उर्फ दरिया और शिवकुमार उर्फ शिवा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की निष्पक्ष जांच जारी है।

## मारपीट मामले में आरडब्ल्यूए पदाधिकारी और सुरक्षाकर्मी पर केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-41 स्थित आरडब्ल्यूए कार्यालय के पास नाबा. लिग से मारपीट और इसके बाद विरोध करने पर एक व्यक्ति को बंधक बनाकर पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, उनके बेटे और सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। भारत चंद्र ने पुलिस को शिकायत दी कि वह 24 जनवरी की दोपहर करीब तीन बजे सेक्टर-41 स्थित आरडब्ल्यूए कार्यालय के पास से गुजर रहे थे। वहां तीन लोगों ने करीब आठ वर्षीय बच्चे को पकड़ रखा था। बच्चे के गाल लाल थे और वह रो रहा था। उन्होंने इसका कारण पूछा तो बताया गया कि बच्चे पर चोरी का आरोप है। इसी वजह से उसे पीटा गया और कार्यालय में बंद कर दिया गया। उन्होंने इसका विरोध किया तो आरडब्ल्यूए पदाधिकारी केशव शर्मा नाराज हो गए और उनके साथ मौजूद लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। उनको जबरन पकड़ लिया। कुछ देर बाद केशव शर्मा का बेटा और अन्य आरडब्ल्यूए पदाधिकारी भी वहां पहुंच गए। आरोप है कि केशव शर्मा, उनके बेटे और दो सुरक्षाकर्मियों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। उनको कार्यालय परिसर में जबरन बैठाकर रखा और लगभग एक घंटे तक वहां से जाने नहीं दिया। जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस और उनके परिजनों के पहुंचने के बाद उन्हें छोड़ा गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और सभी आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### युवराज मेहता मौत मामला, तीन बिल्डरों की जमानत पर आज सुनवाई

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में गिरफ्तार तीन बिल्डरों की जमानत पर आज कोर्ट में सुनवाई होगी। कोर्ट दोपहर तीन बजे के बाद बिल्डरों को जमानत देने या उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने पर फैसला सुनाएगा। यह मामला ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में एक इमारत के निर्माण के दौरान हुई दुर्घटना से जुड़ा है, जिसमें सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की दुखद मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद बिल्डरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई थी। कोर्ट के फैसले का सभी को इंतजार है, क्योंकि यह मामले की दिशा तय करेगा।

### आम्रपाली ड्रीम वैली-2 के खरीदारों ने शुरू किया आमरण अनशन

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट के आम्रपाली ड्रीम वैली-2 प्रोजेक्ट के खरीदारों ने मंगलवार से आमरण अनशन शुरू किया है। खरीदार सीपेज, लिफ्ट, फ्लैट हैंडओवर, सड़क आदि जैसी मूलभूत सुविधा नहीं मिलने से परेशान है। उनका आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी एनबीसीसी कोई कदम नहीं उठा रहा है। अब मांग पूरी होने तक अनशन जारी रहेगा। खरीदारों ने बताया कि हर फ्लैट में सीपेज की समस्या है। सीपेज की समस्या का समाधान करने की स्पष्ट तकनीकी योजना होनी चाहिए। उसमें जिम्मेदार का नाम, समय सीमा भी दी जाए। टावरों की लिफ्ट चालू नहीं है। सभी टावरों की लिफ्ट चालू करने और मरम्मत का रोडमैप दिया जाए।अधूरी सुविधाओं के बीच ही फ्लैट पर कब्जा दिया जा रहा है। जबकि सभी सुविधा के साथ लिखित अनुपालन रिपोर्ट दी जाए। प्रोजेक्ट के नक्शे के आधार पर सभी सड़कों का मानकों के तहत निर्माण किया जाए। ई और एफ ब्लॉक में सुविधा और कब्जा देने की स्थिति साफ की जाए। खरीदारों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बाद एनबीसीसी और अन्य जिम्मेदारों की तरफ से केवल आश्वासन मिलता है। परेशान होकर आमरण अनशन शुरू किया है।खरीदार हरीश्याम ठाकुर मांग पूरी होने तक आमरण अनशन पर रहेंगे। जबकि अन्य खरीदार भी उनका साथ दे रहे हैं। प्रोजेक्ट के स्कूल परिसर में आमरण अनशन चल रहा हैं।

### नोएडा-ग्रेनो के बीच वैकल्पिक मार्ग शीघ्र शुरू करने की कवायद

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच एक और वैकल्पिक मार्ग को जल्द शुरू करने की तैयारी है। प्राधिकरण के महाप्र. बंधक एके सिंह ने मंगलवार को नॉलेज पार्क थ्री से नोएडा के सेक्टर 146-147 के बीच हिंडन नदी पर बन रहे पुल और एप्रोच रोड का जायजा लिया और ग्रेटर नोएडा में एप्रोच रोड के कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच आवागमन को और आसान बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थ्री से नोएडा के सेक्टर 146-147 के बीच हिंडन नदी पर पुल का निर्माण तेजी से चल रहा है। इसके दोनों तरफ एप्रोच रोड नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बनवा रहे हैं। ग्रेटर नोएडा की तरफ एप्रोच रोड की लंबाई लगभग एक किलोमीटर है, जिसे बनाने में लगभग 25 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। प्राधिकरण इसे शीघ्र बनाने के लिए प्रयासरत है। सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा की तरफ एप्रोच रोड का निर्माण शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि पुल शुरू होते ही लोग इस वैकल्पिक मार्ग से आवाजाही कर सकें। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्र. बंधक एके सिंह ने मंगलवार को एप्रोच रोड का जायजा लिया और इस कार्य को देख रहे वर्क सर्किल-5 की टीम को समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने बताया कि अब तक 50 फीसदी कार्य हो चुका है। शेष कार्य पूरा होने में छह माह का समय लगेगा। हिंडन पर पुल का निर्माण ब्रिज कार्पोरेशन की निगरानी में चल रहा है। पुल तैयार होने में इतना ही समय लगने की उम्मीद है, तब तक नोएडा की तरफ एप्रोच रोड भी बन जाएगी और इस मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा। इसके बन जाने से नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच सफर करने वालों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा। परी चौक पर वाहनों का दबाव भी कम होगा।

# कैफे संचालक से मारपीट, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेंट्रल नोएडा के इकोटेक 3 थाना क्षेत्र में एक साइबर कैफे संचालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरा. पी की तलाश जारी है।

कैफे संचालक मनीष कुशवाहा ने एक वीडियो वायरल कर बताया कि 22 जनवरी को कुछ लोग उनके कुलेसरा स्थित साइबर कैफे में घुस आए। उन्होंने मनीष के साथ मारपीट की और उसे गाड़ी में बिठाकर ले गए। मनीष का आरोप है कि आरोपियों ने खुद को एसटीएफ का बताकर गोली मारने और जेल भेजने की धमकी दी, साथ ही पांच लाख रुपये की फिरौती भी मांगी। पीड़ित ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर नोएडा पुलिस से मदद की गुहार लगाई थी, जिसका पुलिस ने संज्ञान लिया।

सेंट्रल नोएडा के एडीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विवाद मार्कशीट में सुधार को लेकर हुआ था, जिसमें कुछ गलती हो गई थी। पुलिस ने पीड़ित द्वारा लगाए गए एसटीएफ बताकर फिरौती मांगने जैसे अन्य आरोपों को बेबुनियाद बताया है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें कुछ लोग कैफे के अंदर आकर संचालक को खींचते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## हाइड्रोजन बस संचालन पर सुझाव लिए

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा, यमुना सिटी और आगरा तक हाइड्रोजन बसें चलाने के लिए नियम-शर्तों को लेकर कंपनियों ने अपने सुझाव दिए। उन्होंने राजस्व बंटवारे पर भी राय दी। इन सुझावों को टेंडर में शामिल किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द बस ऑपरेटर का चयन कर संचालन शुरू किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण की एनटीपीसी के साथ मिलकर हाइड्रोजन बसें चलाने की तैयारी है। एनटीपीसी ने बसें मंगा ली हैं। हाइड्रोजन का भी इंतजाम कर लिया है। अब ऑपरेटर की तलाश की जा रही है। इसके लिए यमुना प्राधिकरण ने आरएफपी निकाली। दो दिन पहले इसको लेकर प्रीबिड मीटिंग हुई। इसमें बस का संच. ालन करने वाली कंपनियों से सुझाव मांगे गए। मीटिंग में तीन कंपनियों ने सुझाव दिए। कंपनियों ने राजस्व बंटवारे को लेकर आपत्ति जताई।

# यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में बनेगा अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइसेज पार्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और इन्वेस्ट यूपी की पहल पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने मेडिकल डिवाइसेज पार्क के अंतर्गत शुक्रा फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड को 10 एकड़ भूमि का आशय पत्र (लेटर ऑफ इंटेंट) प्रदान किया। इस अवसर पर यीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेंद्र भाटिया सहित शुक्रा फार्मास्यूटिकल्स के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मेडिकल डिवाइसेज पार्क में स्थापित होने वाला यह संयंत्र विश्व की अत्याधुनिक एवं जीवनरक्षक चिकित्सा तकनीकों के निर्माण का केंद्र बनेगा।

यहां बोरोन न्यूट्रॉन कैप्चर थेरेपी जैसी उन्नत तकनीक का उत्पादन किया जाएगा, जिसे जटिल कैंसर रोगों के उपचार में क्रांतिकारी माना जाता है। परियोजना के तहत रेडियोलॉजी एवं इमेजिंग उपकरणोंख्रसीटी स्कैन, एमआरआई, पीईटी स्कैन, एक्स-रे और अल्ट्रासोनोग्राफी मशीनोंख्रका निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही एनेस्थीसिया सिस्टम, आईसीयू एवं ऑपरेशन थियेटर के लिए आवश्यक रेस्पिरेटरी केयर उपकरण भी विक. सित किए जाएंगे।

मेडिकल डिवाइसेज पार्क में हृदय रोगों के उपचार से जुड़े इम्प्लांट्स जैसे हार्ट वाल्व, स्टेंट्स और लेफ्ट वेंट्रिकुलर असिस्ट डिवाइसेज (स्ट।क) का भी निर्माण होगा। वहीं वेंटिलेटर और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर जैसे रेस्पिरेटरी सपोर्ट उत्पादों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस परियोजना का एक प्रमुख आकर्षण मेडिकल रोबोटिक सिस्टम्स का विकास है। इनमें सॉफ्ट टिश्यू सर्जिकल रोबोट, ऑर्थोपेडिक, डेंटल और न्यूरो-स्पाइन रोबोटिक सिस्टम्स शामिल होंगे, जो शल्य चिकित्सा में सटीकता और सुरक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। इसके अतिरिक्त, यहां इन-विट्रो डायग्नोस्टिक उपकरण, पॉइंट-ऑफ-केयर टेस्टिंग डिवाइसेज, उन्नत एनालाइजर्स और मेडिकल सिमुलेटर्स भी तैयार किए जाएंगे।

# सामाजिक भेदभाव की आग में घी डालने का काम करेगा यूजीसी एक्ट 2026 : पंडित रवि शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ब्राह्मण रक्षा दल के अध्यक्ष, नोएडा सेक्टर 22 आरडब्ल्यूए के संरक्षक एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव पंडित रवि शर्मा ने यूजीसी एक्ट 2026 को संविधान विरोधी एवं मूल अधिकारों का हनन करने वाला और समाज को तोड़ने वाला बताते हुए सरकार से इसे वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह तय है कि उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए यूजीसी के नए नियम तनाव बढ़ाने का कारण बनेंगे। जांच समिति का गठन इस आधार पर होना चाहिए कि क्या कोई छात्र किसी दूसरे छात्र को परेशान कर रहा है, ना कि केवल सवर्ण छात्रों की जांच पड़ताल के लिए। प्रताड़ित कोई भी किसी को कर सकता है, चाहे वह पिछड़ा हो या सामान्य। यहां न्याय का तराजू बिल्कुल बराबर रखा जाना चाहिए बस। शैक्षिक संस्थानों को जातिगत विभाजन से मुक्त रखा जाना चाहिए और वहां केवल छात्र की पहचान हो ना कि जाति या वर्ग की। लेकिन यूजीसी की इक्विटी कमेटी एवं इक्वल अपारच्युनिटी सेंटर्स से जुड़े प्रावधान व्यवहार में समता के स्थान पर एक तरफा संरचना का निर्माण कर रहे हैं। जिससे सामान्य वर्ग के छात्रों के साथ संस्थागत असमानता उत्पन्न होने की आशंका है। उन्होंने मांग की है कि इन समितियों में सामान्य वर्ग का अनिवार्य प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए, जिससे निर्णय प्रक्रिया संतुलित, पारदर्शी और निष्पक्ष बन सके। श्री शर्मा ने कहा कि नियम सभी छात्रों पर समान रूप से लागू किए जाए, किसी भी जाति या वर्ग को ना तो विशेष अधिकार मिले और ना ही किसी को पूर्वाग्रह के आधार पर संदेह की दृष्टि से देखा जाए। साथ ही झूठी दुर्भावनापूर्ण एवं प्रेरित शिकायतों पर स्पष्ट एवं कठोर दंडात्मक प्रावधान जोड़े जाएं ताकि शैक्षिक संस्थानों में भय, असुरक्षा अविश्वास का वातावरण न बने। शैक्षणिक संस्थान को राजनीति से दूर रखना चाहिए। देश पहले से ही आरक्षण, धर्म, जाति, भाषा, रंगभेद आदि में बंटा हुआ है। और अब यूजीसी एक्ट 2026 इस भेदभाव की आग में घी डालने का काम करेगी। यदि सरकार ने इस एक्ट में बदलाव नहीं किया तो सवर्ण समाज सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होगा और उसकी जिम्मेदार राज्य सरकार और केंद्र सरकार होंगी।



## विदेश में शिफ्ट होंगे युवराज के पिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में हुए दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की बहन और जीजा यूनाइटेड किंगडम (यूके) में रहते हैं। उन्हें भारत आने का वीजा मिल गया है। दोनों के इस सप्ताह भारत पहुंचने की संभावना है। हादसे के बाद से ही युवराज की बहन भारत आकर अपने भाई को अंतिम विदाई देना चाहती थीं, लेकिन वीजा संबंधी औपचारिकताओं के कारण देरी हो रही थी।

परिजनों के अनुसार, हादसे की सूचना मिलते ही युवराज की बहन गहरे सदमे में चली गई थी। लगातार प्रयासों के बाद अब उन्हें और उनके पति को वीजा मिल गया है। परिजन उम्मीद जता रहे हैं कि युवराज की बहन के भारत पहुंचने के बाद वह सभी मिलकर उसकी आत्मा की शांति के लिए विशेष पूजा-अर्चना और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करेंगे। वहीं, युवराज की मौत के बाद से उसके पिता राजकुमार मेहता अकेले पड़ गए हैं। पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। इस कारण कई रिश्तेदारों के अलावा खुद युवराज की बहन ने पिता को यूके बुलाने के लिए कहा है। हालांकि, युवराज के पिता की ओर से इस बारे में अभी कोई फैसला नहीं लिया जा सका है। युवराज के चाचा और अन्य परिजन अभी भारत में रहते हैं।

**एसआईटी की जांच पूरी, कार्रवाई का इंतजार:** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की मौत के मामले में एसआईटी की जांच पूरी हो गई है। टीम शनिवार देर रात मेरठ लौट गई। प्राधिकरण, जिला प्रशासन और पुलिस ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट एसआईटी को सौंप दी। अब कार्रवाई का इंतजार है। उधर, कार्रवाई में हो रही देरी से युवराज के परिजन और शहरवासी नाखुश हैं।

## नोएडा प्राधिकरण में एक हफ्ते बाद कामकाज पटरी पर लौटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एक सप्ताह बाद नोएडा प्राधिकरण में कामकाज सुचारू रूप से शुरू हो गया। सेक्टर-150 में हुई इंजीनियर की मौत के मामले में एसआईटी की जांच के चलते दफ्तर में आम लोगों के प्रवेश पर रोक थी। अधिकारियों के व्यस्त रहने के कारण कामकाज ठप पड़े थे। मंगलवार को दफ्तर खुलने पर काफी संख्या में लोग पहुंचे और अधिकारियों से भेंटकर अपने काम कराए। इंजीनियर की मौत के मामले के बाद शासन ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की थी।

एसआईटी ने एक सप्ताह पहले मंगलवार को प्राधिकरण के दफ्तर में आकर जांच शुरू की। मंगलवार से गुरुवार तक प्राधिकरण दफ्तर में लोगों का प्रवेश दिया गया। इसके बावजूद अधिकारियों के ठीक ढंग से नहीं बैठ पाने के कारण लोगों को परेशानी हुई। शुक्रवार को प्राधिकरण दफ्तर पूरी तरह आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया। शनिवार-रविवार को प्राधिकरण की छुट्टी रहती है। ऐसे में बीते सप्ताह लोगों के प्राधिकरण से जुड़े काम नहीं हो पाए। लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ा। मंगलवार को प्राधिकरण दफ्तर खुलने पर अधिक संख्या में लोग पहुंचे। हालांकि, बारिश की वजह से लोगों को आने में परेशानी हुई। सेक्टर-23 में रहने वाले संजीव खत्री ने बताया कि उन्होंने अपने मकान के नक्शे के लिए आवदेन कर रखा है। पिछले सप्ताह दो बार आया, लेकिन अधिकारियों के न मिलने से काम नहीं हो सका। अब अधिकारियों से मिलकर आया हूं। सेक्टर-72 में रहने वाले हरीश सिंह ने बताया कि तीन चक्कर काटने के बाद आवासीय विभाग से एक फ्लैट की एनओसी आज मिली है।

# खतरनाक स्थानों पर हादसे रोकने के उपाय करें : सांसद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिलाधिकारी के कैंप कार्यालय पर मंगलवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें जिले में सर्वाधिक सड़क हादसे वाले चिह्नित 152 स्थानों की रिपोर्ट रखी गई। सांसद डॉ. महेश शर्मा ने रिपोर्ट पर चिंता जताते हुए अधिकारियों को ब्लैक स्पॉट समाप्त करने के लिए प्रभावी योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी मेधा रूपम ने वर्ष 2021 से 2025 तक जनपद में चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट और वहां किए गए सुधारात्मक कार्यों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जिले में 152 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि इन ब्लैक स्पॉट को समाप्त करने के लिए सभी विभाग आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य करें। ब्लैक स्पॉट को समाप्त करने के लिए आवश्यक सड़क अभियान्त्रिकी उपाय जैसे स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड, दिशा सूचक बोर्ड, ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित किए जाएं।

जिले की ओर से राष्ट्रीय और राज्य सड़क सुरक्षा परिषद को सुझाव भेजने को कहा। राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप सड़क सुरक्षा कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों पर इमरजेंसी लेन के निर्माण, गति सीमा की समय-समय पर समीक्षा और यातायात शांत करने वाले उपायों को सख्ती से लागू करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा प्राधिकरण सतीश पाल, डीसीपी ट्रैफिक मनीषा सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सियाराम वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ उदित नारायण पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग कंचन सहित आदि शामिल रहे।



**प्राधिकरणों से रिपोर्ट तलब:** सांसद डॉ. महेश शर्मा ने बैठक में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण को निर्देश देते हुए ब्लैक स्पॉट सुधार कार्यों में तेजी लाने को कहा। पूर्व में चिन्हित दुर्घटना ब्लैक स्पॉट पर अब तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि प्राधिकरणों की जवाबदेही तय करते हुए सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से तय समय में पूरे कराए जाएं।

**घायलों का कैश लेस इलाज होगा:** बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के लिए पैनल अस्पतालों में घ्1.5 लाख तक की कैशलेस उपचार योजना संचालित है। सांसद ने निर्देश दिए कि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को इसके संबंध में जानकारी दी जाए, ताकि दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित और प्रभावी सहायता मिल सके।।

**स्कूली वाहनों की जांच होगी:** बैठक में स्कूली वाहनों की सुरक्षा पर भी चर्चा की गई। तय किया गया कि सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत सीसीटीवी, जीपीएस, प्रशिक्षित चालक एवं सहायक स्टाफ की उपलब्धता और चालकों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाएगा। नगर और ग्राम पंचायत स्तर पर यातायात पार्क सह प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने तथा आमजन को सड़क सुरक्षा अभियानों से जोड़ने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत ने सैफ फुटसल चैंपियनशिप में पाकिस्तान को हरा सिल्वर पदक जीता

**थाईलैंड, वार्ता।** भारतीय पुरुष फुटसल टीम के लिए यह 77वां गणतंत्र दिवस यादगार रहा, जिसने यहां हुआ माक इंडोर स्टेडियम में सैफ फुटसल चैंपियनशिप 2026 में अपने विरोधी पाकिस्तान को 4-1 से हराकर सिल्वर मेडल पक्का किया। फुटसल टाइगर्स, जो फीफा पुरुष फुटसल रैंकिंग में 133वें स्थान पर हैं, ने छह मैचों में 11 पॉइंट्स के साथ चैंपियनशिप खत्म की, जो मालदीव (109वें स्थान पर) से सात पॉइंट्स पीछे है। 114वें स्थान पर काबिज नेपाल ने भी 11 पॉइंट्स के साथ चैंपियनशिप खत्म की, लेकिन कम गोल डिफरेंस के कारण सिर्फ ब्रॉन्ज मेडल ही जीत पाया। लालसावम्पुइया (25', 40') ने दो गोल किए, जबकि विन्सेंट लाल्टलुआंगजेला (6') और निखिल माली (32') ने भारत के लिए एक-एक गोल किया।

### पाक ने कीवियों को आठ विकेट से पीटा

**हरारे, वार्ता।** अब्दुल सुभान (4 विकेट) और अली रजा (3 विकेट) की घातक गेंदबाजी से पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को अंडर 19 विश्व कप के सुपर सिक्स के ग्रुप दो मुकाबले में मंगलवार को 197 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से पीट दिया। न्यूजीलैंड को 28.3 ओवर में 110 रन पर ढेर करने के बाद पाकिस्तान ने 17.1 ओवर में दो विकेट पर 112 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की। समीर मिन्हास ने नाबाद 59 गेंदों में 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 76 रन की मैच विजई पारी खेली। उस्मान खान ने 24 गेंदों पर 15 रन बनाए। सुपर सिक्स में पाकिस्तान की यह दूसरी जीत है। इससे पहले टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरे पाकिस्तान के लिए अब्दुल सुभान ने 11 रन पर चार विकेट और रजा ने 36 रन पर तीन विकेट लेकर न्यूजीलैंड की पारी को ध्वस्त कर दिया।

# न्यूजीलैंड-भारत का चौथा टी-20 आज

**भारत ने पहले तीन मैच जीतकर पांच मैचों का मुकाबला पहले ही अपने नाम कर लिया**



**विशाखापत्तनम, वार्ता।** इस समय भारतीय टीम में एक खास तरह का आत्मविश्वास है, और जैसे-जैसे न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथा टी-20 इंटरनेशनल मैच पास आ रहा है, यह आत्मविश्वास सीरीज की मुख्य और वायरल कहानी बन गया है। भारत ने पहले तीन गेम जीतकर पांच मैचों का मुकाबला पहले ही अपने नाम कर लिया है, लेकिन नतीजों से ज्यादा, उनके क्रिकेट के तरीके ने सबका ध्यान खींचा है। हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के तहत, यह टीम इतने निडर इरादे से खेली है कि विरोधी टीम गेंद फेंके जाने से पहले ही अपने प्लान पर दोबारा सोचने लगती है। यह साफ सोच, तेज एग्जीक्यूशन और सबसे जरूरी, इस विश्वास के साथ खेला जाने वाला क्रिकेट है कि कोई भी टारगेट बहुत बड़ा नहीं है और कोई भी स्थिति बहुत मुश्किल नहीं है। इस कहानी के केंद्र में अभिषेक शर्मा हैं। युवा ओपनर ने ऐसे बैटिग की जैसे उन्हें एक आसान सा निर्देश दिया गया हो: बॉल देखो, बॉल मारो, और जोर से मारो। नागपुर में 35 गेंदों पर उनके 84 रन और गुवाहाटी में सिर्फ 20 गेंदों पर जबरदस्त 68 रन कोई लाप. रवाही नहीं थी, बल्कि सोचा-समझा अग्रेसन था-ऐसा अग्रेसन जो बॉलिग टीम को पहले तीन ओवर में ही बैकफुट पर ला देता है। पुराने जमाने की भाषा में कहें तो, उन्होंने गेम जल्दी ही छीन लिया, और यह भारत के लिए बहुत कीमती रहा है।

कैप्टन सूर्यकुमार यादव की फॉर्म में वापसी ने कहानी में एक और परत जोड़ दी है। 2025 की शुरुआत में एक खराब दौर के बाद, वह हर तरह से ऐसे बैटर दिखे हैं जो दो ओवर के अंदर मैच बदल सकते हैं। जहां कोई गैप नहीं लगता, वहां गैप ढूंढ़ने की उनकी काबिलियत ने एक बार फिर सभी को याद दिलाया है कि वह भारत के टी-20 प्लान में इतने जरूरी क्यों हैं। रायपुर में ईशान किशन की वापसी वाली पारी, जो आजादी और कॉन्फिडेंस के साथ खेली गई, ने भारत के बैटिग रिजर्व की गहराई को और दिखाया है। भारतीय थिक-टैंक को शायद सबसे ज्यादा खुशी टीम के बैलेंस से हुई है। शिवम दुबे, रिंकू सिंह और हार्दिक पांड्या के साथ मिडिल ऑर्डर ने बिना ज्यादा दिखावे के ठीक-ठाक काम किया है, जबकि बॉलर्स ने एक अच्छी तरह से प्रैक्टिस की हुई यूनिट की तरह काम किया है। जसप्रीत बुम. राह ने कंट्रोल और इंटेलिजेंस के साथ लीड किया है, अर्शदीप सिंह ने लेफ्ट-आर्म वैरायटी दी है, और स्पिनर्स ने इंडियन कंडीशंस का इस्तेमाल मिस्ट्री के बजाय मैच्योरिटी के साथ किया है। न्यूजीलैंड के लिए, कहानी बहुत अलग रही है। वनडे सीरीज में अच्छे प्रदर्शन के बाद, वे टी-20 फॉर्मेट में इंडिया की तेजी का मुकाबला करने के लिए स्ट्रगल कर रहे हैं। ग्लेन फिलिप्स ने कड़ी टक्कर दी है, और कप्तान मिचेल सेंटनर ने लीडरशिप दिखाई है, लेकिन टी-20 क्रिकेट में पैसेंजर्स को जगह नहीं मिलती, और उनके कई मेन प्लेयर्स जरूरी मौकों पर चुप रहे हैं। इस फॉर्मेट में, हिचकिचाहट की अक्सर सजा मिलती है, और इंडिया ने ठीक वैसा ही किया है। जैसे ही सीरीज चौथे टी-20 के लिए डा. वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में आगे बढ़ रही है, यह मैच एक और जीत या हार से कहीं ज्यादा इंपॉर्टेंस रखता है। इंडिया के लिए, यह होम वर्ल्ड कप से पहले एक टेम्पलेट को मजबूत करने के बारे में है, यह दिखाते हुए कि यह एग्रेसिव अप्रोच सिचुएशनल नहीं बल्कि स्ट्रक्चरल है।

न्यूजीलैंड के लिए, यह जवाब खोजने के बारे में है, और जल्दी से। क्रिकेट, हमेशा की तरह, एक बेहतरीन लेवलर बना हुआ है, लेकिन इस समय, इंडिया मॉडर्न टी-20 क्रिकेट की जरूरतों के हिसाब से एक टीम दिख रही है।

# केन रिचर्डसन ने प्रोफेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

- **केन रिचर्डसन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 25 वनडे 36 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले है**

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन ने 34 साल की उम्र में प्रोफेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 25 वनडे और 36 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले और 2021 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। घरेलू स्तर पर नॉर्दर्न टेरिटरी और साउथ ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करते हुए, रिचर्डसन ने 2008-09 सीजन में लिस्ट-ए में डेब्यू किया और उनका इंटरनेशनल डेब्यू 2013 में श्रीलंका के खिलाफ एक वनडे मैच में हुआ। रिचर्डसन का बीबीएल करियर शानदार रहा और वह उन कुछ खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने हर सीजन में खेला है। उन्होंने एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ छह सीजन खेले, जिसके बाद 2017-18 में मेलबर्न रेनेगेड्स में चले गए, और 2025-26 सीजन से पहले सिडनी सिक्सर्स के साथ एक साल का करार करने से पहले आठ सीजन तक उनका प्रतिनिधित्व किया। वह 142 विकेट के साथ इस टूर्नामेंट में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में अपना करियर खत्म करते हैं। रिचर्डसन एक ग्लोबल खिलाड़ी भी थे, जिन्होंने आईपीएल सहित अलग-अलग टूर्नामेंट में फ्रेंचाइजी टीमों का प्रतिनिधित्व किया। रिचर्डसन के एक बयान में कहा गया कि 2009 में डेब्यू करने से लेकर अब तक, मुझे लगता है कि मैंने खुद का हर कतरा निचोड़ लिया है।

# स्कॉटलैंड ने विश्व कप टीम घोषित की

- **स्कॉटलैंड ने लगभग दो दशक पहले 2007 में टूर्नामेंट के पहले संस्करण में भाग लिया था**




**एडिनबर्ग, वार्ता।** नए हेड कोच ओवेन डॉकिन्स की देखरेख में और रिची बेरिगटन की कप्तानी में, स्कॉटलैंड ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में अपनी सातवीं भागीदारी के लिए टीम की घोषणा की है। इस यूरोपीय टीम ने लगभग दो दशक पहले 2007 में टूर्नामेंट के पहले संस्करण में भी भाग लिया था। जैनुल्लाह एहसान को पहली बार टीम में शामिल किया गया है, यह अफग़ान मूल का तेज गेंदबाज हाल ही में स्कॉटलैंड के लिए खेलने के योग्य हुआ है। टीम में पूर्व न्यूजीलैंड अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी टॉम ब्रूस भी शामिल हैं, जो उनकी बल्लेबाजी लाइनअप को मजबूत करेंगे। 34 वर्षीय ब्रूस ने स्कॉटलैंड के लिए खेलने से पहले ब्लैक कैप्स के लिए 17 टी-20 मैच खेले हैं। आईसीसी के अनुसार, क्रिकेट स्कॉटलैंड के हेड ऑफ परफॉर्मेंस स्टीव स्नेल को उम्मीद है कि टीम उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में खेलने की विभिन्न चुनौतियों के लिए तैयार है। बांग्लादेश की जगह विश्व कप में शामिल किया गया स्कॉटलैंड इस कॉम्पिटिशन के ग्रुप सी का हिस्सा है और इंग्लैंड, इटली, नेपाल तथा वेस्टइंडीज का सामना करेगा। उनका पहला मैच 7 फरवरी को ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ होगा।

**स्कॉटलैंड टीम**-रिची बेरिगटन, टॉम ब्रूस, मैथ्यू क्रॉस, ब्रैडली करी, ओलिवर डेविडसन, क्रिस ग्रीव्स, जैनुल्लाह एहसान, माइकल जोन्स, माइकल लीस्क, फिनले मैकक्रीथ, ब्रैंडन मैकमुलेन, जॉर्ज मुन्से, सफ्यान शरीफ, मार्क वाट, ब्रैडली व्हील।

ट्रैवलिग रिजर्व: जैस्पर डेविडसन, जैक जार्विस, नॉन-ट्रैवलिग रिजर्व: मैकेंजी जोन्स, क्रिस मैकब्राइड, चार्ली टियर।

# पाक का टी-20 विश्व कप खेलने को लेकर फैसला 2 फरवरी तक

- **पीसीबी के चेयरमैन ने इस मामले पर अंतिम मुहर लगाने के लिए शुक्रवार या आगामी सोमवार तक का समय दिया**



**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान की टी-20 विश्व कप 2026 में शिरकत को लेकर संशय बरकरार है। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने इस मामले पर अंतिम मुहर लगाने के लिए शुक्रवार या आगामी सोमवार तक का समय दिया है। इस सिलसिले में नकवी ने सोमवार को मुल्क के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। गौरतलब है कि दो दिन पहले ही नकवी ने सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट कर दिया था कि टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का आखिरी अधिकार सरकार के पास है और बोर्ड सरकार के निर्देशों का ही पालन करेगा। नकवी ने ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ एक सकारात्मक बैठक हुई। मैंने उन्हें आईसीसी से जुड़े मामले की जानकारी दी और उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विकल्प खुले रखते हुए इसका समाधान निकाला जाए।

इस पर सहमति बनी कि भागीदारी को लेकर अंतिम फैसला शुक्रवार या अगले सोमवार को लिया जाएगा। यह भी माना जा रहा है कि विश्व कप के पूर्ण बहिष्कार का विकल्प ही एकमात्र रास्ता नहीं है, जिस पर पीसीबी विचार कर रहा है। ऐसी भी अटकलें हैं कि एक सीमित विरोध दर्ज कराने के लिए 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले हाई-वोल्टेज मुकाबले से हाथ पीछे खींचे जा सकते हैं। हालांकि, पीसीबी ने अब तक इस संभावित कदम पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। दिलचस्प बात यह है कि मोहसिन नकवी के बयान के ठीक अगले दिन ही बोर्ड ने टी-20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम की घोषणा कर दी थी। टीम के ऐलान के बावजूद, मुख्य चयनकर्ता आकबि जावेद ने साफ किया कि टूर्नामेंट में पाकिस्तान की हिस्सेदारी और उसके स्वरूप को लेकर अंतिम फैसला सरकार के पाले में ही रहेगा। अगर नकवी के संकेत के मुताबिक पाकिस्तान अगले हफ्ते तक फैसला टालता है, तो यह काफी देर से लिया गया निर्णय होगा। टूर्नामेंट में पाकिस्तान का पहला मैच ही ओपनिग गेम है, जो 7 फरवरी को कोलंबो में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेला जाना है। यह संभावित निर्णय तिथि से सिर्फ चार दिन पहले का मामला होगा। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने इस विषय पर यह जानने के लिए आईसीसी से भी संपर्क किया है कि क्या पीसीबी ने औपचारिक तौर पर उनसे कोई बातचीत की है। पाकिस्तान की विश्व कप भागीदारी पर अनिश्चितता के बादल तब और गहरा गए, जब मोहसिन नकवी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर करने के आईसीसी के फैसले पर तीखी आपत्ति जताई।





# सबालेंका-एलिना सेमीफाइनल में भिड़ेंगी

- **आर्यांना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में इवा जोविक को हराया**
- **एलिना स्वितोलिना ने नंबर 3 सीड कोको गॉफ को 6-1, 6-2 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला 10 सीधे मैचों तक बढ़ाने में सिर्फ 59 मिनट लग**





**मेलबर्न, वार्ता।** दुनिया की नंबर 1 आर्यना सबालेंका ने मंगलवार को मेलबर्न में तेज गर्मी को नजरअंदाज करते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में टीनएजर इवा जोविक को हरा दिया।

सबालेंका ने 2023 और 2024 में मेलबर्न पार्क में जीता अपना टाइटल वापस पाने की तरफ एक और कदम बढ़ाया। टूर्नामेंट के पहले हफ्ते में कुछ पल ऐसे भी थे जब सबालेंका का फॉर्म ठीक नहीं था, लेकिन उन्होंने 18 साल की जोविक पर 89 मिनट में 6-3, 6-0 से जीत हासिल करते हुए तेज और शांत खेल दिखाया। सेमीफाइनल में सबालेंका का एलिना स्वितोलिना से मुकाबला होगा जो पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची हैं। सबालेंका ने जीत के बाद नरमी से कहा कि यह एक मुश्किल मैच था। स्कोर मत देखो, यह बिल्कुल भी आसान नहीं था। मैं जीत से बहुत खुश हूं।

मंगलवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान था और मैच शुरू होने तक यह 35 डिग्री तक पहुंच गया था। रॉड लेवर एरिना में अभी भी छत बंद नहीं हुई थी, सबालेंका की हैवी बॉल स्ट्राइकिग ने जो. विक पर लगातार प्रेशर बनाए रखा। बेलारूसी खिलाड़ी ने 31 विनर्स और सात एसेस के साथ मैच खत्म किया। इस बीच में 12वीं सीड एलिना स्वितोलिना को नंबर 3 सीड कोको गॉफ को 6-1, 6-2 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला 10 सीधे मैचों तक बढ़ाने में सिर्फ 59 मिनट लगे। वह अपने करियर के चौथे ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल और ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहली बार पहुंची हैं। पिछले सितम्बर में, स्वितोलिना ने ठीक होने और रिचार्ज होने की जरूरत बताते हुए 2025 सीजन जल्दी खत्म कर दिया था। 31 साल की खिलाड़ी ने वापसी पर शानदार शुरुआत की है।

उन्होंने साल की शुरुआत में ऑकलैंड में अपना 19वां करियर खिताब जीता, और अब वह अपने करियर की तीसरी सबसे लंबी टूर-लेवल जीत की लय में हैं। (2017 में, उन्होंने लगातार 15 मैच जीते थे, और 2025 में उन्होंने लगातार 11 मैच जीते थे।) दरअसल, स्वितोलिना ने 2026 में अब तक सिर्फ एक सेट हारा है - ऑकलैंड क्वार्टरफाइनल में सोनाय कार्टल से।

स्वितोलिना तीसरे सेट में कार्टल से 5-3 से पीछे थीं, लेकिन 6-4, 6-7(2), 7-6(5) से जीत हासिल की। अब यह पक्का है कि वह अगले सोमवार की रैंकिंग में अक्टूबर 2021 के बाद पहली बार टॉप 10 में लौटेंगी। गॉफ पर स्वितोलिना की जीत उनके करियर की 24वीं टॉप 5 जीत है। इनमें से चार ग्रैंड स्लैम में आई हैं, सभी मैटरनिटी लीव से वापसी के बाद।

उन्होंने गॉफ के साथ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 2-2 से बराबर कर लिया है, जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन में 2-0 शामिल है, जहां उन्होंने 2021 के दूसरे राउंड में अमेरिकी खिलाड़ी को 6-4, 6-3 से हराया था। गॉफ की इस सीरीज में दोनों जीत 2024 में आई, ऑकलैंड फाइनल और यूएस ओपन के तीसरे राउंड में - दोनों बार एक सेट हारने के बाद।

# सेमीफाइनल में भिड़ेंगे अल्काराज-ज्वेरेव

- **अल्काराज ने पिछले साल के रनर-अप अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ सेमीफाइनल मुकाबले की तैयारी की**

**मेलबर्न, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने से सिर्फ दो जीत दूर रह गए, जहां उन्होंने मेलबर्न पार्क में अपने पहले सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका मुकाबला पिछले साल के रनर-अप अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ होगा। वर्ल्ड नंबर 1 ने एलेक्स डी मिनौर के नए तेज अटैकिंग खेल को झेला और आखिरकार उसे बेअसर कर दिया, और 7-5, 6-2, 6-1 से शानदार जीत हासिल की, जो रॉड लेवर एरिना में मौजूद दर्शकों के सामने एक बड़ा बयान था। अपने सातवें मेजर टाइटल और मेलबर्न में पहले का पीछा करते हुए, अल्काराज ने पिछले साल के रनर-अप अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ सेमीफाइनल मुकाबले की तैयारी की। अल्काराज ने कहा कि मैं पहले राउंड से ही हर मैच में जिस लेवल पर खेल रहा हूं, उससे मैं बहुत खुश हूं।मैं हर मैच में अपना लेवल बढ़ा रहा हूं। मैं अपनी टीम से धैर्य रखने के बारे में बात कर रहा था, क्योंकि मैं अभी सब कुछ चाहता हूं। लेकिन उन्होंने मुझसे धैर्य रखने को कहा, कि लेवल अपने आप आ जाएगा। आज मुझे बहुत सहज महसूस हुआ, शानदार टेनिस खेला, जिस पर मुझे बहुत गर्व है। डी मिनौर ने खेल के एलीट खिलाड़ियों, खासकर अल्काराज और जानिक सिनर को परेशान करने के लिए जरूरी ब्लूप्रिंट की एक झलक दिखाई, लेकिन मुकाबले ने आखिरकार उस अंतर को उजागर किया जो अभी भी उच्चतम स्तर पर मौजूद है। अल्काराज ने बेसलाइन से जोरदार शॉट लगाए, और बिना कोई सेट हारे सेमीफाइनल में पहुंचते हुए आत्मविश्वास के साथ खेल को नियंत्रित किया। इस पखवाड़े, 22 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी ओपन एरा में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले छठे व्यक्ति बनने का लक्ष्य बना रहे हैं, और आंद्रे अगासी, रोजर फेडरर, राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच और रॉड लेवर के साथ शामिल होंगे। एलेक्जेंडर बुब्लिक पर चौथे राउंड में जीत के बाद, डी मिनौर ने टॉप खिलाड़ियों के लिए पंचिग बैग बनने से बचने और विरोधियों को उनकी जगह से हटाने की अपनी क्षमता को बेहतर बनाने के अपने दृढ़ संकल्प के बारे में खुलकर बात की। उनकी गति और लगातार बचाव ने उन्हें एटीपी रैंकिंग में करियर के सबसे ऊंचे नंबर 6 पर पहुंचाया है। एक सेट के लिए, डी मिनौर ने उस महत्वाकांक्षा को पूरा किया। क्वार्टर-फाइनल के शुरुआती सेट में पांच बार सर्विस ब्रेक हुए, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने कोर्ट के अंदर आकर और अपनी शर्तों पर खेलकर 0-3 और 3-5 के घाटे से वापसी की। हालांकि, वह प्रतिरोध अस्थाई साबित हुआ। जब डी मिनौर के साथ खेलने के बारे में पूछा गया तो अल्काराज ने कहा कि यह सच में बहुत मुश्किल है। मैंने मैच की शुरुआत बहुत अच्छी की, गेंद को बहुत अच्छी तरह से हिट किया। लेकिन एलेक्स आपको हर समय जल्दबाजी में डाल देता है, इसलिए आप गेंद को जितना हो सके उतनी जोर से मारना चाहते हैं, जो उसके खिलाफ असंभव है। इसलिए 3-0 से 4-3, 4-4 तक, मैं सब कुछ जल्दबाजी में चाहता था, इसलिए मैंने एक पल लिया, मानसिक रूप से ब्रेक लिया। मैं मैच के अंत तक ज्यादा धैर्यवान था। अल्काराज ने निर्णायक रूप से अपनी गति बदली, लगातार गेंद मारकर मुकाबले को खत्म कर दिया और दो घंटे, 15 मिनट में जीत हासिल की। इस जीत ने डी मिनौर पर एटीपी हेड2हेड में उनकी बढ़त को 6-0 कर दिया, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने 2022 में शुरू हुई अपनी प्रतिद्वंद्विता में सिर्फ दो सेट जीते हैं। 2024 और 2025 में मेलबर्न पार्क में क्वार्टर-फाइनल से बाहर होने के बाद, अल्काराज का अब टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 16-4 हो गया है। आखिरी चार में उनका मुक. ाबला ज्वेरेव के साथ 2024 के क्वार्टर-फाइनल का रीमैच होगा, जिसे जर्मन खिलाड़ी ने चार सेट में जीता था। ज्वेरेव मंगलवार को लर्नर टिएन के करियर के सर्वश्रेष्ठ मेजर रन को खत्म करके लगातार तीसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में पहुंच गए। जर्मन खिलाड़ी, जो पिछले साल मेलबर्न में अपने तीसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे थे, ने 6-3, 6-7(5), 6-1, 7-6(3) से जीत हासिल करके अपना पहला मेजर खिताब जीतने की उम्मीद को जिंदा रखा।

# आईसीसी विश्व कप ट्रॉफी केआगमन पर सभी ने कहा 'बेस्ट ऑफ लक'

**पहला टेस्टः को**




**नई दिल्ली, वार्ता।** गंगा इंटरनेशनल स्कूल, हिरन कूदना के लिए आईसीसी वर्ल्ड कप ट्रॉफी टूर का चयन होना विद्यालय के इतिहास में एक अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहा. सिक उपलब्धि रहा। इस अवसर ने न केवल विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाई, बल्कि विद्यार्थियों के मन में खेलों के प्रति उत्साह, आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच को भी सुदृढ़ किया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर उत्सव स्थल में परिवर्तित हो गया। नन्हे विद्यार्थियों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं के छात्रों तक सभी में आईसीसी वर्ल्ड कप ट्रॉफी को देखने का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। 'इंडिया-इंडिया' के गगनभेदी नारों, तिरंगे के साथ ट्रॉफी के भव्य स्वागत ने पूरे वातावरण को देशप्रेम और खेल भावना से ओतप्रोत कर दिया। यह अवसर इसलिए भी विशेष रहा क्योंकि विद्यालय के पूर्व छात्र एवं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर हर्षित राणा की स्वर्णिम क्रिकेट यात्रा की नींव इसी विद्यालय में पड़ी। विद्यालय के कोच श्रवण कुमार के कुशल प्रशिक्षण, अनुशासन और मार्गदर्शन में उनकी प्रतिभा निरंतर निखरती गई। विद्यालय की खेल व्यवस्था और अनुभवी प्रशिक्षकों के सहयोग से हर्षित राणा ने अपने सपनों को आकार दिया और आज वे असंख्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं। हर्षित राणा के सहपाठी केशव त्यागी ने भावुक होकर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि बचपन से ही मैदान में उनकी हर गेंद पर तालियां गूंजती थीं। असफलताओं से सीख लेने और निरंतर अभ्यास करने की उनकी प्रवृत्ति ही उनकी सफलता की कुंजी रही है। वहीं उनके मित्र आर्यन ने उन्हें मेहनती, अनुशासित और सुसंस्कृत खिलाड़ी बताते हुए कहा कि वर्ष 2023 में कम उम्र में भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में चयन उनकी मेहनत और प्रतिभा का प्रमाण है। गौरतलब है कि गंगा इंटरनेशनल स्कूल ने वर्षों में कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तराशा है, जिनमें प्रसिद्ध भारतीय तेज गेंदबाज इशांत शर्मा सहित रणजी स्तर के खिलाड़ी सुमित माथुर, राहुल डागर, मोहित शर्मा एवं सच्चिदानंद पांडे जैसे नाम शामिल हैं। ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के योगदान से जुड़े विद्यालय में वर्ल्ड कप ट्रॉफी का आगमन सभी के लिए सपने के साकार होने जैसा रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए आईसीसी क्रिकेट क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लेकर क्रिकेट के प्रति अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य एवं संगीत के माध्यम से देशप्रेम और खेल भावना की सुंदर प्रस्तुति दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती स्वाति जोशी ने विद्यार्थियों को संबोधित

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 28 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# यूजीसी नियमों पर शोर

जिस तरह यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) के नियमों में बदलाव किया है, उसका विरोध शुरू हो गया है। विरोध बढ़ता देख नई दिल्ली में यूजीसी हैड क्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। उप्र के लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज और सीतापुर में छात्रों, युवाओं, संगठनों ने मंगलवार को जगह-जगह प्रदर्शन किए। रायबरेली में तो भजापा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह और गौरव रक्षा दल के महेंद्र पाण्डेय ने सवर्ण सांसदों को चूड़ियां तक भेज दी। बात यहीं समाप्त नहीं होती बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने तो नए नियमों के विरोध में इस्तीफा तक दे दिया। असल में 13 जनवरी को देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को जड़ से मिटाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक नई नियमावली लागू की है, इन नियमों का उद्देश्य एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के छात्रों और शिक्षकों के लिए परिसर में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। नियमों के मुताबिक इससे जाति आधारित भेदभाव समाप्त होगा। यह अलग बात है कि इन नियमों ने आरक्षण जैसे नए विवाद को जन्म दे दिया है और सवर्ण समाज के विभिन्न संगठनों ने सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हालांकि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यूजीसी के नए नियमों पर हो रहे विवाद पर सरकार की तरफ से सफाई दी है और कहा है कि किसी के साथ भेदभाव या अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। उनके अनुसार इस मामले में जो भी व्यवस्था होगी वह संविधान के दायरे में होगी। उन्होंने यह भी साफ किया कि यूजीसी को लेकर जो व्यवस्था आई है वह सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में है। असल में जो नियमों में बदलाव किया है, उसके अनुसार इसमें जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए समिति, हेल्पलाइन आदि कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। ये टीमें खासतौर पर एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतें देखेंगी। सरकार का मानना है कि यह बदलाव उच्च शिक्षण संस्थानों में निष्पक्षता व जवाबदेही लाने के लिए किया गया है, लेकिन जनरल कैटेगरी के लोग ऐसा नहीं मानते और वह नियमों को जनरल कैटेगरी के खिलाफ एक षड्यंत्र के रूप में देख रहे हैं। उनका कहना है कि सवर्ण छात्र स्वाभाविक अपराधी बनाए गए हैं। ये नियम कॉलेज या यूनिवर्सिटी कैंपस में सवर्णों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा दे सकते हैं। इससे कॉलेजों में अराजकता हो सकती है। जगद्गुरु परमहंस आचार्य भी इस विवाद में शामिल हो गए हैं। उनका कहना है कि नय नियमों की वापसी को लेकर उन्होंने पीएम मोदी को लेटर लिखा है और यदि नियम वापस नहीं लिए जाते, तो उन्होंने इच्छा मृत्यु की मांग की है। निश्चित रूप से यह स्थिति किसी भी सरकार के लिए ठीक नहीं है। इसका विरोध उप्र में अधिक देखने में आ रहा है, जहां अगले वर्ष ही चुनाव होने हैं। ऐसे में योगी सरकार के लिए बड़ी चुनौती है।

## जानबूझकर अपमानित करने का काम



मोदी सरकार जानबूझकर विपक्ष को अपमानित करने का काम करती है और इसी का परिणाम है कि गणतंत्र दिवस परेड के दौरान संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा तथा लोकसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया, सरकार ने संविधान, कांग्रेस, विपक्ष और उनका अपमान किया है, ऐसा क्यों किया गया, इस बात का सरकार से उन्हें जवाब चाहिए, मैं सीनियर मोस्ट लीडर हूं, मेरे और राहुल गांधी के पास कैबिनेट रैंक है, लेकिन हमें गणतंत्र दिवस समारोह में तीसरी लाइन में बैठा दिया गया, जहां स्टेट मिनिस्टर और बच्चे बैठे थे, इतना ही नहीं, हमने अपने सेक्रेटरी को भेजकर जगह तलाश की, उनके जरिये पास का इंतजाम किया, भाजपा की हमेशा किसी न किसी बहाने से कांग्रेस और श्री राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश रहती है, उसके सारे आरोप गलत हैं।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# बुजुर्गों की सेवा में 'समय बैंक'





**विनीत नारायण**

भारत जैसे देश में, जहां बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और पारंपरिक परिवार संरचना कमजोर पड़ रही है, बुजुर्गों की देखभाल एक बड़ी चुनौती बन गई है। सरकारी पेंशन योजनाएं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम तो हैं, लेकिन वे अक्सर अपर्याप्त साबित होते हैं। ऐसे में, स्विट्जरलैंड की 'समय बैंक' अवधारणा एक प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत करती है, जो न केवल बुजुर्गों की देखभाल को सुनिश्चित करती है बल्कि समाज में सहानुभूति और सामुदायिक भावना को भी मजबूत करती है। यह अवधारणा, जो स्विट्जरलैंड के संघीय सामा. जिक सुरक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित की गई है, युवाओं को बुजुर्गों की सेवा करने का अवसर देती है और बदले में उन्हें भविष्य में खुद की देखभाल के लिए 'समय' जमा करने की अनुमति देती है। भारत सरकार को इस मॉडल को अपनाने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि यह हमारी सांस्कृतिक मूल्यों से मेल खाता है और आर्थिक बोझ को कम कर सकता है।

स्विट्जरलैंड में इस कार्यक्रम की शुरुआत बुजुर्गों की बढ़ती आबादी और उनकी देखभाल की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई थी। कार्यक्रम के अनुसार, स्वस्थ और संवाद करने में कुशल व्यक्ति बुजुर्गों की मदद करते हैं, जैसे खरीदारी करना, कमरा साफ करना, सूरज की रोशनी में बाहर ले जाना या बस बातचीत करना। प्रत्येक घंटे की सेवा को सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के व्यक्तिगत 'समय खाते' में जमा किया जाता है। जब व्यक्ति खुद बुजुर्ग हो जाता है या बीमार पड़ता है, तो वह इस जमा समय को निकाल सकता है और अन्य स्वयंसेवक उसकी देखभाल करेंगे। यह प्रणाली न केवल पैसे की बचत करती है बल्कि मानवीय संबंधों को भी मजबूत करती है।

कल्पना कीजिए, एक युवा व्यक्ति जो सप्ताह में दो बार दो घंटे बुजुर्गों की सेवा करता है। एक साल बाद, 'समय बैंक' उसके कुल सेवा समय की गणना करता है और उसे एक 'समय बैंक कार्ड' जारी करता है। इस कार्ड से वह भविष्य में 'समय और समय ब्याज' निकाल सकता है। यानी, जमा समय पर ब्याज भी मिलता है, जो प्रोत्साहन का काम करता है। स्विट्जरलैंड में यह प्रथा अब सामान्य हो गई है और सरकार ने इसे समर्थन देने के लिए कानून भी पारित किया है। यह मॉडल पेंशन व्यय को कम करता है और समाज को अधिक सहयोगी बनाता है।

भारत में इस अवधारणा को लागू करने की संभावनाएं अपार हैं। एक अनुमान के तहत, 2030 तक हमारे देश में बुजुर्गों की आबादी 19 करोड़ से अधिक हो जाएगी और कई परिवारों में बच्चे शहरों में बस जाते हैं, जिससे बुजुर्ग अकेले रह जाते हैं। पारंपरिक रूप से, भारत में बुजुर्गों की देखभाल परिवार की जिम्मेदारी रही है, लेकिन आधुनिकीकरण ने इस संरचना को प्रभावित किया है। 'समय बैंक' जैसा कार्यक्रम युवाओं को प्रोत्साहित कर सकता है कि वे बुजुर्गों की सेवा करें और बदले में उन्हें सुरक्षा का आश्वासन मिले। यह न केवल सरकारी संसाधनों पर दबाव कम करेगा बल्कि बेरोजगार युवाओं को सार्थक कार्य प्रदान करेगा। उदाहरण के लिए, स्विट्जरलैंड की एक कहानी से प्रेरणा लें। वहां एक 67 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका क्रिस्टीना एक 87 वर्षीय बुजुर्ग की देखभाल करती थीं। उन्होंने कहा कि वह पैसे के लिए नहीं, बल्कि 'समय बैंक' में समय जमा करने के लिए ऐसा कर रही थीं। जब वे खुद घायल हुईं, तो 'समय बैंक' ने तुरंत एक नर्सिंग कार्यकर्ता भेजा, जो उनकी देखभाल करने लगा। कुछ दिनों में वे स्वस्थ हो गईं और फिर से सेवा में लग गईं। यह कहानी दर्शाती है कि कैसे यह प्रणाली व्यावहारिक और प्रभावी है। भारत में भी, यदि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ऐसा कार्यक्रम शुरू करें, तो लाखों बुजुर्गों का जीवन बेहतर हो सकता है।

हालांकि, भारत में इसे लागू करने से पहले कुछ चुनौतियों पर विचार करना जरूरी है। सबसे पहले, कार्यक्रम की निगरानी के लिए एक मजबूत डिजिटल प्लेटफार्म की जरूरत होगी, जहां सेवा घंटों को रिकॉर्ड किया जा सके। आधार कार्ड और डिजिटल इंडिया जैसे मौजूदा सिस्टम इसमें मदद कर सकते हैं। दूसरा, स्वयंसेवकों की ट्रेनिंग जरूरी है, ताकि वे बुजुर्गों की भावनात्मक और शारीरिक जरूरतों को समझ सकें। तीसरा, दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त सत्यापन प्रक्रिया होनी चाहिए, जैसे कि समय निकासी के समय पहचान जांच। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की कमी एक समस्या हो सकती है, इसलिए ऑफलाइन मोड भी विकसित किया जाना चाहिए। सरकार को दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों में इसे पायलट प्रोजेक्ट की तरह से शुरुआत करनी चाहिए। यदि सफल रहा, तो इसे राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित किया जा सकता है। यह आयुष्मान भारत या राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के साथ एकीकृत किया जा सकता है। निजी क्षेत्र की भागीदारी भी महत्वपूर्ण होगी। कॉर्पोरेट घराने एनजीओ को अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड्स और स्थानीय समुदायों द्वारा इसे सहयोग करें। इससे न केवल बुजुर्गों की देखभाल सुनिश्चित होगी बल्कि युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना बढ़ेगी। इस अवधारणा के सामाजिक लाभ भी कम नहीं हैं। आज के दौर में, जहां अकेलापन एक महामारी बन गया है, 'समय बैंक' लोगों को जोड़ सकता है। बुजुर्गों से बातचीत करने से युवाओं को जीवन के अनुभव मिलेंगे, और बुजुर्गों को भावनात्मक समर्थन। यह भारतीय मूल्योंकृजैसे 'सेवा परमो धमर्रू' से मेल खाता है। स्विट्जरलैंड में यह प्रणाली पेंशन को पूरक बनाती है, जहां पेंशन इतनी अच्छी है कि भोजन और आवास की चिंता नहीं होती, लेकिन भारत में जहां पेंशन सीमित है, यह एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है। आर्थिक दृष्टि से भी यह फायदेमंद है। भारत में बुजुर्ग देखभाल पर खर्च बढ़ रहा हैनर्सिंग होम और अस्पताल महंगे हैं। 'समय बैंक' से स्वयंसेवी देखभाल बढ़ेगी, जिससे सरकारी व्यय कम होगा। विश्व बैंक की रिपोर्ट्स बताती हैं कि एजिंग पॉपुलेशन विकासशील देशों के लिए चुनौती है, लेकिन ऐसे नवाचारी मॉडल से इसे अवसर में बदला जा सकता है। स्विट्जरलैंड में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक चल रहा है और अब दुनिया के अन्य देशों को इसे अपनाना चाहिए। भारत सरकारकेंद्र और राज्य स्तर परको इस 'समय बैंक' अवधारणा पर विचार करना चाहिए। इसे लागू करने के लिए एक टास्क फोर्स गठित की जाए, जो स्विट्जरलैंड के मॉडल का अध्ययन करे और भारतीय संदर्भ में अनुकूलित करे। यदि हम आज कदम उठाएं, तो कल के बुजुर्ग, जो आज के युवा हैंकृएक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे। यह न केवल एक नीति है, बल्कि मानवता का निवेश है। समय सबसे मूल्यवान मुद्रा है और इसे बैंक में जमा करने का विचार दुनिया को बदल सकता है। आइए, हम इसे अपनाएं और एक बेहतर समाज बनाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पहला परजीवी कीट जो आज तक हमारे साथ है

**खटमल तो हमारा खून तब से चूसते आ रहे हैं जब हमारे पूर्वज बस्तियां बनाकर रहने लगे थे। वैसे कई शोधकर्ताओं का मत है कि खटमल को यह खिताब देने से पहले यह समझना होगा कि कई अन्य जंतुओं को लेकर ऐसे अध्ययन हुए ही नहीं हैं। कुछ खटमल चमगादड़ों से खून ग्रहण करते हैं, जबकि कुछ मनुष्यों से अपना खून चूसते हैं।**



हमें रेल्वे स्टेशनों पर मंडराते चूहे या घर की रसोई में विचरते कॉकरोच तो खूब नजर आते हैं और हम मान लेते हैं कि ये शहरी नाशी-कीटों में सर्वोपरि हैं, लेकिन हाल ही में बायोलॉजी लेटर्स में प्रकाशित एक अध्ययन कहता है कि इन सबसे पहले खटमल ने शहरी बस्तियों को त्रस्त किया था। जी हां, वही खटमल जो ट्रेन की सीटों में, टॉकीजों में और घरों के बिस्तरों में रहता है और खून चूसता है।

खटमलों की कई प्रजातियां हम पर आश्रित हैं और उनका जीवन हमारा खून पीकर ही चलता है, लेकिन जेनेटिक साक्ष्य बताते हैं सुदूर अतीत में खटमलों का पसंदीदा या शायद एकमात्र शिकार चमगादड़ हुआ करते थे। जेनेटिक प्रमाण यह भी बताते हैं कि लगभग 2 लाख 45 हजार वर्ष पूर्व कुछ खटमलों ने छलांग लगाकर मनुष्यों को अपना पोषक बना लिया। कहते हैं कि इस छलांग के चलते खटमलों के दो वंश उभरे थे, एक जो चमगादड़ों का खून चूसते रहे और मुख्य रूप से गुफाओं तथा यूरोप और मध्य पूर्व के प्राकृत वासों में बसे रहे। दूसरे वंश ने आधुनिक बस्तियों में मनुष्य को साथी बनाया। इस प्रक्रिया को समझने के प्रयास में वर्जीनिया पोलीटेक्निक इंस्टिट्यूट के जीव वैज्ञानिक वॉरेन बूथ और उनके साथियों ने चेक गणतंत्र में रहने वाले आम खटमलों की 19 किस्मों (10 चमगादड़ों का खून चूसने वाले और 9 पूर्णतः मनुष्यों पर आश्रित) के संपूर्ण जीनोम्स का विश्लेषण किया। इन दो समूहों के डीएनए में हुए उत्परिवर्तनों की तुलना की और यह मॉडलिंग किया इस तरह के परिणाम आने के लिए प्रत्येक समूह की आबादी कितनी रही होगी। इस आधार पर बूथ समूह ने अनुमान लगाया कि प्रत्येक खटमल किस्म की आबादी में दसियों हजार सालों में कैसे उतार-चढ़ाव आए होंगे। उन्होंने पाया कि चमगादड़-सम्बंधी खटमलों की आबादी 60,000 सालों तक निरंतर घटती गई जबकि मानव सम्बंधी वंशों की आबादी भी 60,000 साल पहले घटी थी, लेकिन 13,000 साल पहले और 7000 साल पहले यह फिर से बढ़ी थी। इस परिवर्तन के कारण के तौर पर बूथ की टीम का मत है कि ठंडी होती जलवायु ने खटमलों की आबादी में शुरुआती गिरावट पैदा की, लेकिन जब मनुष्य घुमंतू जीवन शैली छोड़कर बसने लगे तो खटमलों ने नए आरामदायक जीवन का फायदा उठाया और उनकी आबादी बढ़ी। और 7000 साल पहले तो बड़ी शहरी बस्तियों के विकास ने उन्हें एक और मौका दे दिया। यदि यह कालक्रम सही है, तो खटमल को दुनिया का सबसे पहला शहरी नाशी-कीट होने का खिताब मिलेगा, जो पूरी तरह मनुष्यों पर आश्रित हैं। तुलना के लिए देखें कि कॉकरोच ने हमसे निकट सहवासी सम्बंध मात्र 2000 साल पहले तथा काले चूहे ने मात्र 5000 साल पहले स्थापित किया है।

**-स्रोत फीचर्स**

# सनातन, संत, सत्ता और संग्राम



**तनवीर जाफरी**



गत दिनों मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज में उस समय के एक अजीब स्थिति पैदा हो गई जबकि माघ मेला में मेला प्रशासन व पुलिस द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को संगम में स्नान करने से रोका गया? मेला प्रशासन के अनुसार सुरक्षा कारणों से उनके वाहन (पालकी) को रोका गया और स्नान हेतु पैदल जाने को कहा गया, परन्तु शंकराचार्य जी ने इस प्रशासनिक निर्देश को प्रोटोकॉल का उल्लंघन मानते हुए अस्वीकार कर दिया। घटना के सम्बन्ध में प्राप्त ब्यौरे के अनुसार स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मौनी अमावस्या के दिन अपनी पालकी पर सवार होकर अपने सैकड़ों भक्तों व अनुयायियों के साथ संगम नोज की तरफ बढ़ रहे थे। उसी समय मेला प्राधिकरण की ओर से तैनात पुलिस ने भारी भीड़ बताकर उनकी पालकी को रोक दिया और शंकराचार्य जी से सीमित अनुयायियों के साथ पैदल स्नान स्थल तक पहुंचने व स्नान करने का अनुरोध किया। परन्तु शंकराचार्य ने पूरे सम्मान और प्रोटोकॉल की मांग की, जो अस्वीकार होने पर उन्होंने स्नान नहीं किया और अनशन पर बैठ गए। इस संबंध में मेला व पुलिस प्रशासन का पक्ष है कि शंकराचार्य को स्नान से नहीं, बल्कि वाहन से स्नान लिए जाने से रोका गया था और सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन के लिए यह जरूरी भी था परन्तु शंकराचार्य जी व उनके शिष्यों द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं वे बेहद गंभीर हैं। कहा जा रहा है कि पुलिस द्वारा शंकराचार्य जी महाराज के शिष्यों की चोटी (शिखा) को पकड़कर घसीटा गया,उन्हें बुरी तरह पीटा गया व अपमानित किया गया। इस घटना को केवल एक कृत्य या हिंसा नहीं, बल्कि इसे सुनियोजित सांस्कृतिक अपमान बताया जा रहा है। क्योंकि यह सब उस समय हुआ जब शंकराचार्य, साधु,संत, शिष्य और श्रद्धालु किसी विरोध या प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और ईश्वर आराधना के लिए संगम घाट पर आए थे। लिहाजा क्या वजह है कि सनातन धर्म व संतों की रक्षा व इसके मान सम्मान की दुहाई देने वाली भाजपा सरकार के शासन काल में शंकराचार्य स्तर के सम्मानित संतों व उनके गुरुकुल के शिष्यों का धर्म क्षेत्र प्रयागराज में इस तरह अपमान किया गया ?

इस घटना के फौरन बाद जिस तरह 19 जनवरी को प्रशासन ने एक नोटिस चिपका कर 24 घंटे में शंक. राचार्य जी से यह बताने को कहा गया कि अविमुक्तेश्वरानंद जी शंकराचार्य कैसे हैं ? गोया शंक. राचार्य को स्नान से रोके जाने की बात यहां तक जा पहुंची कि अविमुक्तेश्वरानंद जी शंकराचार्य हैं या नहीं? शंकराचार्य कैसे बनते हैं और कौन बना सकता है? क्या सरकार तय करेगी कि कौन शंकराचार्य है और कौन नहीं ? यानी भीड़ को बहाना बनाकर शंकराचार्य की पालकी को रोकना उनके अनुयायियों से मारपीट करना व उन्हें अपमानित करना फिर उसके बाद उनकी शंकराचार्य की पदवी को ही चुनौती देने का अर्थ है कि उन्हें किसी पूर्वाग्रह के चलते ही रोका गया। साथ ही जिसतरह कई संत सरकार की भाषा बोलते व सरकार का पक्ष लेते दिखाई दिए उससे भी साफ हो गया कि उन्हें रोकना व अपमानित करना न केवल सत्ता के अहंकार का एक उदाहरण है बल्कि इसके पीछे शंक. राचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के विरुद्ध सत्ता का पूर्वाग्रह भी नजर आता है। हालांकि देश का अधिकांश संत समाज अविमुक्तेश्वरानंद जी व उनके शिष्यों व अनुयायियों के साथ हुए दुर्व्यवहार व अपमान से आहत नजर आया। इस घटना के बाद जिस तरह देश के कोने कोने से शंकराचार्य के अनुयाई व अनेक संत संगम तट पर इकठ्ठा होने शुरू किया इससे भी सरकार की काफी फजीहत हुई है।

यदि आप शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के विगत कुछ वर्षों की सक्रियता व उनकी कारगुजारियों पर नजर डालें तो हम यह देखेंगे कि वे बे हिचक और बिना लाग लपेट के और बिना सत्ता की परवाह किए अपनी बात कहने वाले संत हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने जनवरी 2024 में अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का विरोध करते हुए कहा था कि उस समय चूंकि मंदिर का शिखर, कलश और ध्वज स्थापित नहीं थे लिहाजा अधूरे मंदिर में प्रतिष्ठा करने से मूर्ति में आसुरी शक्ति प्रवेश कर सकती है, जो शास्त्रों के विरुद्ध है। इसी तरह उन्होंने नवंबर 2025 में भी ध्वजारोहण पर यह कहते हुए सवाल उठाए थे कि शास्त्रों में ध्वजारोहण का उल्लेख नहीं है, बल्कि शिखर प्रतिष्ठा होती है, जो अभी बाकी थी। उन्होंने इस आयोजन को मनमाना और शास्त्र-विरोधी भी बताया था तथा शंकराचार्यों को न बुलाने पर भी नाराजगी जताई थी। शंकराचार्य ने प्रयागराज के महाकुंभ में हुई भगदड़ के लिए भी योगी आदित्यनाथ सरकार की कड़ी आलोचना की थी। उस वक्त उन्होंने कहा था कि सरकारी प्रबंधों के दावों की पोल खुल गई है और राज्य सरकार को खुद ही हट जाना चाहिए। शंकराचार्य ने कहा था कि श्महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का दावा करने वाली सरकार को व्यापक तैयारी करनी चाहिए थी, लेकिन भगदड़ ने सरकार की नाकामी उजागर कर दी। इसी तरह शंक. राचार्य जी ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के विकास कार्यों के नाम पर प्राचीन मंदिरों को तोड़े जाने का कड़ा विरोध किया था। उन्होंने गोविंदेश्वर महादेव मंदिर को तोड़े जाने पर धरना दिया था और प्रशासन पर शिवलिंग गायब करने का आरोप लगाया था । स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी ने इसे हिंदू धार्मिक परंपराओं के खिलाफ बताया था और कहा था कि विकास के नाम पर मंदिर नष्ट नहीं किए जाने चाहिए। उन्होंने स्कंद पुराण में उल्लिखित मंदिरों का हवाला देते हुए विरोध प्रदर्शन किया और धर्म संसद भी बुलाई थी।

इसी तरह स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने केदारनाथ मंदिर से 228 किलोग्राम सोने के गायब होने की मीडिया में प्रसारित खबरों पर प्रतिक्रिया करते हुए इसे सोना घोटाला करार दिया था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
































